3 राजधानी
भाजपा-आप पार्षदों में नोकझोंक

6 अभिमत
सामाजिक असमानताओं का परिणाम

10 राष्ट्रीय
उड़द की थोक कीमतों में नरमी आनी शुरू

12 स्पोर्ट्स
भारत ने जिंबावे को हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 242
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 11 जुलाई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर



सांस्कृतिक राष्ट्रवादी आज भारत में प्रमुख शक्ति
विदेश-11

www.dailypioneer.com

# बिजली बिलों में वृद्धि से दिल्ली वालों पर बढ़ा बोझ



**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**जुलाई माह** में बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) के उपभोक्ताओं ने अतिरिक्त 6.15 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुभव किया, जबकि बीएसईएस बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल), टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपभोक्ताओं ने बिजली दरों में 8.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी। वहीं दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) ने अभी तक बुनियादी बिजली दरों को संशोधित नहीं किया है, जिसकी परंपरागत रूप से वार्षिक समीक्षा होती है। दिल्ली भाजपा नेताओं ने बिजली बिलों में बढ़ोतरी के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार की आलोचना की है। हालांकि, दिल्ली की बिजली मंत्री आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की बढ़ती कीमतों के बारे में झूठी अफवाहें फैलाने के लिए भाजपा की आलोचना की और कहा कि भाजपा शासित राज्य बिजली की सबसे अधिक लागत और लगातार बिजली कटौती से पीड़ित हैं।

दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में सेवाएं देने वाले बीएसईएस, बीआरपीएल उपभोक्ताओं के लिए पीपीएसी 35.83 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसका मतलब 0-200 यूनिट खपत के लिए आधार मूल्य समायोजन 3.00 रुपये से 4.07 रुपये प्रति यूनिट है। इसी तरह, उच्च उपभोग वर्ग के लिए दरें बढ़ी हैं। उदाहरण के लिए, 201-400 यूनिट की खपत करने वाले उपयोगकर्ताओं को अब 6.11 रुपये प्रति यूनिट का भुगतान करना होगा, जबकि 2021-22 टैरिफ ऑर्डर में यह 4.50 रुपये था, और 1200 यूनिट से अधिक की खपत करने वालों को 8 रुपये से बढ़कर 10.87 रुपये प्रति यूनिट का भुगतान करना होगा। पीपीएसी बिजली क्रय समझौता लागत है जो बिजली उत्पादन कंपनियों और बिजली वितरण कंपनियों के बीच होती है।

बीएसईएस बीवाईपीएल, जो पूर्वी और मध्य दिल्ली में सेवाएं दे रहा है, उपभोक्ताओं को 37.75 प्रतिशत के और भी अधिक पीपीएसी का सामना करना पड़ता है। 0-200-यूनिट ब्रैकेट के लिए नई दर 4.12 रुपये प्रति यूनिट है, उच्च खपत ब्रैकेट में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। 201-400 यूनिट के लिए दर अब 6.18 रुपये प्रति यूनिट है, और 1200 यूनिट से अधिक के लिए यह बढ़कर 11.00 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। इसी तरह, टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) ने अपने पीपीएसी में 37.88 प्रतिशत की वृद्धि देखी है, 0-200 इकाइयों के लिए लागत अब 4.14 रुपये प्रति यूनिट है, जो उच्च ब्रैकेट में काफी बढ़ गई है। 201-400 यूनिट के लिए दर 6.20 रुपये प्रति यूनिट और ( शेष पेज 9 )



# मुस्लिम महिला पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार : कोर्ट

**पीटीआई।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बुधवार को फैसला सुनाया कि एक मुस्लिम महिला आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-125 के तहत अपने शौहर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। शीर्ष अदालत ने साथ ही कहा कि सीआरपीसी का यह धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान सभी शादीशुदा महिलाओं पर लागू होता है, फिर चाहे वे किसी भी धर्म से ताल्लुक रखती हों। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को धर्मनिरपेक्ष कानून पर तरजीह नहीं मिलेगी।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, हम इस प्रमुख निष्कर्ष के साथ आपराधिक अपील को खारिज कर रहे हैं कि धारा-125 सभी महिलाओं के संबंध में लागू होगी...। दोनों न्यायाधीशों ने अलग लेकिन समवर्ती आदेश दिए। पीठ ने कहा कि पूर्ववर्ती सीआरपीसी की धारा-125 के दायरे में मुस्लिम महिलाएं भी आती हैं। यह धारा पत्नी के भरण-पोषण के कानूनी अधिकार से संबंधित है। पीठ ने जोर देकर कहा कि भरण-पोषण दान नहीं, बल्कि हर शादीशुदा महिला का अधिकार है और सभी शादीशुदा महिलाएं इसकी हकदार हैं, फिर चाहे वे किसी भी धर्म की हों। उसने कहा, मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को सीआरपीसी की धारा-125 के धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान पर तरजीह नहीं दी जाएगी। शीर्ष अदालत ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने गुजारे भत्ते के संबंध में परिवार अदालत के फैसले में दखल देने का समद का अनुरोध ठुकरा दिया था। समद ने दलील दी थी कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है और अदालत को ( शेष पेज 9 )

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और टैंकर की टक्कर में 18 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** उन्नाव

**उप्र** के उन्नाव जिले में बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मरने वालों में एक ही परिवार के छह सदस्य शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना तड़के करीब पांच बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में जोजीकोट गांव के पास हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार के मोतिहारी से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस की रफ्तार तेज थी और उसने दूध के टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी। जिलाधिकारी ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। अपर पुलिस महानिदेशक एसबी शिरोडकर ने बताया कि दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गई जिनमें 14 पुरुष, तीन महिलाएं और ( शेष पेज 9 )



हादसे में घायल व्यक्ति से उन्नाव के अस्पताल में बातचीत करते पुलिस कर्मी।

# बिहार में पुलों के ढहने का सिलसिला जारी

**अर्चना ज्योति।** पटना/नई दिल्ली

**बिहार में** पुल टूटने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है, ताजा घटना सहरसा जिले के महिषी गांव में घटी है। यह तीन सप्ताह की छोटी अवधि में 13वीं दुर्घटना है, जो नीतीश सरकार द्वारा अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित पुल रखरखाव नीति का अनावरण करने के कुछ दिनों बाद हुई है, जो पिछले एक दशक से लंबित थी। चौंकाने वाली बात यह है कि यह हालिया पुलों का ढहना पिछले दो वर्षों में कुल 19 पुल गिरने से जोड़ता है, जिनमें से 13 केवल पिछले तीन हफ्तों के भीतर सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज सहित विभिन्न जिलों में हुए हैं।

हालाँकि, सौभाग्य से बुधवार को हुए हादसे में किसी के घायल होने या मरने की सूचना नहीं है, लेकिन इस घटना ने सोशल मीडिया पर गंभीर चिंता से लेकर गहरे हास्य तक की प्रतिक्रियाएँ दी हैं, जिनमें से कुछ ने इसे करदाताओं की गाढ़ी कमाई की बर्बादी बताया है। मामले में की जा रही कार्रवाई पर, अतिरिक्त कलेक्टर (सहरसा) ज्योति कुमार ने कहा कि अधिकारी वर्तमान में स्थिति का आकलन कर रहे हैं, यहां तक कि उन्होंने कहा कि ढह गई संरचना एक छोटा पुल या पक्की सड़क हो सकती है। घटना के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए अधिकारियों को लगाया गया है। पिछले हफ्ते ही, बिहार सरकार इन घटनाओं की जांच के बाद 15 इंजीनियरों को निलंबित करके निर्णायक कार्रवाई करने के लिए अपनी नींद से जागी थी। ( शेष पेज 9 )

# वियना बोला वंदे मातरम



वियना में गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तृत बातचीत की। 40 साल बाद ऑस्ट्रिया जाने वाले मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। ऑस्ट्रियाई कलाकारों ने वंदे मातरम की प्रस्तुति देकर मोदी का स्वागत किया। ऑर्केस्ट्रा का नेतृत्व लखनऊ में जन्मे विजय उपाध्याय (57) ने किया। साल 1994 में वह वियना विश्वविद्यालय फिलहार्मनी के निदेशक बने। (विस्तृत समाचार पेज 11)

# बीएमडब्ल्यू मामला: बार में अवैध निर्माण को ढहाया

## ● दुर्घटना में को अंजाम देने से पहले मुख्य आरोपी इसी बार में गया था

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



मुंबई में ग्लोबल तापस बार के अवैध हिस्से को गिराता बुलडोजर

**बृहन्मुंबई** महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर के उस बार में किए गए अनधिकृत निर्माण कार्यों को ढहा दिया, जहां बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी कथित तौर पर दुर्घटना को अंजाम देने से कुछ घंटे पहले गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी। जुहू स्थित वाइस-ग्लोबल तापस बार में यह कार्रवाई की गई। रविवार सुबह दक्षिण-मध्य मुंबई के वर्ली इलाके में बीएमडब्ल्यू कार ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उस पर पीछे बैठी कावेरी नखवा (45) की मौत हो गई, जबकि उनके पति प्रदीप घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार मुख्य आरोपी मिहिर शाह चला रहा था। मिहिर को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था।

कावेरी नखवा को तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार से लगभग 1.5 किलोमीटर तक घसीटा गया और उसके बाद मिहिर ने कार रोकी, अपनी जगह ड्राइवर को बैठाया और दूसरी कार में वहां से भाग गया। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि के-वेस्ट वार्ड कार्यालय की टीम आज सुबह वाइस-ग्लोबल तापस बार पहुंची और उसके अंदर किए गए कुछ बदलाव को हटाना शुरू कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को बीएमसी ने बार का निरीक्षण किया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां कोई अनधिकृत निर्माण या बदलाव तो नहीं किया गया है। निरीक्षण के दौरान बार में विस्तार से माप ली गई। कार्रवाई शुरू करने से पहले बार को नोटिस दिया गया था। इससे पहले राज्य आबकारी विभाग ने बार को सील कर दिया था। मिहिर शाह और उसके दोस्त शनिवार रात को बार में गए थे। इसके कुछ घंटे बाद ही दुर्घटना हुई थी। आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि बार प्रबंधक ने मिहिर को शराब परोसी थी और न्यूनतम 25 साल की उम्र में शराब सेवन की अनुमति के प्रावधान वाले महाराष्ट्र के कानून का उल्लंघन किया था। मिहिर 24 साल का होने वाला है। उन्होंने बताया कि नियमों के उल्लंघन के लिए जिलाधिकारी के आदेश पर बार को सील करने की कार्रवाई की गई।

# 13 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए मतदान संपन्न

**पीएनएस।** नई दिल्ली

**सात राज्यों के** 13 विधानसभा क्षेत्रों में मध्यम से तेज मतदान दर्ज किया गया, जहां उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच बुधवार को उपचुनाव हुए थे। लोकसभा चुनाव के बाद पहली चुनावी कवायद, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर सहित कई दिग्गजों और कुछ नवोदित उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेगी। उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण बनी रिक्तियों के खिलाफ हो रहे हैं। उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल को छोड़कर बाकी राज्यों में अब तक मतदान शांतिपूर्ण रहा। पंजाब में जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र और तमिलनाडु में विक्रवांडी विधानसभा क्षेत्र में वोट पड़े। हिमाचल के तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ, जो 22 मार्च को तीन स्वतंत्र विधायकों के सदन से इस्तीफा देने के बाद खाली हो गए थे। बिहार में भी रूपौली विधानसभा में चुनाव हुआ क्योंकि मौजूदा विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के कारण उपचुनाव जरूरी हो गया था, जिन्होंने पहले कई बार जद (यू) के लिए सीट जीती थी, लेकिन लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी छोड़ दी थी। राजद के टिकट पर चुनाव. संसदीय चुनाव में हार के बावजूद, वह राजद उम्मीदवार के रूप में उपचुनाव में फिर से चुनाव लड़ रही हैं। ( संबंधित समाचार पेज 11 )

# बेटे की चाह में पिता ने जुड़वा नवजात बेटियों को मार डाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में एक पिता बेटे की चाहत में इतना अंधा हो गया कि उसने अपनी नवजात जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी। आरोप है कि उसने बच्चियों के पैदा होने के दो दिन तक दूध की एक बूंद भी नहीं पिलाई जिसके कारण भूखे रहने के मासूमों की मौत हो गई। बाद में बच्चियों के शव को दफना कर फरार हो गए। मायके वालों की सूचना पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नीरज सोलंकी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय स्नातक नीरज ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह बेटा चाहता था लेकिन बेटियां होने से परेशान था।



पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि बच्चियों की मां पूजा ने बताया कि वर्ष 2022 में उसकी शादी पूठकलां निवासी नीरज सोलंकी से हुई थी। पूजा का आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। जब वह गर्भवती हुई तो हरियाणा के रोहतक अपने मायके चली गई थी। वहां उसने निजी अस्पताल में जुड़वा बच्चियों को जन्म दिया। यह बात नीरज को पता लगते ही वह अस्पताल पहुंचा और पूजा को घर पर ले जाने के बहाने दोनों जुड़वा बच्चियों को लेकर वहां से रफूचक्कर हो गया। इसके बाद वह दिल्ली आया और परिवार के लोगों के साथ मिलकर पूठकलां गांव में स्थित श्मशान घाट में बच्ची को दफना दिया। उन्होंने बताया कि 3 जून को सुल्तानुपरी थाने में किसी ने फोन कर बताया कि नीरज ने अपनी 3 दिन की जुड़वा बेटियों को मारकर श्मशान घाट में दफना दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता व उसके परिवार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए श्मशान घाट पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया, जहां मासूमों को दफनाया गया था और शवों को बाहर निकालने के लिए संबंधित सब डिविजनल मजिस्ट्रेट की मंजूरी ली गई। पांच जून को दोनों के शवों को बाहर निकाला गया और मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी स्मारक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रख दिया गया। 6 जून को पोस्टमार्टम किया। इसके बाद दोनों मासूमों के शवों को उनके मामा को सौंप दिया गया। ( शेष पेज 9 )

# बोनस राशि ठुकरा द्रविड़ बने मिसाल

## ● टी20 विश्व कप जीत के बाद अतिरिक्त राशि लेने के बजाय अन्य कोचिंग स्टाफ के समान ढाई करोड़ ही लेने की इच्छा जताई

**पीएनएस/ एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारत के** पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने हाल में टी20 विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा ढाई करोड़ रुपए की अतिरिक्त बोनस राशि की पेशकश ठुकरा दी है। द्रविड़ को राष्ट्रीय टीम की सफलता के बाद बोनस राशि की पेशकश की गई थी लेकिन उन्होंने अन्य कोचिंग स्टाफ के समान ढाई करोड़ रुपए लेने की इच्छा जताई। बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद बीसीसीआई उन्हें खिलाड़ियों के समान पांच करोड़ रुपए देना चाहता था लेकिन पीटीआई को पता चला है कि यह 51 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर अन्य कोचिंग स्टाफ के समान राशि लेकर खुश है। द्रविड़ का भारत के कोच के रूप में कार्यकाल पिछले साल स्वदेश में 50 ओवर के विश्व कप के बाद खत्म हो गया था। हालांकि कप्तान रोहित शर्मा और बीसीसीआई द्रविड़ को टी20 विश्व कप तक पद पर बने रहने के लिए मनाने में सफल रहे क्योंकि उनका मानना था कि नए कोच के पास इस बेहद दबाव वाले काम के लिए काफी कम समय था। द्रविड़ ने भारतीय टीम के साथ अपने कोचिंग कार्यकाल का अंत ( शेष पेज 9 )

# किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेंगे पदक विजेता

## ● योगेश्वर दत्त के साथ कई नामचीन खिलाड़ी गुरुकुल कुरुक्षेत्र में लेंगे प्रशिक्षण, गुजरात के राज्यपाल सिखाएंगे खेती के गुर, खिलाड़ी करेंगे प्रचार

**शिखा शर्मा।** चंडीगढ़

**देश विदेश** में हरियाणा का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी अब राज्य के किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने की मुहिम चलाएंगे। ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता यह खिलाड़ी पहले स्वयं प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और उसके बाद राज्य के किसानों को जागरूक करेंगे। किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के पीछे इन खिलाड़ियों की सोच है कि देश-प्रदेश में कीटनाशकों रहित अन्न पैदा होगा, जो हर किसी को बीमारियों से दूर रखते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार प्रदान करेगा।

गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक आचार्य देवव्रत बृहस्पतिवार को कुरुक्षेत्र स्थित फार्म हाउस में इन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इन खिलाड़ियों



को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए ओलिंपिक पदक विजेता खिलाड़ी पद्मश्री योगेश्वर दत्त ने पहल की है। उन्होंने अपनी इस सोच को राज्यपाल के साथ साझा किया, जिसे परवान चढ़ाने में आचार्य देवव्रत ने जरा भी देरी नहीं लगाई। पूरे देश में आचार्य देवव्रत किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। आचार्य देवव्रत के प्रयासों से केंद्र सरकार की ओर से गुजरात सरकार को प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए करीब एक हजार करोड़ रुपये की ग्रांट मिलने की उम्मीद है। हरियाणा सरकार भी अपने राज्य में प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने में लगी है। उत्तर प्रदेश, हिमाचल और गुजरात सरकारों के प्रतिनिधि गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ नई दिल्ली में हुई मुलाकात के दौरान आचार्य देवव्रत को केंद्र सरकार ने प्राकृतिक खेती को मिशन मोड में चलाने के लिए अधिकृत किया है। अंतरराष्ट्रीय पहलवान योगेश्वर दत्त ( शेष पेज 9 )

# जेवर एयरपोर्ट के पास बना सकेंगे अपने सपनों का घर

## यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने निकाली प्लॉट देने की योजना, आवेदन के समय 10 प्रतिशत देनी होगी राशि

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर एयरपोर्ट के पास बसेरा करने के लिए बड़ी स्कीम आई है। इस स्कीम के द्वारा हर कोई जेवर एयरपोर्ट के पास अपना घर बना सकता है। जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने प्लॉट देने की स्कीम की घोषणा कर दी है। जेवर एयरपोर्ट के पास अपना बंगला बनाने का इससे अच्छा मौका फिर कभी नहीं मिलेगा। जेवर एयरपोर्ट से जल्दी ही हवाई यात्रा शुरू होने वाली है।

आपको बता दें कि जेवर एयरपोर्ट के पास मकान बनाने की ख्वाहिश रखने वालों को यीडा ने एक बार फिर आवासीय प्लॉटों की स्कीम लॉन्च कर घर बनाने का मौका दिया है। जेवर एयरपोर्ट की बगल में स्थित सेक्टर-18 और सेक्टर-20 में 381 प्लॉटों की स्कीम लांच कर दी गई है। इस योजना में फिलहाल 381 प्लॉट्स निकाले गए है। यह संख्या 700 तक बढ़ सकती है, क्योंकि अभी और भी लेफ्ट ओवर प्लॉट्स को खोजा जा रहा है। स्कीम में शामिल किए गए ये प्लॉट्स 120, 162, 200, 300, 500, 1000 और 4000 वर्ग मीटर के हैं। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के इस प्लॉट की स्कीम में आप ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अथॉरिटी की वेबसाइट पर इस स्कीम के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। आप जैसे ही इस वेबसाइट पर जाएंगे, आपको इस स्कीम का लिंक दिख जाएगा। इस पर आप मांगी गई जानकारी भरिए, उचित राशि का पेमेंट करें और आपका आवेदन हो जाएगा। यमुना अथॉरिटी ने अक्टूबर 2023 में लांच गई आवासीय योजना में करीब 450 प्लॉटों की स्कीम निकाली थी। जिसमें सवा लाख से भी ज्यादा लोगों ने आवेदन किया था। इन आवेदकों के बीच ड्रा हुआ था।




अभी तक विभिन्न सेक्टरों में करीब 30 हजार से ज्यादा आवासीय प्लॉटों का आवंटन अथॉरिटी चुकी हैं। जिसमें कि सबसे बड़े आवासीय सेक्टर-18 और सेक्टर-20 हैं। इस बार भी जो 381 प्लॉटों की स्कीम निकाली गई है यह प्लॉट भी सेक्टर-18 और सेक्टर-20 में ही आवंटित होने से बचे हुए थे। इसके अलावा इनमें कुछ प्लॉट सेक्टर-16 और 22 डी सेक्टर के भी शामिल किए गए हैं। जिन्हें अब स्कीम में निकाल दिया गया है। रेसिडेंसियल प्लॉट की इस स्कीम के लए आप 5 अगस्त 2024 को रात 12 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। उसके बाद आगामी 20 अगस्त को इसका ड्रा निकाल दिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि ड्रा अपने निर्धारित समय पर ही होगा। इससे पहले भी यीडा की स्कीमों में ड्रा निर्धारित समय पर हो होता रहा है।

इस बारे में विस्तार से जानकारी के लिए आप अथॉरिटी की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। इस स्कीम में आवेदन के समय प्लॉट की कुल कीमत की 10 फीसदी राशि ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) रखी गई है। यानि आवेदन करते समय आपको प्लॉट की कुल कीमत का 10 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। जिन लोगों का नाम ड्रा में नहीं आएगा एक महीने के अंदर उनका पैसा यमुना अथॉरिटी उनके अकाउंट में वापस कर देगी। जिनके पास अभी पैसे नहीं हैं, पर वे आवेदन करना चाहते हैं, वह बैंक से लोन लेकर भी ईएमडी राशि जमा कर सकते हैं।

खासकर निजी बैंक इस स्कीम में ईएमडी राशि के लिए लोन उपलब्ध करा रहा है। हो सकता है कि कोई अन्य बैंक भी यह सुविधा दे।

# ड्राइवर ने डिवाइडर पर चढ़ाई स्कूल बस, सभी बच्चे सुरक्षित

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, लोगों ने चालक पर कार्रवाई की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में जाम से बचने के लिए ड्राइवर ने स्कूली बच्चों से भरी बस डिवाइडर पर चढ़ा दी। लोगों ने इसका विरोध किया, लेकिन ड्राइवर ने एक नहीं सुनी।

गाजियाबाद के पांडवनगर में न्यू एरा स्कूल है। इसकी एक बस बुधवार सुबह कुछ बच्चों को लेकर जा रही थी। बस में कई बच्चे सवार थे। ये बस जब भाटिया मोड पर पहुंची तो वहां जाम लगा हुआ था। इससे बचने के लिए ड्राइवर ने बस को सड़क के बीचोंबीच चौड़े डिवाइडर पर चढ़ा दिया। वो



डिवाइडर पर बस चढ़ाकर उसे आगे ले जाना चाहता था, ताकि जाम से मुक्ति मिले। डिवाइडर पर पहिया चढ़ते ही बस ने हल्का सा झटका भी लिया। हालांकि गनीमत रही कि बच्चे सुरक्षित रहे। आसपास खड़े कई लोगों ने ड्राइवर का विरोध किया।

उन्होंने उसकी मोबाइल से वीडियो बनानी शुरू कर दी। इसके बावजूद ड्राइवर पर कोई असर नहीं हुआ। बल्कि उसने वीडियो बनाने वाले शख्स का विरोध किया और फिर बस को डिवाइडर से उतारकर भगाकर ले गया। अब सोशल मीडिया में इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग ट्रैफिक पुलिस से इस बस ड्राइवर पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# मंत्री के सामने कार्यकर्ताओं ने रोया दुखड़ा

- असीम अरुण बोले, सरकारी योजनाओं से लोगों को जोड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद। यूपी सरकार में मंत्री असीम अरुण बुधवार को गाजियाबाद दौरे पर पहुंचे। उन्होंने राजनगर एक्सटेंशन के रेड वेलवेट लीफ सभागार में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारयों-कार्यकर्ताओं से बातचीत की। असीम अरुण ने कहा- हमें कई जगह हार मिली है।

हार का स्वाद कड़वा होता है। मगर यह भी सत्य है कि अभी भी केंद्र-राज्य में हमारी सरकार है। अब हम और अधिक सकारात्मक कार्य करने के लिए आगे बढ़ें। अपने माध्यम से कम से कम पांच लोगों को सरकार की योजनाओं से जरूर जोड़ें। आपका यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा। पीएम मोदी का नारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास हमारे लिए ब्रह्म वाक्य के समान है। उन्होंने इस बैठक में कार्यकर्ताओं से लेकर पदाधिकारियों तक सबसे उनके मन की बात जानी। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा अपने मन की बात जुबानी और लिखित में रखी। प्रभारी मंत्री ने इन सभी शिकायतों को इकट्ठा किया और अगली बैठक तक इनका हल निकालने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन, पुलिस, निगम निगम हाउस टैक्स, विद्युत विभाग की शिकायतें मंत्री से की। बैठक में बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा राजा वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, अरविन्द भारतीय, अजय शर्मा, सरदार एसपी सिंह, अशोक मोंगा, विजय मोहन, पृथ्वी सिंह कसाना, पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, हातम सिंह नागर, वीरेश्वर त्यागी, राजेश्वर प्रसाद, राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी, प्रदीप चौहान, रनिता सिंह, संजीव चौधरी, संजय रावत, इंदु जौहरी, संजीव झा, बीएल गौतम, शीतल चौधरी, मधुकर त्यागी, संजय सिंह, विजेंद्र चौहान, अभिनव जैन आदि उपस्थित रहे।

# पिता के डांटने पर ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**नोएडा।** पिता के डांटने पर दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर आमका फाटक के समीप ट्रेन के आगे खुद कर युवक ने आत्महत्या कर ली।

सूचना पाकर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में लगी है। पुलिस ने बताया कि सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के कैलाशपुर गांव निवासी पवन शर्मा 24 परिवार के साथ रहते हैं। दोपहर के समय घर पर पिता ने पवन शर्मा को डांट दिया था। डांटने से नाराज होकर पवन शर्मा ने आमका गांव फाटक के समीप ट्रेन के आगे खुद कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ऑनर किलिंग: प्रेमिका से मिलने आए युवक की हत्या

- मामले में युवती के तीन परिजनों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के पीपलका गांव में एक युवती से मिलने गए दो दोस्तों को लड़की के परिवार के लोगों ने लाठी डंडों से पीटकर बेरहमी से घायल कर दिया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की ग्रेटर नोएडा के जिम्स (राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान) अस्पताल में देर रात को मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले मृतक के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है। जिसके आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अस्तौली गांव निवासी कमल (20) और उसका दोस्त जितेंद्र पीपलका गांव की एक युवती से मंगलवार को मिलने उसके घर के पास गए थे। जिसका पता युवती के परिजनों को लग गई। इस दौरान युवती के पिता ने परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों को पकड़ लिया।


कमल की फाइल फोटो

आरोप है कि बेरहमी से दोनों की लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। इसके बाद परिवार के लोगों को सूचना मिली तो वह घायल अवस्था में अपनी दोनों बेटे पुलिस के साथ जाकर लेकर आए घायल अवस्था में दोनों को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान कमल की देर रात को मौत हो गई। जबकि जितेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि युवती के परिजनों को काफी समय से मामले की जानकारी थी। जिसके चलते वह कमल और जितेंद्र का पीछा भी कर रहे थे।

पुलिस का कहना है कि आरोपी और पीड़ित पक्ष दोनों आपस में रिश्तेदार है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने आरोपी पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में केस दर्ज कराया है। जिसके आधार पर पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को बुधवार की सुबह गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में फरार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। इस बारे में ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि युवती से मिलने गए दो दोस्तों की युवती के परिजनों ने बेरहमी से पीटा है। जिसमें कमल नाम के युवक की मौत हो गई है। इस मामले में परिवार की शिकायत पर आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार


बाढ़ क्षेत्र के लोगों से बातचीत करते अतिरिक्त पुलिस आयुक्त।

### हाईराइज सोसाइटी के बेसमेंट में लगी आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की हाईराइज सोसाइटी के बेसमेंट में स्थित एक कमरे में बुधवार सुबह आग लग गई। इससे पूरी सोसाइटी और बेसमेंट में धुआं भर गया। करीब दो दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि इसमें सिक्योरिटी गार्ड के कपड़े और अन्य सामान जल गया। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया, बुधवार सुबह 8 बजे फायर स्टेशन वैशाली को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि आम्रपाली सोसाइटी सैक्टर-3 वैशाली के बेसमेंट में आग लग गई है। इस सूचना पर तुरंत फायर ऑफिसर सहित दो फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग भवन के बेसमेंट में बने कमरे में लगी थी। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होजलाईन फैलाकर फायर फाइटिंग करनी शुरू की। धुआं अधिक होने के कारण फायर फाइटिंग करने में बहुत परेशानी हो रही थी। तत्काल दो फायर फाइटर्स ने बीए सैट पहनाकर फायर फाइटिंग कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहुल पाल ने बताया कि फायर यूनिट ने आस-पास के घरों/इलाके को सुरक्षित बचा लिया और एक बड़ी घटना होने से बचाया गया। इस आग में रूम में रखे सिक्योरिटी गार्ड के कपड़े आदि सामान जल गया। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है।

### डॉ.पूनम गर्ग बनी महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव

**गाजियाबाद ।** राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत ने मोदीनगर निवासी डॉ.पूनम गर्ग को महिला विंग का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। महासचिव बनाए जाने पर रालोद कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, रणबीर दाहिया, विनोद गौतम, संजीत नेहरा, वीरेन्द्र चौधरी, गौरव पचगांव, विशाल, रचित चौधरी, निशा चौधरी, भावना, रीता चौधरी, मंजू चौधरी, सुमन चौधरी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस मुठभेड़ के बदमाश के पैर में लगी गोली



**नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने बीती रात को एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। इस बदमाश के खिलाफ पूर्व में लूटपाट सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज है। इसके पास से पुलिस ने लूटी हुई चैन को बेचकर इकट्ठी की गई रकम, अवैध हथियार तथा मोटरसाइकिल आदि बरामद किया है। अपर पुलिस उपायुक्त द्वितीय ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस मंगलवार की देर रात को हैबतपुर टी- पॉइंट के पास चैकिंग कर रही थी, तभी बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर बदमाश बाइक मोड़कर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने पीछा करके उन्हें घेर लिया। अपने आप को पुलिस से घिरा हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली नकीब उर्फ असीम निवासी खोड़ा कॉलोनी के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसकी उम्र 21 वर्ष है। उन्होंने बताया कि इसके पास एक देसी तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल तथा लूटी हुई सोने की चेन बेचकर इकट्ठी की गई रकम में से 24 हजार 450 रुपए नगद बरामद हुआ है।

# 12 नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिए

- कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर में कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में भी नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें जेवर क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह, दादरी क्षेत्र के विधायक तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान द्वारा लखनऊ में आयोजित हो रहे नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के उपरांत जनपद के 12 नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक गणों ने नव चयनित लेखपालों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि आप सभी नव चयनित लेखपाल अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन बड़ी ही ईमानदारी के साथ करते हुए समाज के लोगों का कार्य निर्धारित समय अवधि में करने का काम करें।



जिलाधिकारी ने नव चयनित लेखपालों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आप लोगों को कार्य क्षेत्र आवंटित कर दिए गए हैं, आप सभी कार्यभार ग्रहण कर अपने दायित्वों का बहुत ही निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। साथ ही कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में लेखपाल की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया गया है। उन्होंने नव चयनित लेखपालों से अपेक्षा की कि आपको सौंप गए कार्यों में आप खरे उतरेंगे।

# नाले की गंदगी और गाद के चलते कौशांबी बस अड्डे में भर रहा पानी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नाले की सफाई नहीं होने के कारण जरा सी बारिश में ही कौशांबी बस अड्डे में जलभराव हो जाता है। इससे यात्रियों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

वहीं नाला ऊंचाई पर और बस अड्डे की सतह नीचे होने के कारण भी पानी की निकासी में समस्या आती है। कौशांबी बसअड्डे से प्रतिदिन करीब 30-40 हजार से अधिक यात्रियों का आना जाना होता है। बस अड्डे पर जलभराव की बड़ी समस्या है। इससे यात्रियों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। नाले की सफाई नहीं होने से पानी आगे की ओर नहीं जा पाता है। इससे पानी बस अड्डे में वापस आ जाता है। नाले के ऊपर रैंप बने होने के कारण यहां आसपास अतिक्रमण भी हो रखा है। इसीलिए नाले की ठीक तरह से सफाई नहीं हो पाती और यात्री समस्या से जूझते हैं।

रोडवेज के अधिकारी नगर निगम को पत्र लिखकर खानापूर्ति कर देते हैं और नगर निगम अतिक्रमण का हवाला दे देता है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में स्कूटी और बाइक सवार दो लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड पर अलग-अलग दो स्थानों पर दुर्घटनाएं होने से बाइक सवार व स्कूटी सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के दुरयाई गांव निवासी दिनेश कुमार परिवार के साथ रहते हैं। वह मंगलवार की देर शाम को बाइक पर सवार होकर दादरी की तरफ से अपने अपने गांव जा रहा था जब वह जीटी रोड पर एयर फोर्स स्टेशन के सामने पहुंचा तो दूध के टैंकर से बाइक की टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दूध के टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान दिनेश कुमार की मौत हो गई ।

दूसरी घटना धूम मानिकपुर बाईपास पर धूम मानिकपुर गांव की भूमि रेजिडेंस कॉलोनी निवासी जगदीश 55 स्कूटी पर सवार होकर दादरी की तरफ जा रहा था । स्कूटी व कार की टक्कर हो गई । टक्कर होने पर स्कूटी सवार जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया । उपचार के दौरान जगदीश की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस आयुक्त और डीएम ने कांवड़ मार्ग का किया दौरा

- छोलस गांव में मोहर्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बुधवार को जीटी रोड पर आगामी 22 जुलाई से कांवड़ियों की सुविधा को लेकर संयुक्त रूप से दौरा किया।

साथ ही मोहर्रम के त्यौहार को लेकर छौलस गांव में बैठक की । और बैठक में मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने के लिए अपील की गई। बुधवार को दोपहर के समय पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार डीसीपी एडिशनल डीसीपी , उपजिलाधिकारी , सहायक पुलिस आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने जीटी रोड से आवागमन करने वाले भोले के भक्तों कांवड़ियों की सुविधा को लेकर दौरा किया । तथा जीटी रोड पर जगह-जगह बने अवैध कटो को बंद करने के निर्देश दिए । जिससे कांवडियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इसको लेकर जीटी रोड स्थित सैंथली मोड चौकी पर बैठक की। अधिकारियों को निर्देश दिए की आगामी 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्ण तैयारी कर शिव भक्तों को होने वाली परेशानियों से निजात दिलाई जाए। उसके बाद छौलस गांव में पहुंचे। और वहां पर 17 जुलाई को मोहर्रम के त्यौहार को लेकर बैठक की । बैठक में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह व जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि मोहर्रम के त्योहार पर जो झांकी निकाली जाती है। उसकी ऊंचाई कम से कम रखी जाए ।


छौलस गांव में लोगों से बात करते डीएम मनीष और पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

साथ ही डीजे आदि नियंत्रित व व्यवस्थित ढंग से होने चाहिए । जिससे कोई परेशानी ना हो सके । साथ ही अधिक ऊंचाई की झांकी से बिजली के तारों में अन्य तरह से दुर्घटना को लेकर ऐतिहात बरतनी चाहिए । जिससे शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम का त्यौहार मनाया जा सके ।

# शकुंतलम लैंडक्राफ्ट की 1200 बीघा जमीन सील

- देबू मोटर्स की जमीन पर मौजूद 1500 पेड़ों को अवैध रूप से काट दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में शकुंतलम लैंड क्राफ्ट की जमीन पर वन विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। वन विभाग ने शकुंतलम लैंडक्राफ्ट की करीब 1200 बीघा जमीन को सील कर दिया है। देबू मोटर्स की जमीन पर मौजूद 1500 पेड़ों को अवैध रूप से काट दिया गया।

इस मामले में शिकायत मिलने के बाद वन विभाग ने यह कार्रवाई की है। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-2 थाना क्षेत्र में देबू मोटर्स कंपनी की जमीन को सील कर दिया गया।




दरसअल देवू मोटर्स कंपनी काफी समय पहले बंद हो चुकी है उसे दीवालिया घोषित कर दिया गया था।

उसके बाद नीलामी में शकुंतलम लैंड क्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड ने इस कंपनी को खरीद लिया। यह कंपनी करीब 1200 बीघा जमीन पर बनी हुई है। शकुंतलम लैंड क्राफ्ट यहां पर एक औद्योगिक पार्क बनाने जा रहा है और उसी को लेकर यहां पर पेड़ों को काटा जा रहा था।

बताया जा रहा है कि देवू मोटर की जमीन पर इस समय छोटे बड़े करीब एक लाख पेड़ हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि देवू मोटर्स की जमीन पर बिना किसी परमिशन के अवैध रूप से 1000 से 'यादा पेड़ों को काट दिया गया। शिकायत के बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मौका मुआयना करने के बाद पाया कि कंपनी के अंदर काफी पेड़ों को काटा गया है। इसके बाद इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए कंपनी की जमीन को सील कर दिया गया और कंपनी के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया गया। जिला वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विक्रांत तोगड़ के द्वारा शिकायत की गई थी कि देबू मोटर्स में बिना किसी परमिशन के काफी पेड़ों काट दिया गया है। हमारी टीम मौके पर पहुंची और पाया कि काफी पेड़ काटे गए थे। इस मामले में तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज कराया गया और उस जगह को सील कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पार्सल में आपत्तिजनक सामान होने का भय दिखाकर साइबर ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-47 में रहने वाली एक महिला से साइबर अपराधियों ने पार्सल में ड्रग्स और आपत्तिजनक सामान होने का भय दिखाकर 2 लाख 35 हजार 200 रूपए की ठगी कर ली।

थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि सेक्टर 47 के ए- ब्लॉक में रहने वाली श्रीमती रितु शर्मा ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 जुलाई को उनके पास एक अज्ञात मोबाइल फोन नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को फ़ेडेक्स कूरियर कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि आपके नाम से एक पास पार्सल मुंबई से थाईलैंड भेजा गया था, जिसे मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के द्वारा पकड़ा गया है।

उसने महिला से कहा कि आपके पार्सल में पांच ट्रैवलिंग पासपोर्ट, तीन बैंक क्रेडिट कार्ड, 4 किग्रा कपड़े, एक लैपटॉप, 35 हजार रुपए तथा 150 एमडीएम ड्रग्स का कैप्सूल निकला है। जिसे नारकोसिस, कस्टम डिपार्टमेंट ने कब्जे में लिया है। महिला से कथित क्राइम ब्रांच और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने बात की तथा उन्हें डिजिटल अरेस्ट करके धमका करके उनसे अपने खाते में 2,35,200 डलवा लिया। बाद में महिला को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ।

उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा भाजपा फैला रही अफवाह : आतिशी

## बोली, डिस्कॉम बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए गर्मियों में 10 फीसदी बढ़ा सकता हैं पीपीएसी

## किया दावा- यह प्रावधान संसद में वर्ष 2003 से अधिनियम पारित होने के बाद से लागू है



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बिजली की दरों को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी आमने-सामने हैं। विपक्ष का आरोप है कि केजरीवाल सरकार ने चुपके से बिजली महंगी कर दी। इस मुद्दे पर पलटवार करते हुए बिजली मंत्री आतिशी ने बढ़ती कीमतों के बारे में झूठी अफवाहें फैलाने के लिए भाजपा की आलोचना की और कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बिजली की दरें सबसे ज्यादा है और लोग वहाँ बिजली कटौती से परेशान हैं जबकि राष्ट्रीय राजधानी में सातों दिन चौबीस घंटे बिजली आती है। आतिशी ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि वर्तमान पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट (पीपीएसी) में कोई बदलाव नहीं होगा। वर्ष 2003 के विद्युत अधिनियम के अनुसार, डिस्कॉम बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए गर्मियों में पीपीएसी को 10 फीसदी तक बढ़ा सकते हैं, ये प्रावधान संसद में वर्ष 2003 से अधिनियम पारित होने के बाद से लागू है।

आतिशी ने कहा कि भाजपा यह अफवाह फैलाकर दिल्ली वालों को गुमराह कर रही है कि पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट (पीपीएसी) के जरिए बिजली की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि, जिस भी राज्य में भाजपा सत्ता में है, वहां सबसे महंगी बिजली हैं, इतना ही नहीं बल्कि महंगे बिजली बिल चुकाने के बाद भी लोगों को भीषण गर्मी में 8-8 घंटे की बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है।

मंत्री ने कहा कि हरियाणा में गुड़गांव, फरीदाबाद, उत्तर प्रदेश के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में इस गर्मी में 8 घंटे की बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार हैं। वहीं दिल्ली में चौबीस घंटे बिजली मुहैया कराई जा रही है। साथ ही लाखों लोगों को मुफ्त बिजली भी मिलती है। आतिशी ने दावा किया कि सातों दिन चौबीस घंटे बिजली प्रदान करने की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गर्मियों के दौरान बिजली एक्सचेंज से बिजली खरीदी जाती है, और इसलिए पीपीएसी गर्मियों में अधिक हो सकता है, खासकर हीटवेव के कारण इसलिए भाजपा से अनुरोध है कि वह झूठ न फैलाएं।

### बिजली कंपनियों संग मिलीभगत : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पावर परचेज एडजस्टमेंट चार्जेज के नाम पर बिजली के बिलों में बेतहाशा बढ़ोतारी को लूट बताया है। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी सरकार की मिलीभगत से बिजली कंपनियों ने जनता पर करोड़ों रुपये का बोझ डाल दिया है। बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी न करने के नाम पर जनता के साथ एक बार फिर धोखा किया गया है।

बिधूड़ी ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में जुलाई महीने से ही लोगों को बिजली के बिल से जोरदार झटका लगा है। वैसे तो आम आदमी पार्टी सरकार दावा करती है कि बिजली के रेट नहीं बढ़ाएं गए लेकिन पीपीएसी यानी पावर परचेस एडजस्टमेंट चार्जेस के नाम पर बिजली की दरों में करीब डेढ़ गुना की बढ़ोतरी कर दी गई है। बिजली के बिल ज्यादा आने पर लोग हैरान हैं और बिजली दफ्तर में चक्कर काट रहे हैं। लोगों से कहा जा रहा है कि अधिक गर्मी के कारण आपने बिजली का अधिक इस्तेमाल किया होगा। किसी को नहीं बताया गया कि पीपीएसी के नाम पर पौने नौ फीसदी और कर्मचारियों की पेंशन के नाम पर साढे पांच फीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है। भाजपा सांसाद ने कहा कि दिल्ली में पावर परचेज कॉस्ट के नाम पर जून 2023 में बिजली के बिलों में 10 फीसदी का इजाफा हुआ। इससे पहले जुलाई 2022 में 6 फीसदी रेट बढ़े थे।

# 'बाढ़ आने पर राहत, बचाव कार्य के लिए तैयार'

## राजस्व मंत्री उच्चाधिकारियों के साथ यमुना बाजार और पुराना पुल इलाकों का किया निरीक्षण



पुराना लोहा पुल के पास यमुना नदी का निरीक्षण करते राजस्व मंत्री आतिशी व अन्य अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल सरकार इस बार राजधानी दिल्ली में बाढ़ को लेकर सर्तक है। जल मंत्री आतिशी ने बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए लोहा पुल पर यमुना नदी और यमुना बाजार के निचले इलाके का दौरा किया।

जल मंत्री आतिशी का कहना है कि यमुना बाजार का इलाका नदी के बाढ़ क्षेत्र में आता है। यहां की ऊंचाई 205 मीटर है। यमुना नदी में जब खतरे के निशान से ऊपर पानी आता है तो यहां बाढ़ के हालात बन जाते हैं। ऐसे में निर्णय लिया गया कि जब यहां 204 मीटर तक पानी आ जाएगा तो मुनादी शुरू हो जाएगी। वहीं, 205 मीटर पानी पहुंचते ही यहां से लोगों को विस्थापित करना शुरू कर दिया जाएगा।

केजरीवाल सरकार दिल्ली में संभावित बाढ़ को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां कर रही है ताकि यदि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न भी हो तब भी लोगों की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बाबत राजस्व मंत्री आतिशी ने बुधवार को यमुना नदी पर स्थिति पुराना लोहा पुल और यमुना बाज़ार इलाक़े में बाढ़ को लेकर संबंधित विभागों की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान राजस्व विभाग और बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राजस्व मंत्री से साझा करते हुए कहा कि, बाढ़ को लेकर विभागों की तैयारियाँ पूरी है। बाढ़ की स्थिति में मोटर बोट, गोताखोर और मेडिकल टीमें किसी भी एक्शन के लिए तैयार रहेंगी। साथ ही बाढ़ की स्थिति में राजस्व विभाग द्वारा राहत शिविर लगाने संबंधित तैयारियाँ भी पूरी है।

इस मौक़े पर राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में पिछले साल यमुना का जलस्तर पिछले 40 सालों में सबसे ऊपर गया था और इस कारण यमुना के निचले इलाक़ों में बाढ़ की समस्या आ गई थी।

### बुधवार को जल स्तर 202.6 मीटर

*आतिशी ने कहा कि मानसून के दौरान तेज बारिश के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में बादल के फटने जैसी स्थिति हो जाती है। इस दौरान कुछ ही समय में इतनी ज्यादा बारिश हो जाती है कि बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में हमने यमुना के ऊपरी हिस्सों में भी पूरी तरह नज़र बनाए रखा है। ताकि दिल्ली सरकार बाढ़ के किसी भी संभावित ख़तरे से निपटने के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि, इस साल दिल्ली सरकार तैनात है, तैयार है। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति में यदि कम समय में भी निचले इलाक़ों से लोगों को निकालना पड़ा तो सरकार उसके लिए भी तैयार है। आतिशी ने कहा कि, पिछली बार यमुना का जलस्तर 208 मीटर से ऊपर गया था। वर्तमान में ये 202.6 मीटर है, जो ख़तरे के निशान से बहुत नीचे है। लेकिन फिर भी दिल्ली सरकार सतर्क और सचेत है। यदि बाढ़ की स्थिति बनती भी है तो हम राहत और बचाव कार्य के लिए पूरी तरह तैयार है। ताकि दिल्लीवालों को कम से कम परेशानी हो।*

इसे देखते हुए इस बार केजरीवाल सरकार ने इस साल काफ़ी पहले से ही बाढ़ को लेकर तैयारियाँ शुरू कर दी है। ताकि यदि बाढ़ आये तो हम उससे निपटने और राहत-बचाव कार्यों के लिए तैयार रहे।

## मेयर संग बैठक में भाजपा-आप पार्षदों में नोकझोंक

नई दिल्ली। मानसून ने दस्तक दे दी है और पिछले दिनों हुई बारिश से कई जगहों पर जलभराव हुआ था। इसी को देखते को हुए मेयर शैली ओबेरॉय ने बुधवार को लाजपत नगर स्थित एमसीडी कार्यालय में जोन के तमाम निगम पार्षदों के साथ बैठक की। इस दौरान भाजपा-आप पार्षदों में जमकर नोकझोंक हुई। मेयर शैली ओबेराय ने इस दौरान दोनों पक्षों से शांत रहने की अपील की लेकिन काफी देर गहमागहमी होने के बाद मेयर ने बैठक स्थगित कर दी। जानकारी के अनुसार, बुधवार को बैठक शुरू होने से पहले ही भाजपा नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। दरअसल, भाजपा निगम पार्षदों ने स्टैंडिंग कमेटी के गठन को लेकर नारेबाजी की, जिसके बाद उनके और आम आदमी पार्टी के पार्षदों के बीच जमकर बहस हुई। महापौर ने पार्षदों से शांत रहने की अपील की लेकिन वे नहीं माने। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा पार्षदों की हरकत शर्मनाक है। भाजपा का बस एक ही नारा है कि किस प्रकार आम आदमी पार्टी को बदनाम किया जाए। पार्षद राजपाल सिंह ने कहा मेयर को लोगों की समस्या से कोई लेना देना नहीं है।

# जीटीबी में डॉक्टरों पर हमले के मामले में मृतक के तीन परिजनों पर केस दर्ज

## गर्भवती महिला की मौत के बाद भीड़ ने की थी मारपीट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद सर्जरी के दौरान महिला की मौत होने के बाद हंगामा करने और चिकित्सकों तथा कर्मचारियों पर हमला करने के आरोप में मृतका के परिवार के सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना मंगलवार को सुबह पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में स्थित गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) में हुई। शिकायत के अनुसार हथियार लिए हुए 50 से 70 लोगों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और चिकित्सकों तथा कर्मचारियों पर हमला किया। बयान में कहा गया कि सोमवार की रात को बच्चे को जन्म देने के बाद अस्पताल में भर्ती महिला की सर्जरी के दौरान मौत हो गई जिससे गुस्साए उसके परिजनों ने चिकित्सकों पर हमला कर दिया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि प्रबंधन की ओर से शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 221 और 132, 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में पुलिस को अस्पताल में हंगामे की सूचना मिली थी।

# केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई 15 को

## उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसके तहत सीएम को मामले में जमानत दी गई थी




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका को 15 जुलाई को सुनवाई को सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने पहले निचली अदालत के 20 जून के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसके तहत केजरीवाल को मामले में जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा, जिन्हें याचिका पर सुनवाई करनी थी, उन्हें ईडी के वकील ने सूचित किया कि जांच एजेंसी को उसकी अर्जी पर केजरीवाल के जवाब की प्रति मंगलवार देर रात 11 बजे ही मिली और ईडी को उसका जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय की जरूरत है। वहीं, केजरीवाल के वकील ने दावा किया कि मामले के जांच अधिकारी (आईओ) को दोपहर एक बजे जवाब की प्रति सौंप दी गई थी।

केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने अदालत के सामने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि सुनवाई के लिए निश्चित समय निर्धारित किया जाना चाहिए, क्योंकि मामले में अत्यधिक तात्कालिकता है।

हालांकि, ईडी की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि जांच एजेंसी को मंगलवार देर रात को ही केजरीवाल के जवाब की प्रति मिली है और उन्हें जवाब पढ़ने तथा जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय की जरूरत है। राजू ने कहा कि दस्तावेज मामले में पैरवी कर रहे वकील को सौंपे जाने चाहिए, न कि जांच अधिकारी को।

ईडी की दलील का विरोध करते हुए केजरीवाल के वकील ने अदालत से बुधवार को ही याचिका पर सुनवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी मामले की सुनवाई को लटकाना चाहती है ताकि मामले में देरी की जा सके।

# सरकारी स्कूलों में नौवीं में 1 लाख और 11वीं में 50 हजार बच्चे हुए फेल

## सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत दायर आवेदन के जवाब में शिक्षा निदेशालय ने जानकारी कराई मुहैया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक लाख से ज्यादा विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में फेल हो गए। इसी प्रकार, आठवीं में 46 हजार और 11वीं में 50 हजार से ज्यादा बच्चे वार्षिक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए। शिक्षा निदेशालय ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के जवाब में यह जानकारी मुहैया कराई है।

1050 सरकारी स्कूल और 37 डॉ. बी आर आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल हैं। सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले 1,01,331 बच्चे फेल हुए जबकि 2022-23 में 88,409, 2021-22 में 28,531 और 2020-21 में 31,540 विद्यार्थी फेल हुए थे। इसी प्रकार, 11वीं कक्षा में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 51,914, 2022-23 में 54,755, 2021-22 में 7,246 और 2020-21 में सिर्फ 2169 बच्चे फेल हुए थे। दिल्ली शिक्षा निदेशालय के मुताबिक, शिक्षा के अधिकार के तहत नो-डिटेंशन पॉलिसी को रद्द किए जाने के बाद शैक्षणिक सत्र 2023-24 में आठवीं कक्षा में 46,622 विद्यार्थी फेल हुए हैं। दिल्ली शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर मीडिया से बातचीत में बताया, दिल्ली सरकार की नई प्रमोशन पॉलिसी के तहत अगर पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में फेल हो जाते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में नहीं भेजा जाएगा बल्कि उन्हें दोबारा परीक्षा के माध्यम से दो महीने के अंदर अपने प्रदर्शन में सुधार करने का एक और मौका मिलेगा।

# ट्रकों निगरानी को टीम तैनात: इमरान हुसैन

## खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने राशन वितरण की पारदर्शिता को लेकर की समीक्षा बैठक



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने बुधवार को दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के जनरल मैनेजर के साथ भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से राशन की दुकानों तक सुचारू और पारदर्शी तरीके से खाद्यान्नों के परिवहन और समय पर वितरण की समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर महीने समय पर एफसीआई के गोदामों से खाद्यान्न उठाने और संबंधित राशन दुकानों तक खाद्यान्न को सुचारू और निर्बाध तरीके से राशन का परिवहन सुनिश्चित करें। उन्होंने डीएससीएसस अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से राशन दुकानों पर राशन ट्रांसपोर्टेशन की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया और राशन की आपूर्ति एवं वितरण के संबंध में नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बरसात के मौसम राशन से भरे ट्रक को वाटर प्रूफ तिरपाल से ढकना आवश्यक है ताकि दुकानों तक वितरण के लिए सूखा राशन उपलब्ध हो सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि दिल्ली में पर्याप्त राशन उपलब्ध है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत उचित मूल्य की दुकानें से सुलभ और पारदर्शी तरीके से सभी राशन लाभार्थियों को मुफ्त राशन वितरित कर रही हैं।

## दुर्लभ प्रजातियों सौ कछुओं के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शाहदरा क्षेत्र में कई लुप्तप्राय प्रजातियों के कछुओं समेत 100 कछुओं की तस्करी करने के आरोप में दिल्ली पुलिस एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

गाजियाबाद निवासी भीम के कब्जे से 50 इंडियन रुफड टर्टल, 45 ब्लैक स्पॉटेड पॉन्ड टर्टल, तीन इंडियन आई टर्टल और दो इंडियन सॉफ्टशेल टर्टल बरामद किए गए हैं।

ब्लैक स्पॉटेड पॉन्ड टर्टल, इंडियन आई टर्टल और इंडियन सॉफ्टशेल टर्टल लुप्तप्राय प्रजातियों में से हैं जो वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम की अनुसूची-द्ध के अंतर्गत आते हैं। पुलिस को सूचना मिली कि इलाके में लुप्तप्राय प्रजाति के कछुओं के साथ एक तस्कर आया है।

# अदालत ने पतंजलि से पूछा, 14 उत्पादों के विज्ञापन हटे या नहीं

## कंपनी से दो सप्ताह के अंदर हलफनामा दायर करने को कहा

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने रामदेव के पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को एक हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें यह बताया जाए कि उन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस लिए गए हैं या नहीं। उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 15 अप्रैल को एक आदेश जारी कर पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख तय की।सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पतंजलि के 16 मई के हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कंपनी ने कहा था कि 15 अप्रैल के निलंबन आदेश के मद्देनजर उक्त 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी गई है। हलफनामे में कहा गया कि कंपनी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया खातों/हैंडल से संबंधित विज्ञापन हटाने के लिए भी कदम उठाए हैं। पीठ ने कंपनी से दो सप्ताह के अंदर हलफनामा दायर करने को कहा।

# आईआरसीटीसी के ऐप व वेबसाइट से खरीद सकेंगे मेट्रो टिकट

## तीन महीने पहले बुक करने की भी मिलेगा सुविधा



आईआरसीटीसी, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र के पदाधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यात्री अब भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट और मोबाइल ऐप से दिल्ली मेट्रो का टिकट बुक कर सकेंगे। इससे रेलवे यात्रियों को मेट्रो में सफर करने में आसानी होगी।

इसके लिए आईआरसीटीसी, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) ने समझौता किया है। अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से भारत सरकार की एक भारत-एक टिकट पहल को बढ़ावा मिलेगा दिल्ली मेट्रो रेल क्यूआर कोड आधारित टिकट का बीटा संस्करण शुरू किया गया है। इससे यात्री आईआरसीटीसी वेबसाइट और मोबाइल ऐप के एंड्राइड संस्करण पर डीएमआरसी क्यूआर कोड टिकट बुक कर सकेंगे।

आईआरसीटीसी के सीएमडी संजय कुमार जैन और डीएमआरसी के एमडी डॉ. विकास कुमार ने कहा, इस संस्करण की सफलता के बाद आईआरसीटीस -डीएमआरसी क्यूआर कोड टिकट का नियमित संस्करण जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस समय दिल्ली मेट्रो की एकल यात्रा टिकट केवल यात्रा के दिन ही बुक की जा सकती हैं।

डीएमआरसी-आईआरसीटीसी क्यूआर कोड-आधारित टिकट की सुविधा शुरू होने पर यात्री आरक्षित रेलवे टिकट की तरह से 120 दिन पहले तक मेट्रो टिकट भी बुक कर सकेंगे। यात्री बुकिंग हिस्ट्री पेज के माध्यम से भी दिल्ली मेट्रो टिकट बुक कर सकते हैं। टिकट रद्दीकरण की सुविधा भी सुनिश्चित होगी। यदि यात्री वेबसाइट व ऐप से टिकट लेगा तो आईआरसीटीसी की इलेक्ट्रॉनिक आरक्षण पर्ची में प्रत्येक यात्री के लिए एक डीएमआरसी क्यूआर कोड मुद्रित मिलेगा। इस कदम से डीएमआरसी स्टेशनों पर रेल यात्रियों का बहुमूल्य समय बचेगा, क्योंकि उन्हें मेट्रो टिकट खरीदने के लिए लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा।

## अवमानना के मामले में कोर्ट में बैठे रहने की सजा

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक शख्स को दिनभर कोर्ट में बैठे रहने की सजा दी। पीठ ने अवमाननाकर्ता प्रदीप अग्रवाल पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अग्रवाल को कथित अवैध निर्माण के मालिक से पैसे मांगने के आरोप में अदालत ने दोषी ठहराया था।

याचिकाकर्ता ने अनधिकृत निर्माण का आरोप लगाते हुए एक याचिका दाखिल की थी, जिसे वापस लेने के लिए वह दूसरे पक्ष से रुपए लेने को तैयार हो गया था और इसलिए उसे अवमानना का दोषी पाया गया।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 62 वर्षीय याचिकाकर्ता ने अपने निजी लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली का फायदा उठाने की कोशिश के रूप में अदालत का रुख किया।

# संक्षिप्त समाचार

## आप विधायक और पूर्व मंत्री ने थामा भाजपा का दामन



आप से आए नेताओं को भाजपा के शामिल कराते प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा।

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करतार सिंह तंवर और पूर्व विधायक राज कुमार आनंद बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। दोनों नेताओं ने दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में विकास कार्य ठप हो गए हैं। तंवर ने कहा कि विकास कार्यों के अभाव और पानी एवं स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं के कारण दिल्ली नरक में तब्दील हो गई है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने वाले आनंद ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर दलितों से जुड़े मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले आनंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री थे। आबकारी मामले में आप संयोजक की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। पटेल नगर सीट से पूर्व विधायक आनंद के साथ उनकी पत्नी वीणा आनंद सहित कुछ अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए।

## अदालत के फैसले का एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख रेखा शर्मा ने मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता मांगने के अधिकार की पुष्टि करने वाले उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह फैसला सभी महिलाओं के लिए लैंगिक समानता एवं न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो।शीर्ष अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया कि एक मुस्लिम महिला दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत अपने पति से गुजारा भत्ता मांग सकती है, जो सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होता है, चाहे उनका धर्म कोई भी हो। रेखा शर्मा ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा, वह उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का तहे दिल से स्वागत करती हैं जिसमें मुस्लिम महिलाओं को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण मांगने के अधिकार की पुष्टि की गई है। रेखा ने कहा, यह फैसला सभी महिलाओं के लिए लैंगिक समानता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, चाहे वे किसी भी धर्म की हों।

# गुरुग्राम में बेहतर यातायात प्रबंधन पर जीएमडीए खर्च करेगा 422 करोड़

## मुख्यमंत्री ने महानगर में विकास कार्यों के लिए 2887 करोड़ के बजट की दी स्वीकृति

- मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में हुई जीएमडीए की 13वीं बैठक

सीसीटीवी की संख्या 4000 बढ़ाकर 14000 की जाएगी, महानगर में चलेंगी 200 नई इलेक्ट्रिक बसें


जीएमडीएम की 13वीं बैठक लेते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की 13वीं बैठक बुधवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2887.32 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान गई।

बैठक में शहर की निगरानी और बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए सीसीटीवी कैमरों की क्षमता बढ़ाने, नए जल उपचार संयंत्रों का निर्माण और मौजूदा की क्षमता बढ़ाने, जल निकासी और सीवर उपचार संयंत्रों के नेटवर्क को मजबूत करने सहित विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत चर्चा हुई।

जीएमडीए प्राधिकरण ने शहर की निगरानी और बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए 422 करोड़ रुपये की अनुमानित लगत से सीसीटीवी परियोजना के चरण-3 के कार्यान्वयन को मंजूरी प्रदान की। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे इनकी संख्या वर्तमान में लगे 4000 सीसीटीवी से बढ़ाकर लगभग 14000 हो जाएगी। बैठक में सेक्टर 45-46-51-52 के जंक्शन पर यातायात भीड़ को कम करने के लिए एक फ्लाईओवर के निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई, जिसके लिए 52 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, सेक्टर 85-86-89-90 के चौराहे पर भीड़भाड़ को कम करने और आवागमन बढ़ाने को 59 करोड़ की लागत से एक और फ्लाईओवर का निर्माण होगा।

### ताऊ देवी लाल स्टेडियम का किया जाएगा उन्नयन

जीएमडीए प्राधिकरण ने 634.30 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गुरुग्राम के ताऊ देवी लाल स्टेडियम के उन्नयन को स्वीकृति प्रदान की। इस नवीनीकरण परियोजना का उद्देश्य एथलीटों के लिए सुविधाओं को बढ़ाना है, जिसमें नए प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण, अत्याधुनिक खेल सुविधाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आधुनिक प्रणालियां और बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाएगा।

### चंदू बुढ़ेड़ा में बनेगा जल उपचार संयंत्र

चंदू बुढ़ेड़ा में 78 करोड़ रुपये की लागत से 100 एमएलडी जल उपचार संयंत्र इकाई संख्या-6 के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण ने 247 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बसई में 100 एमएलडी जल उपचार संयंत्र इकाई संख्या-6 के निर्माण को मंजूरी दी है। धनवापुर के मुख्य पंपिंग स्टेशन को 119 करोड़ की लागत से 650 एमएलडी क्षमता करने को मंजूरी दी गई है।

### 200 इलेक्ट्रिक बसों की होगी खरीद

बैठक में 69.66 करोड़ रुपये की लागत से जीएमडीए क्षेत्र में संचालन के लिए सकल लागत अनुबंध मॉडल के तहत 200 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इस पहल का उद्देश्य गुरुग्रामवासियों को सुरक्षित, विश्वसनीय, स्वच्छ और किफायती सिटी बस सेवाएं प्रदान करना है।

### ड्रेनेज सिस्टम के मिले 215 करोड़

राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के साथ सेक्टर 76-80 में मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम प्रदान करने और बिछाने के लिए, जीएमडीए प्राधिकरण ने इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 215 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा गुरुग्राम के बहरामपुर में 120 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और धनवापुर में 100 एमएलडी एसटीपी के उन्नयन की परियोजना को क्रमश: 50.58 करोड़ रुपये और 75.46 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से स्वीकृति प्रदान की गई है।

### दो एसटीपी के लिए 500 करोड़ मंजूर

बैठक के दौरान, सेक्टर 107 में दो चरणों में 100 एमएलडी के दो एसटीपी के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी गई। बैठक के दौरान जिन अन्य विषयों पर चर्चा की गई उनमें मुख्य रुप से जल निकासी सुधार योजना, कचरा संग्रहण, सिविल अस्पताल का निर्माण, नए बस स्टैंड का निर्माण आदि शामिल रहे।

### जल निकासी सुनिश्चित करें अधिकारी

गुरुग्राम में मानसून के दौरान जल भराव की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी इस विषय में कोई भी कोताही न बरतते हुए सभी साधनों का उपयोग कर जल भराव की समस्या को समय रहते ठीक करना सुनिश्चित करें।

# फरीदाबाद में पेयजल, जल निकासी को 2600 करोड़ मंजूर


मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ली एफएमडीए की बैठक।

- एफएमडीए की बैठक में 2600 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी, राजा नाहर सिंह स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को मिले 292 करोड़ रुपए

ईस्ट फरीदाबाद को वेस्ट फरीदाबाद से जोडऩे के लिए 2 प्रोजेक्ट को मंजूरी, 1530 करोड़ की आएगी लागत

उपायुक्त विक्रम सिंह ने एजेंडा की जानकारी देते हुए कहा औद्योगिक नगरी को विकास होगा तेज

दयाराम वशिष्ठ। फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से एफएमडीए की बैठक लेते हुए एजेंडा पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान बैठक में शामिल उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि एजेंडा में शामिल विकास परियोजनाओं से औद्योगिक नगरी के विकास को नया रूप मिलेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी की पांचवीं बैठक आयोजित की गई, जिसमें फरीदाबाद उपायुक्त व अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में फरीदाबादवासियों को पेयजल और जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगभग 2600 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी प्रदान की गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत 22 रैनीवैल, रिवर्स रोटरी तकनीक से 70 ट्यूबवेल और 8 बूस्टिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके अलावा, अन्य बूस्टिंग स्टेशनों तक भी पानी की आपूर्ति करने के लिए सब्सिडरी बूस्टिंग स्टेशनों के निर्माण के साथ-साथ लगभग 500 किमी पाइपलाइन भी बिछाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से जल आपूर्ति क्षमता 450 एमएलडी तक पहुंच जाएगी। वर्ष 2028-2029 तक परियोजना के पूरा होने के बाद फरीदाबाद में रैनीवेल्स की संख्या 56 हो जाएगी और 220 ट्यूबवेल होंगे।

बैठक में बरसाती पानी की निकासी के लिए सीवरेज की सफाई और पुराने सीवरेज सिस्टम को बदलने के लिए भी प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इस पर लगभग 1289 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस प्रोजेक्ट के तहत मौजूदा सीवरेज प्रणाली का जीर्णोद्धार, नई लाइनों को बिछाना, सीआईपीपी लाइनिंग, मुख्य सीवर लाइनों की सफाई, नए प्रस्तावित पंपिंग स्टेशन इसके अलावा, पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और भूजल स्तर में सुधार करने के लिए यमुना के साथ-साथ वाटर बॉडिज बनाने के प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दी गई। इस पर लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

### स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विकास

फरीदाबाद शहर में राजा नाहर सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के आधुनिकीकरण सहित इसे विश्व स्तरीय एकीकृत खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए आज लगभग 292 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके तहत आउटडोर खेलों के लिए बास्केटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल कोर्ट बनाए जाएंगे। साथ ही एथलेटिक ट्रैक, जोगिंग ट्रैक ओलंपिक साई स्वीमिंग पूल और साइकिल ट्रैक भी बनाए जाएंगे। इतना ही नहीं, इंडोर खेलों के लिए भी अलग से ढांचागत निर्माण किया जाएगा।

### खेल क्लब पुनर्विकास परियोजना को मंजूरी

बैठक में एनएच-3 फरीदाबाद में स्थित खेल क्लब के पुनर्विकास प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दी गई। इसमें स्विमिंग पूल, कैफेटेरिया, विभिन्न खेलों के लिए कोर्ट बनाए जाएंगे और साथ ही इंडोर खेल सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इस पर लगभग 83 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

### ईस्ट को वेस्ट को जोड़ेंगी दो परियोजनाएं

बैठक में ईस्ट फरीदाबाद को वेस्ट फरीदाबाद से जोडऩे के लिए 2 प्रोजेक्ट को मंजूरी प्रदान की गई है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 1530 करोड़ रुपये आएगी। ईस्ट फरीदाबाद से वेस्ट फरीदाबाद (बड़ल रूट) पर पाँच फ्लाईओवर, 5 यू-टर्न और अंखीर चौक (सूरजकुंड की तरफ से) पर एक कनेक्टिंग फ्लाईओवर बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ, एप्रोच रोड, सर्विस रोड और ड्रेनेज सुविधाओं को भी पूरा किया जाएगा। इस पर लगभग 848 करोड़ की लागत आएगी। इसी प्रकार, ईस्ट फरीदाबाद से वेस्ट फरीदाबाद (बाटा रूट) के प्रोजेक्ट पर लगभग 682 करोड खर्च किए जाएंगे। इसमें 4 फ्लाईओवर, 3 यू-टर्न, एक अंडरपास, और मस्जिद चौक पर मुल्ला होटल की ओर एक कनेक्टिंग फ्लाईओवर बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ, एप्रोच रोड, सर्विस रोड और ड्रेनेज सुविधाओं को भी पूरा किया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री भी बैठक में हुए शामिल

बैठक में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल और एफएमडीए के अन्य सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। चंडीगढ़ में हुई बैठक में वित्त तथा नगर एवं ग्राम आयोजना मंत्री जयप्रकाश दलाल, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूल चंद शर्मा, शिक्षा राज्य मंत्री सीमा त्रिखा, परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल, शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा, विधायक गण, मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, अर्बन प्लानिंग सलाहकार डी.एस. ढेसी व अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। जबकि फरीदाबाद से वीडियो कान्फ्रेंस से पुलिस आयुक्त राकेश आर्य तथा निगम की आयुक्त ए. मोना श्रीनिवास ने हिस्सा लिया।

# कस्टडी में युवक की मौत मामले में कई पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज

- पुलिस कमिश्नर का बड़ा एक्शन, क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 और दो नंबर चौकी के पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 के हिरासत में रविवार रात अमित की मौत मामले में बुधवार को आदर्श नगर थाना की पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 और एनआईटी दो पुलिस चौकी के अज्ञात अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है।

दरअसल, पांच जुलाई को एनआईटी दो स्थित एक मॉल के बेसमेंट में पैसों की लेनदेन को लेकर मृतक अमित की हरीश नामक युवक से कार में कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि अमित ने हरीश को चाकू मार दिया। चाकू अमित को भी लगी थी। हरीश को घायलावस्था में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अमित परिजनों को जानकारी देने के बाद खुद बीके अस्पताल पहुंचकर भर्ती हो गया। मृतक के भाई सुमित ने अपनी शिकायत में बताया है कि बीके अस्पताल में उपचाराधीन अमित को एनआईटी दो पुलिस चौकी की टीम ने पांच जुलाई को हिरासत में ले लिया। उसे बीके अस्पताल से पुलिस चौकी ले जाया गया। छह जुलाई तक उसे पुलिस चौकी में रखा गया। वहां उसके साथ मारपीट की गई।

इसके बाद क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम को सौंप दिया गया। क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम अमित के साथ उसे भी पकड़कर अपने कार्यालय ले गई। वहां दोनों को बंद कर दिया। वहां भी पुलिस कर्मियों ने दोनों के साथ मारपीट की। सुमित ने बताया कि रात 11 बजे उसे छोड़ दिया। यह देखकर अमित भी साथ चलने को कहा। यह सुनकर पुलिस कर्मी मारपीट करने लगे।

### परिजनों ने शव लेने से कर दिया था इनकार

अमित की मौत के शव का बीके अस्पताल में डॉक्टर की बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया था। सोमवार रात और मंगलवार को गांव जाजरू में पंचायत का भी आयोजन किया गया था। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार से बुधवार शाम तक अमित का शव पड़ा रहा।

## ई-रिक्शा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**गुरुग्राम।** हरियाणा महिला विकास निगम, पंचकुला द्वारा हरियाणा की बीपीएल लड़कियों व महिलाओं के लिए गुरुग्राम में 8 दिन का ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण महिलाओं को निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

सरकारी प्रवक्ता ने प्रशिक्षण से जुड़ी पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक हरियाणा की मूल निवासी हो जिसकी आयु 18-45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास इच्छुक आवेदक अच्छी दृष्टि एवं वैध लर्नर लाइसेन्स धारक होनी चाहिए।

# एनआईटी लेबर आफिस में लगाए छायादार पौधे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


एनआईटी लेबर आफिस में पौधरोपण करते लोग।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाअभियान 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम को आगे बढ़ाते हुए आज एनआईटी के लेबर आफिस में निर्वतमान पार्षद मनोज नासवा,वरिष्ठ भाजपा नेता कविन्द्र चौधरी ने राकेश खटाना, नरेन्द्र, सुन्दर सेठी, सुनील यादव (नवप्रयास संगठन) के साथ मिलकर पीपल, नीम, गुलमोहर, जामुन के छायादार और फलदार पौधे लगाए।

इस मौके पर लेबर आफिसर विरेन्द्र सिंह भी मौजूद थे। मनोज नासवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों का ही हमारे जीवन में अहम योगदान होता है। जिस तरीके से हम अपनी मां की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह प्रकृति की भी देखभाल करें। कविन्द्र चौधरी ने कहा कि हमें पेड़ लगाने के साथ इसके संरक्षण का भी ध्यान देना है।

# महाराजा अग्रसेन विवाह समिति का सर्वजातीय परिचय सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन विवाह समिति फरीदाबाद रजि0 24वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह बड़ी धूमधाम से करेगी। यह कहना है महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के प्रधान डॉ. ब्रह्मप्रकाश गोयल का।

संरक्षक अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में समिति की एक मीटिंग फरीदाबाद में हुई। अनिल गुप्ता ने बताया कि समिति के द्वारा पहले भी लगातार 23 वर्षों से सर्वजातीय परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का आयोजन सभी दानदाताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों के सहयोग द्वारा किए गए हैं जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं उसी कड़ी में इस वर्ष भी 24वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन 19-20 अक्टूबर को व सर्वजातीय सामूहिक विवाह 1 दिसम्बर 2024 को दशहरा मैदान सेक्टर-16ए, फरीदाबाद में कराया जाएगा।

परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन, सेक्टर-19, ओल्ड फरीदाबाद में किया जाएगा। लगभग 300 पंजीकरण कार्यालय फरीदाबाद के सभी कालोनियों, बल्लबगढ़,पलवल, होडल, हसनपुर, मेवात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुडग़ांव, रेवाड़ी, धारूहेड़ा, महेन्द्रगढ़, पानीपत, मथुरा, वृंदावन, गाजियाबाद, नोएडा में बनाए जाएंगे।

## आईटीआई सोहना में दाखिले के दूसरे चरण की सीट अलॉटमेंट जारी

**गुरुग्राम।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंचकूला द्वारा दाखिले के दूसरे चरण की सीट अलॉटमेंट जारी की जा चुकी है। दाखिला लेने के लिए अभ्यर्थी 12 जुलाई तक संस्थान में आकर दाखिला अवश्य करा लें। उसके बाद दूसरे चरण के लिए दाखिले बंद हो जाएंगे।

आईटीआई सोहना की प्राचार्या सोनिया तक्षक ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को 12 जुलाई तक दाखिला मिल जाता है। वह 13 जुलाई तक अपनी ऑनलाईन फीस जमा करा सकते हैं। सीट अलॉटमेंट पर ही दाखिलें की तिथि दर्शायी गयी है।

# गुरुग्राम विवि के 3 छात्रों को मिली नौकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


नौकरी पाने वाले विद्यार्थियों के साथ कुलपति व अन्य।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रसिद्ध कंपनी जुबिलेंट बायोसिस प्रा. लिमिटेड यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के चयन के लिए आई है।

उन्होंने बताया कि विवि में आए कंपनी के अधिकारियों ने साक्षात्कार द्वारा छात्रों का चयन किया है। ड्राइव में यूनिवर्सिटी के एमएससी केमिस्ट्री एवं एम. फार्मा के विद्यार्थियों ने अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। विवि. के एमएससी केमिस्ट्री के 1 और एम.फार्मा के 2 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों में नेहा यादव, अतुल गोयल, अंकुश शामिल है।

सभी छात्रों को 3.10 लाख सालाना पैकेज प्राप्त होगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सब गुरुग्राम विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का परिणाम है। कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# प्रदेश के हर गांव में दो संविधान रक्षक होंगे नियुक्त : कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ने संविधान बदलने की बातें कही, वे देश के लोगों को स्वीकार नहीं हुई। इसलिए देश वासियों ने 400 सीटें जीतने का सपना देखने वाली भारतीय जनता पार्टी को नैतिक रूप से हराने का काम किया है।

यह बात उन्होंने बुधवार को यहां हरियाणा संविधान रक्षक सम्मान समारोह में बात कही। इस समारोह में उन्होंने हरियाणा का संविधान रक्षक अभियान की भी शुरुआत की। राजेश लिलोठिया ने कहा कि जिस संविधान को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी सफाई देती फिर रही है, उसी संविधान की निर्मात्री सभा के सदस्य रहे स्वतंत्रता सेनानी चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा के सांसद पौत्र दीपेंद्र सिंह हुड्डा की आवाज को संसद में दबाने का काम किया गया। राजेश लिलोठिया ने अनुसूचित जाति विभाग की आगामी रणनीति को सांझा करते हुए कहा कि हरियाणा अनुसूचित जाति विभाग ने पूरे हरियाणा में अभी तक 12000 संविधान रक्षकों का पंजीकरण किया है।

# देश की समृद्धि को महिलाओं को सशक्त होना जरुरी : दत्तात्रेय

- राज्यपाल ने भारतीय महिला उद्यमी परिसंघ के हरियाणा चैप्टर का शुभारंभ किया, कहा, जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो वे कार्यबल में महत्वपूर्ण योगदान के साथ आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा दे सकती हैं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में भारतीय महिला उद्यमी परिसंघ के हरियाणा चैप्टर के शुभारंभ समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि महिलाओं का समग्र सशक्तिकरण किसी देश के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं का सशक्तिकरण देश के सामाजिक, आर्थिकऔर राजनीतिक आयामों से जुड़ा होता है, जोकि देश की प्रगति में योगदान करते हैं।

राज्यपाल ने गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में भारतीय महिला उद्यमी परिसंघ (कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप-सीओडब्ल्यूई) के हरियाणा चैप्टर के शुभारंभ व शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में उन्हें, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गो से, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आर्थिक अवसरों तक समान पहुंच प्रदान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो वे कार्यबल में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा दे सकती हैं। सामाजिक रूप से सशक्त महिलाएं स्वस्थ परिवारों और समुदायों का नेतृत्व कर सकती हैं। दत्तात्रेय ने भारत में स्टार्टअप के क्षेत्र में हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र फल-फूल रहा है, जो दुनिया में सबसे जीवंत और गतिशील में से एक बन गया है।

राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश नवाचार और उद्यमिता के लिए एक उल्लेखनीय केंद्र के रूप में उभरा है। आज हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति जैसी सहायक सरकारी नीतियों और पहलों से प्रेरित होकर राज्य ने स्टार्टअप्स के फलने-फूलने के लिए अनुकूल माहौल बनाया है।

गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे प्रमुख शहर तकनीक-संचालित उद्यमों के लिए हॉट-स्पॉट बन गए हैं, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। मजबूत बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के साथ-साथ शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों की उपस्थिति, स्टार्टअप परिदृश्य को और मजबूत करती है। राज्यपाल ने कहा कि 31 दिसंबर 2023 तक हरियाणा में एक हजार सात सौ चालीस मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं।

# चंडीगढ़ में महानिदेशक से मिला नर्सिंग एसोसिएशन

- विधानसभा चुनाव से पहले नर्सिंग ऑफिसर्स ने मांगों को पूरा करने की अपील की

पीएनएस। चंडीगढ़/गुरुग्राम



चंडीगढ़ में महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा से मुलाकात करतीं ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की पदाधिकारी।

ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने नर्सिंग ऑफिसर्स की मांगों को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक (डीजी) हरियाणा डा. रणदीप सिंह पूनिया से मुलाकात की। साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कराने के लिए समय दिलवाने का आग्रह किया। इसके लिए एसोसिएशन को एक सप्ताह का समय डीजी की तरफ से दिया गया।

बुधवार को चंडीगढ़ पहुंचीं ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की ओर से अपनी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मीटिंग के लिए मुख्यमंत्री के पीए को पत्र दिया गया। साथ ही महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा को भी इस संबंध में पत्र दिया गया। एसोसिएशन ने कहा कि आगामी एक सप्ताह में मुख्यमंत्री, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी व स्वास्थ्य मंत्री से मीटिंग के लिए समय नहीं मिलने पर रणनीति तैयार करेगी। इस दौरान ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की चेयरपर्सन निर्मल ढांडा, राज्य प्रधान सुनीता देवी, कमलेश सिवाच, संतोष अहलावत, संतोष मलिक एवं सुदेश चौधरी, प्रेस सचिव पूनम सहराय व सरवन, किरन, प्रदीप धनखड़ आदि थे।

## मोदी की रूस यात्रा

### स्पष्ट संकेत

**प्रधानमंत्री** मोदी की रूस यात्रा 'रणनीतिक स्वायत्तता' बनाए रखने व राष्ट्रीय हित में काम करने का स्पष्ट संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मास्को गए। उनकी यह यात्रा लंबे समय बाद हुई है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी आखिरी बार 2019 में रूस गए थे। इसके बाद से अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में काफी बदलाव आए हैं तथा भारत और रूस विश्वसनीय मित्रों के रूप में उभरे हैं। इस यात्रा का भारत-रूस संबंधों के लिए बहुत महत्व है और इसने परोक्ष रूप से चीन और पश्चिमी देशों को संदेश दिए हैं। भारत और रूस के बीच लंबे समय से बहुत अच्छे संबंध हैं जिनका आधार ऐतिहासिक, रणनीतिक तथा आर्थिक सहयोग है। इस यात्रा से इन परंपरागत संबंधों को और मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। दोनों देशों के बीच साझेदारी अनेक क्षेत्रों तक फैली हुई है जिसमें रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष तथा नाभिकीय तकनीक शामिल हैं। इन संबंधों की पुन: पुष्टि कर प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत किसी अकेली वैश्विक शक्ति के साथ पूरी तरह जुड़ने के बाहरी दबावों का प्रतिरोध कर अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' बनाए रखेगा। चीन के साथ भारत के संबंधों में सीमा पर तनाव हावी है। प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा इस नाजुक संतुलन को संभालने का रणनीतिक कदम है क्योंकि रूस और चीन के बीच बहुत निकट संबंध हैं। रूस के साथ भारत की दोस्ती चीन को यह याद दिलाने के लिए काफी है कि भारत की अपने पड़ोसियों के साथ मजबूत साझेदारी है। प्रधानमंत्री मोदी का हवाईअड्डे पर स्वागत रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने किया जो हालिया यात्रा पर वहां



गए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का स्वागत करने वाले उप-प्रधानमंत्री से उच्च स्तर के अधिकारी हैं। इससे स्पष्ट होता है कि रूस भारत के साथ अपने संबंधों को कितना महत्व देता है। यह स्थिति चीन से संबंधों की तुलना में देखी जा सकती है क्योंकि शी जिनपिंग का स्वागत एक निचले दर्जे वाले उप-प्रधानमंत्री ने किया था।

दूसरी ओर पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका से भारत के संबंध हालिया वर्षों में काफी सुधरे हैं। लेकिन रूस की यात्रा कर प्रधानमंत्री मोदी ने संदेश दिया है कि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति बनाए रखेगा। यह यात्रा याद दिलाती है कि भारत पश्चिमी हितों के साथ एकमात्र जुड़ाव नहीं चाहता है। इससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत का बहुध्रुवीय दृष्टिकोण उजागर होता है जहां वह परस्पर हित तथा लाभ के आधार पर सभी प्रमुख शकितयों से संबंध बनाना चाहता है। इस परिदृश्य में यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि रूस भारत को हथियारों का प्रमुख सप्लायर है और पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूसी तेल खरीदने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का एक महत्वपूर्ण आयाम आर्थिक और ऊर्जा सहयोग है। रूस भारत का प्रमुख ऊर्जा सप्लायर है जिसमें तेल व प्राकृतिक गैस शामिल हैं। इस ऊर्जा साझेदारी से भारत को अपने स्रोतों के विविधीकरण के साथ भावी ऊर्जा आवश्यकतायें सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। रक्षा सहयोग भारत-रूस संबंधों का प्रमुख आयाम है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा में रक्षा संबंधों तथा तकनीक हस्तांतरण पर चर्चा को महत्वपूर्ण स्थान मिला है। रूस के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध भारत को अपने पड़ोसियों से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने में सहायक हो सकते हैं। रूसी समर्थन भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता दिलाने में सहायक हो सकता है। रूस के साथ मित्रता विश्व शांति स्थापित करने और बहुध्रुवीय दुनिया बनाने में सहायक हो सकती है।

# सामाजिक असमानताओं का परिणाम

### हाथरस घटना हाशियाकृत समुदायों की गहरी सामाजिक अनदेखी का परिणाम है। इससे स्वयं को सामाजिक सुधार के मसीहा के रूप में पेश करने वाले संदिग्ध लोगों के उभार की परिस्थितियां पैदा होती हैं



**सिद्धार्थ मिश्रा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



देश में फल-फूल रही सामाजिक असमानता के अनेक गंभीर परिणाम सामने आते हैं। हाथरस घटना हाशियाकृत समुदायों की गहरी सामाजिक अनदेखी का परिणाम है। इससे स्वयं को सामाजिक सुधार के मसीहा के रूप में पेश करने वाले संदिग्ध नेताओं के उभार की परिस्थितियां पैदा होती हैं। हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सोशल मीडिया में अत्यन्त निंदनीय विमर्श के रूप में स्थान मिल रहा है। ऐसा लगता है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले 120 से अधिक लोगों के प्रति किसी की हमदर्दी नहीं है जिनमें से अधिकांश दलित समुदाय से थे। इसके बजाय इस तथ्य पर ज्यादा चर्चा हो रही है कि एक 'बाबा' जाटव समुदाय से उभरे हैं। अधिकांश राजनीतिक विश्लेषक इसके चुनावों में पड़ने वाले प्रभाव की बात कर रहे हैं, लेकिन परिघटना की विस्तृत व्याख्या नहीं कर रहे हैं।

सूरजपाल सिंह जाटव जैसे 'बाबा' का उभार अपने आप में बहुत कुछ कहता है। यह वर्तमान समय के विरोधाभास भी प्रकट करता है। ऐसे समय जब सर्वाधिक शक्तिशाली नेता अपनी पूरी आर्थिक शक्ति और संगठनात्मक मशीनरी के बावूद एक रैली में 25,000 लोगों को एकत्र करने में कठिनाई का अनुभव करते हैं, ऐसे में सूरजपाल सिंह के कामकाज में कुछ खास जरूर होना चाहिए जिसके चलते वह एक आयोजन में 2,50,000 लोगों को एकत्र करने में सफल हुआ। ऐसे समय जब भाजपा पिछले संसदीय चुनाव में खासकर उत्तर प्रदेश में अनेक हिंदू मतदाताओं के अपने से अलग होने की बात करती हो तब हाथरस की घटना एक प्रकार से इसका जवाब देती है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में विपक्षी नेताओं ने इस त्रासदी के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। इस प्रकार उन्होंने यदि प्रत्यक्ष नहीं तो भी परोक्ष रूप से 'बाबा' का बचाव करने का प्रयास किया है। इस परिघटना का संबंध केवल जाटव समुदाय से आने वाले सूरजपाल से नहीं है, बल्कि हरियाणा में जाट समुदाय से आने वाले रामपाल जैसे लोगों ने भी हिंदू आध्यात्कि विमर्श पर उच्चजातीय एकाधिकार को चुनौती दी है। ऐसे 'बाबाओं' के तरीके न केवल शुद्धतावादी व्यवहारों को चुनौती देते हैं, बल्कि उनके समर्थक इनके लिए उनकी प्रशंसा भी करते हैं। हाथरस प्रकरण में पुलिस जांच की रिपोर्ट में कहा गया है कि आयोजकों ने 'आयोजन में संभावित सहभागियों की संख्या बहुत कम बताई, ट्रैफिक प्रबंधन में सहायता नहीं की तथा भगदड़ के बाद प्रमाण मिटाने के प्रयास किए। भगदड़ उस समय हुई जब बाबा के वाहन गुजरने के रास्ते से लोगों ने मिट्टी या चरण धूल एकत्र करने के प्रयास किए।' एफआईआर से संकेत मिलता है कि पुलिस और प्रशासन ने उपलब्ध संसाधनों के साथ यथासंभव अधिकाधिक प्रयास किए।

विडंबना है कि एफआईआर से यह भी स्पष्ट होता है कि न केवल इस जिले मे, बल्कि पूरे भारत में प्रशासन पूरी तरह जमीन पर चल रही घटनाओं के बारे में अनभिज्ञ है। जब लोगों की इतनी बड़ी संख्या प्रस्थान कर रहे 'बाबा' की कार द्वारा उड़ाई धूल या 'चरण रज' एकत्र करने का प्रयास करे तो इससे स्पष्ट होता है कि सरकार और समाज गरीबों और वंचितों को अपने साथ लेने में विफल रहे हैं। गरीबी केवल ऐसी चीज नहीं है जिसकी परिभाषा अर्थशास्त्री करें, बल्कि इसका संबंध अज्ञान और असमानता से भी है। इससे समुदाय से ऐसे 'बाबा' के उभरने की परिस्थितियां पैदा होती हैं जिनमें वह स्वयं को 'समाज सुधारक' के रूप में पेश कर सकता है।

सरकार द्वारा संचालित समाज सुधार कार्यक्रमों में समाज में समता के प्रसार के बजाय नकदी हस्तांतरण या पैसा देने पर जोर दिया गया है, फिर चाहे वे पुराने जमाने के 'सर्वोदय' जैसे कार्यक्रम रहे हों या वर्तमान समय के 'अंत्योदय' जैसे कार्यक्रम। इससे पता लगता है कि सूरजपाल और उसके जैसे 'बाबाओं' की वित्त व्यवस्था कैसे काम करती है। वित्तीय रूप से समृद्ध समाज सामाजिक भेदभाव समाप्त करने की बातें करते हुए उदारता से दान देता है। सूरजपाल भी अपने प्रवचनों में समता और सशक्तीकरण की बातें करता था। वह शिक्षा की पैरोकारी करता है तथा उसने अपने समुदाय के बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला कराने में भी सहायता की थी। वह आमतौर से जाति-आधारित भेदभाव की निन्दा करते हुए सबके बीच भाईचारे की पैरवी करता था। उसके समर्थकों की संख्या में भारी वृद्धि इस कारण भी हुई कि उसने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान अपने समुदाय के गरीबों में भोजन, दवायें तथा अन्य जरूरी चीजें बांटने में भी सहायता की। मई, 2021 में वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के दौरान जब महामारी शिखर पर थी, तब सूरजपाल ने फर्रूखाबाद में एक शिविर का आयोजन किया था। जिला प्रशासन ने उस समय इसमें शामिल होने के लिए 50 लोगों की अनुमति दी थी, पर इसमें कई हजार लोगों ने भाग लिया।

ऐसे 'सामाजिक आंदोलन' केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की विशेषता नहीं हैं जहां से सूरजपाल का उभार हुआ। लोग खासकर हरियाणा और पंजाब में विभिन्न प्रकार के 'डेरों' में भारी भीड़ लगाते हैं। हालांकि, ये सभी 'डेरे' हर जाति में अपने समर्थक होने का दावा करते हैं, पर उनके अधिकांश अनुयाई दलित व पिछड़ी जातियों के लोग हैं जो अक्सर आर्थिक रूप से गरीब भी होते हैं। वर्तमान असमानता, सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था तथा समाज में दलितों की हाशियाकृत स्थितियों के चलते पंजाब में बड़ी संख्या में 'डेरे' उभरे हैं।

सिख विद्वानों द्वारा लगाए गए मोटे अनुमानों के अनुसार पंजाब के 12,000 गांवों में लगभग 9,000 सिख और गैर-सिख डेरे अस्तित्व में हैं। इनमें पंजाब और पड़ोसी हरियाणा में 300 बड़े डेरे शामिल हैं। इनमें से लगभग एक दर्जन में प्रत्येक के अनुयाइयों की संख्या एक लाख से अधिक है। इन मानकों के आधार पर देखने से स्पष्ट होता है कि सूरजपाल का 'आश्रम' अपने संख्याबल के आधार पर यदि पंजाब में बीस के राधास्वामी, सिरसा के डेरा सच्चा सौदा, निरंकारी, नामधारी, नूरमहल के दिव्य ज्योति जागरण संस्थान, रोपड़ के डेरा संत भैंनरवाला तथा बालन के डेरा सच खंड से बड़ा नहीं तो भी उनके लगभग बराबर है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस प्रकरण की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग का गठन किया है।

ऐसा लगता है कि आयोग सूरजपाल, उनके भक्तों तथा प्रशासन पर इस त्रासदी का आरोप लगाएगा। इसके साथ ही राज्य सरकार कुछ समय के लिए पूरी शक्ति के साथ इस त्रासदी के जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी करेगी। लेकिन जनता का शोरशराबा घटने के बाद मीडिया वहां से अपने कैमरे हटा कर किसी अन्य खबरिया घटना पर केन्द्रित करने लगेगा। इसके साथ ही न्यायिक जांच की रिपोर्ट सामने आने के बाद कुछ समय उस पर चर्चा होगी, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि उस पर क्या कार्रवाई होगी। संभवत: कोई इस बात का जवाब नहीं देना चाहेगा कि सूरजपाल जैसे 'बाबा' क्यों उभरते हैं और वे जनता की भावनायें अपने पक्ष में कैसे एकजुट कर लेते हैं। सूरजपाल जैसे 'बाबा' भारी संख्या में अपने अनुयाइयों के कारण 'राजनीतिक प्रभाव' भी प्राप्त कर लेते हैं।

अनुयाइयों की बड़ी संख्या के कारण हर राजनीतिक पार्टी उनको अपने पाले में लाने का प्रयास करती है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सूरजपाल सिंह जाटव का समर्थन कर रही हैं। एलेक्ट्रानिक मीडिया ने एक दल के अध्यक्ष के पुराने वीडियो तलाशे हैं जिसमें वे 'बाबा' सूरजपाल जाटव की भूरि-भूरि प्रशंसा करते दिखते हैं। हालांकि ये नेता विदेश में शिक्षित इंजीनियर हैं, पर 'बाबा' की तारीफ करते समय वे संभवत: विज्ञान की सीमायें भी तोड़ देते हैं।

हालांकि, हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी हत्या के दोषी डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम सिंह को कई बार उदारतापूर्वक फर्लो दी है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'बाबा' लोगों का गुस्सा किसी राजनीतिक पार्टी के लिए राजनीतिक रूप से हानिकारक सिद्ध हो सकता है।

# ब्रिटेन और ईरान में नेतृत्व परिवर्तन

> यूके और ईरान में हुए हालिया नेतृत्व परिवर्तन यह दर्शाते हैं कि वैश्विक स्तर पर मतदाता समावेशी व समभाव वाले नेताओं को पसंद कर रहे हैं।

**अखिलेश सुमन**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



यूनाइटेड किंगडम और ईरान दोनों में नेतृत्व में बदलाव हुआ है। यू.के. में कंजर्वेटिव पार्टी के ऋषि सुनक की जगह लेबर पार्टी के कीर स्टारमर ने ली है। ईरान में लोगों ने सुधारवादी और अपेक्षाकृत उदार उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन को अपना नया राष्ट्रपति चुना है। मई में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मृत्यु के कारण ईरानी राष्ट्रपति चुनाव की आवश्यकता थी। यूरोप और एशिया में ये बदलाव महाद्वीपों के लोगों की मानसिकता में बदलाव को दर्शाते हैं।

दोनों देशों में, उनकी समृद्ध परंपराओं और सभ्यताओं के साथ, उनके मतदाताओं ने उदार नेताओं और पार्टियों के पक्ष में कट्टरपंथियों को खारिज किया है। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे, जब विकल्प दिया जाता है, तो लोग सभ्यता और राष्ट्रवाद का आह्वान करने वाले कट्टरपंथियों की निरंतर बयानबाजी के बजाय वर्तमान जरूरतों के अनुसार बड़े पैमाने पर सोच-समझकर निर्णय लेते हैं। ब्रिटेन में लेबर पार्टी पिछले 14 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। कई लोगों ने पार्टी के पतन की भविष्यवाणी की थी और माना था कि देश अनिश्चित काल तक कंजर्वेटिव शासन के अधीन रहेगा। राष्ट्रवादी इच्छाओं से प्रेरित कंजर्वेटिवों ने ब्रिटेन को यूरोपीय संघ से बाहर निकाल दिया, जिससे देश अपने पड़ोसी लोकतंत्रों से अलग-थलग पड़ गया।

यह उल्लेखनीय है कि कंजर्वेटिवों की हार ब्रिटिश लोकतंत्र के संदर्भ में ऐतिहासिक रूप से कम है, जबकि लिबरल डेमोक्रेट्स की सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि, 2019 में 11 से बढ़कर अब 72 हो जाना, ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर को दर्शाता है। चूंकि लिबरल डेमोक्रेट्स को लेबर पार्टी से भी कुछ हद तक अधिक वामपंथी माना जाता है, इसलिए देश के राजनीतिक परिदृश्य में किसी भी अन्य समय की तुलना



में आम आदमी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार पर नए सिरे से जोर दिया जा रहा है। इसके विपरीत, 1979 में इस्लामी क्रांति के बाद से, ईरान ने अपनी संप्रभुता का दावा करने के लिए लगातार पश्चिम के खिलाफ खुद को खड़ा किया है। इस रुख ने न केवल पश्चिम के साथ सांस्कृतिक संघर्षों को जन्म दिया है, बल्कि ईरान की अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण चुनौतियाँ पैदा की हैं। इसके अलगाव और त्7 देशों के साथ टकराव ने इसकी तेल आधारित अर्थव्यवस्था को कमजोर कर दिया है। इसके अतिरिक्त, ईरानी लोगों ने समय-समय पर देश के सामाजिक कानूनों के प्रति अपना असंतोष व्यक्त किया है। ब्रिटेन और ईरान में नेतृत्व में हाल ही में हुए बदलावों के साथ, दोनों नए नेताओं ने अपने देशों के अलगाव को समाप्त करने और वैश्विक मित्रता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। इससे पता चलता है कि ब्रिटेन यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को नवीनीकृत करने की कोशिश कर सकता है, और ईरान पश्चिम के साथ संबंधों को बेहतर बनाने का लक्ष्य रख सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कीर स्टारमर ब्रेक्सिट पर पुनर्विचार करेंगे और ब्रिटेन को यूरोपीय संघ के करीब ले जाएंगे।

इसी तरह, जैसा कि नए ईरानी राष्ट्रपति ने सभी के लिए दोस्ती का हाथ बढ़ाने का वादा किया है, यह देखना बाकी है कि क्या इससे अमेरिका और अंतत: तकनीक-समृद्ध इज़राइल के साथ शांति स्थापित होगी। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि क्या ईरानी नेता सर्वोच्च नेता को परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) ढांचे पर लौटने के लिए राजी कर पाते हैं, जो पश्चिम में ईरान के अलगाव का मुख्य कारण है।

ये चुनाव परिणाम वैश्विक राजनीति में संभावित वामपंथी बदलाव का संकेत देते हैं, जिसमें प्रमुख यूरोपीय और एशियाई दोनों देशों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहे हैं। इसका मतलब यह हो सकता है कि सरकारों को रोजगार सृजन और अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होगी। ब्रिटेन वर्तमान में वित्तीय कठिनाइयों और उच्च मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है, संपत्ति की कीमतों में उछाल के बावजूद। इसी तरह, ईरानी लोग अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा लगाए गए लगातार बढ़ते प्रतिबंधों का भार महसूस कर रहे हैं। ईरानियों को एक नई अर्थव्यवस्था और पश्चिम के साथ अपने संबंधों के लिए एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जबकि पश्चिमी देश ईरान में बदलाव के बारे में सतर्क रूप से आशावादी हैं, उन्हें विश्वास है कि यूके में नया लेबर नेतृत्व एक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएगा।

उदासीन औपनिवेशिक दृष्टिकोण से प्रेरित अनावश्यक मुखरता की रूढ़िवादी रणनीति से हटकर, यूके को अपनी रणनीति को फिर से परिभाषित करने और जनता के साथ अधिक खुले तौर पर जुड़ने की आवश्यकता होगी। अंत में, दुनिया भर के राजनीतिक दलों के लिए एक संदेश है- यदि आप जमीनी स्तर से जुड़े रहते हैं और व्यावहारिक तरीकों से आम लोगों के मुद्दों को संबोधित करना जारी रखते हैं, तो आप प्रासंगिक बने रहेंगे व संभावित रूप से पुनर्जीवित होंगे।

## आप की बात

### हाथरस के सबक

**भारत** में डिजिटल इंडिया एवम कंप्यूटर के युग के बावजूद अंधविश्वास, पाखंड, आडंबर जादू-टोने व तांत्रिकों के चक्कर में समाज का एक हिस्सा जकडा है। धार्मिक, आस्थावान व निष्ठावान रहने के साथ ही हमें समाज को भीड़-तंत्र और भेड़-चाल से बचाना होगा नहीं तो हाथरस जैसे हादसे होते रहेंगे। सभी धर्मों के धर्मगुरुओं को इस गंभीर स्थिति पर विचार करना चाहिए। सभी पार्टियों के राजनेताओं को भी केवल वोटबैंक के लिए ऐसे फर्जी बाबाओं की प्रशंसा से बचते हुए जनता में जागरूकता पैदा करने के प्रयास करने चाहिए। नेताओं के ऐसे कदमों से जनता भ्रमित होती है और इससे धर्म के प्रति उसकी सच्ची श्रृद्धा और आस्था विकृत हो जाती है। सुश्री मायावती का दृष्टिकोण इस पूरे मामले में एकदम अलग और प्रशंसनीय है। उन्होंने ऐसे भ्रष्ट बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान करते हुए जनता को अंधविश्वास से दूर रहने की सलाह दी है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद का भी दृष्टिकोण इस मामले में बिल्कुल सही है जिसने देश भर के अनेक तथाकथित बाबाओं को फर्जी घोषित किया है। योगी सरकार ने भी बड़ी कार्रवाई करते हुए सात अधिकारियों को निलंबित किया है। हमें हाथरस त्रासदी से समुचित सबक लेने चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### कश्मीर की स्थिति

**जम्मू-कश्मीर** से धारा 370 व 35 ए ख़त्म करने के बाद केंद्र सरकार ने इसे जम्मू, कश्मीर और लद्दाख़ के तीन भागों में सुरक्षा और सुशासन की दृष्टि से बांटा था, ताकि आतंक व उपद्रव ग्रस्त क्षेत्र को नियंत्रित करने में आसानी हो सके एवं वहां जन-जीवन सामान्य बन सके। लेकिन अभी भी यदा-कदा पड़ोसी देश की शह पर आतंकी घटनाएं हो रही हैं जिसमें हमारे वीर जवान शहीद हुए और अभी भी हो रहे हैं। हाल ही में कठुआ में आतंकी हमले में 5 जवान शहीद हो गए। सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए सख्त व तुरंत उचित कार्रवाई कर आतंकियों व उनके अड्डों को नष्ट किया है। सर्वविदित है कि ये सारी कारस्तानी सीमा पार से आने वाले घुसपैठियों की ही है। अत: सीमा पर भी चौकसी बढ़ाने की बहुत जरुरत है। हालांकि, अभी भी जम्मू कश्मीर के कुछ तत्व इन आतंकियों की अनेक प्रकार से सहायता करते हैं। ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी है। खुशी की बात है कि पाकिस्तान से बातचीत की पैरोकारी करने वाले फारूक अब्दुल्ला ने भी इस बार पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि आतंकवाद उस देश को बरबाद कर डालेगा। उन्होंने कहा कि आतंकी घटनाओं के साथ बातचीत असंभव है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### संतुलित विदेश नीति

**पिछले दशक** में भारत ने संतुलित विदेश नीति अपनाई है। पश्चिमी देशो की परवाह किए बगैर मोदी की विश्वसनीय मित्र देश रुस की यात्रा करना, लेकिन उसके द्वारा यूक्रेन के बाल चिकित्सालय पर हमले में बच्चों की दु:खद मृत्यु का मुद्दा पुरी शिद्दत से उठाना यह सिद्ध करता हे किए भारत की अपनी स्वतंत्र विदेश नीति है तथा वह राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मानकर किसी के आगे झुकता नहीं है। भारत की मंशा किसी एक गुट का हिस्सा बनकर रहने की नहीं है। वह पश्चिमी वर्चस्व वाले जी-20 और क्वाड के साथ जी-7 के साथ भी रहा है। वहीं चीनी वर्चस्व वाले शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स जैसी संस्थाओ में भी भारत ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। पश्चिमी देशों के साथ संबंध बेहतर बनाने के साथ उसने रुस से भी अपने वर्षो पुराने संबंध पर आंच नही आने दी। उसने हमास द्वारा इजराइल पर किए आतंकी हमले की कड़े शब्दो में निंदा की तो गाज़ा मे इजराइली सैनिक कार्रवाई के शिकार लोगों के लिए मानवीय सहायता भी भेजी। मोदी ने एक बार फिर पुतिन से साफ-साफ कहा कि शांति के लिए बातचीत और राजनय का रास्ता अपनाना चाहिए। इस विदेश नीति से दुनिया भर में भारत तथा मोदी का सम्मान बढ़ा है।

– **विमलेश पगारिया,** बदनावर

### अमेरिका में राजनीति

**अमेरिका** में राजनीति सारी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण लगती है। दो भीषण युद्धों से परेशान दुनिया में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव बहुत ही अहम हैं। डोनाल्ड ट्रंप का पिछला कार्यकाल देखते हुए जाहिर है कि यदि वे राष्ट्रपति बने तो अपनी स्वच्छंदता को बरकरार रखते हुए सिर्फ अमेरिकी हितों की बात करेंगे और कई अंतरराष्ट्रीय संधियों के निष्क्रिय होने का भय बना रहेगा। नाटो भी इस संभावना से चिंतित हैं। बायडेन की जीत में उनकी उम्र सबसे बड़ी समस्या है। डेमोक्रेटिक पार्टी को समय रहते उनके स्थान पर किसी युवा व जोशीले उम्मीदवार को आगे करना चाहिए ताकि ट्रंप को सत्ता में आने से रोका जा सके। यदि बायडेन की पार्टी ऐसा नहीं करती है तो अमेरिकी मतदाता ना चाहते हुए भी ट्रंप को ही वोट देंगे। वैसे भी बायडेन के जीतने की संभावना मात्र 25 प्रतिशत है। ऐसे में देश और पार्टी के हित को ध्यान में रखते हुए बायडेन को चुनाव लड़ने की अपनी जिद छोड़ देनी चाहिए। इसके साथ ही ट्रंप को भी स्पष्ट करना चाहिए कि वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव जीतने पर वे कैसी दुनिया बनाना पसंद करेंगे जिसमें अमेरिका प्रथम भी हो।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वे, पीड़ितों से की मुलाकात

## हेलीकॉप्टर और नाव में बैठकर पीलीभीत, लखीमपुर खीरी में बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा कई इलाकों का स्थलीय निरीक्षण भी किया

● राहत कार्यों में तेजी लाने और सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित पीलीभीत और लखीमपुर खीरी का हवाई सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों से राहत कार्यों की जानकारी हासिल कर इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद सीएम योगी ने पीलीभीत और लखीमपुर खीरी के बाढ़ प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने आपदा से प्रभावित बच्चों और महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी और तत्काल समाधान के आदेश दिये। साथ ही लोगों से खुद प्रार्थना पत्र प्राप्त किये। इसके अलावा सीएम ने बाढ़ प्रभावितों को खुद राहत सामग्री वितरित की और बाढ़ शरणालय पहुंचकर लोगों का हालचाल जाना। सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं उन्होंने नाव में बैठकर बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा भी किया। साथ ही बाढ़ से ऊफनाई नदियों का जायजा भी लिया। सीएम ने निरीक्षण के दौरान दोनों जिलों में मीडिया को संबोधित करते हुए राहत कार्यों से संबंधित जानकारी साझा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, राज्य के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बलदेव सिंह औलख समेत स्थानीय विधायक आदि भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं ताकि जनहानि-धनहानि को कम से कम किया जा सके। इसी के तहत सीएम योगी ने बुधवार को पीलीभीत और लखीमपुर खीरी का हवाई सर्वे किया। सीएम योगी ने सबसे पहले पीलीभीत का हवाई सर्वे किया। उन्होंने पीलीभीत की पूरनपुर, सदर और बीसलपुर तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों का हवाई सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति की बारीकी से जानकारी हासिल की। इसके बाद सीएम योगी ने पीलीभीत के चंदिया हजारा और अध्यापुर जगतपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपदा से प्रभावित बच्चों, महिलाओं और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्या सुनी। सीएम योगी ने आपदा से प्रभावित लोगों से कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ है। उनको घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से उन्हे हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। आपदा से प्रभावित लोग सीएम योगी को अपने बीच पाकर काफी खुश हुए और उन्होंने अपनी समस्याओं से संबंधी प्रार्थना पत्र दिया, जिसे सीएम ने खुद लिया और अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रभावितो को खुद राहत सामग्री की किट वितरित की। इसके बाद वह बाढ़ शरणालय पहुंचे, जहां पर ठहरे लोगों का हालचाल जाना। वहीं सीएम योगी ने जिले के प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीएम योगी ने राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को समय से राहत सामग्री बांटने एवं सहायता राशि देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त फसलों का तत्काल सर्वे कराकर सहायता राशि उपलब्ध कराने के आदेश दिये। इस दौरान सीएम योगी मीडिया से भी मुखातिब हुए। उन्होंने पत्रकारों को सरकार की ओर से बाढ़ प्रभावित इलाकों में चलाए जा रहे राहत कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावित पीलीभीत के इलाकों का दौरा करने के बाद लखीमपुर खीरी पहुंचे। इससे पहले सीएम ने लखीमपुर खीरी का हवाई सर्वे किया। सीएम योगी करीब साढ़े तीन बजे लखीमपुर खीरी के शारदा नगर पहुंचे। यहां पर उन्होंने शारदा नदी पर बने बैराज से नदी के ऊफान को देखा। साथ ही अधिकारियों से जानकारी हासिल की। इसके बाद सीएम योगी शारदा नगर के बाढ़ कैंप पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित लोगों को राहत साग्रमी किट बांटी। साथ ही उनका हालचाल जाना। इसके बाद सीएम योगी ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में सीएम योगी ने अधिकारियों को समय से राहत किट बांटने, जनहानि-धनहानि का सर्वे कराकर तत्काल सहायता राशि देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। ऐसे में आपदा प्रभावितों की मदद में कोई कमी नहीं होनी चाहिये।

## हाथरस घटना में एसआईटी की जांच रिपोर्ट पर मायावती ने सवाल उठाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने हाथरस हादसे के संबंध में पर आई एसआईटी की जांच रिपोर्ट पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। उन्होंने कहा है कि रिपोर्ट घटना की गंभीरता के हिसाब से नहीं होकर राजनीति से प्रेरित ज्यादा लगती है। उन्होंने कहा कि भोले बाबा की भूमिका के सम्बंध में एसआईटी की खामोशी भी लोगों में चिन्ताओं का कारण है। मायावती ने बुधवार को एक्स पोस्ट कर लिखा कि यूपी के ज़िला हाथरस में सत्संग भगदड़ कांड में हुई 121 निर्दोष महिलाओं व बच्चों आदि की दर्दनाक मौत सरकारी लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण, किन्तु एसआईटी द्वारा सरकार को पेश रिपोर्ट घटना की गंभीरता के हिसाब से नहीं होकर राजनीति से प्रेरित ज्यादा लगती है, यह अति-दुखद है। अति-जानलेवा घटना के मुख्य आयोजक भोले बाबा की भूमिका के सम्बंध में एसआईटी की खामोशी भी लोगों में चिन्ताओं का कारण। साथ ही, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के बजाय उसे क्लीनचिट देने का प्रयास खासा चर्चा का विषय। सरकार जरूर ध्यान दे ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो।

## जेई भर्ती मामले में न्याय दिलाने की सपा प्रमुख से की गुहार

**लखनऊ।** पॉलीटेक्निक स्टूडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को संबोधित ज्ञापन सौंप कर जेई भर्ती 6 साल बाद भी अधूरी रहने के मामले में अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर न्याय दिलाने की मांग की है। जेई भर्ती के परिणाम की मांग को लेकर संघर्षरत अजय वर्मा, शरद यादव, सुभग राय आदि ने समाजवादी पार्टी के नेताओं को सौपे ज्ञापन में कहा है कि छह वर्ष पूर्व 2018 में जूनियर इंजीनियर की परीक्षा हुई थी। 2018 में जूनियर इंजीनियर के 1388 पदों के लिए परीक्षा कराई गई थी इसका परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया है। अजय वर्मा का कहना है कि दस बार वार्ता में मुख्यमंत्री स्तर तक आश्वासन मिल चुके हैं, लेकिन परिणाम शून्य है।

## अग्निवीर वायु इनटेक भर्ती प्रक्रिया ऑनलाइन पंजीकरण की 28 जुलाई तक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विंग** कमांडर/कमान अफसर एस गुणशेकर ने बताया कि अग्निवीर वायु इनटेक फरवरी, 2025 (महिला एवं पुरूष) की भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण सोमवार 8 जुलाई, 2024 से रविवार 28 जुलाई 2024 तक नियत है। पंजीकरण एवं अधिसूचना का लिंक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

विंग कमांडर/कमान अफसर एस गुणशेकर ने बताया कि इस भर्ती में दिनांक 3 जुलाई, 2004 और 3 जनवरी, 2008 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) के बीच जन्मे पात्र अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करने हेतु योग्य है। विंग कमांडर/कमान अफसर एस गुणशेकर ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया की प्रथम चरण की ऑनलाइन ई-परीक्षा 18 अक्टूबर, 2024 से प्रारम्भ होगी।

## फिरोजाबाद में जमीन हड़पने के मामले में एसडीएम सहित पांच अधिकारी, कर्मचारी निलंबित

● शासन ने विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ सभी के खिलाफ एफआईआर कराने के भी दिए निर्देश, आय से अधिक सम्पत्ति की भी होगी जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भ्रष्टाचार** में लिप्त और पद का दुरुपयोग करने वाले सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों पर फिर एक बार सीएम योगी का चाबुक चला है। जनपद फिरोजाबाद के अंतर्गत सिरसागंज तहसील में गलत तरीके से भूमि का विक्रय करने, संदिग्ध रूप से अपने करीबियों को जमीन दिलाने के मामले में कड़ा एक्शन लेते हुए सरकार ने यहां उप जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और पेशकार को सस्पेंड कर दिया है। जांच के लिए गठित कमेटी की अनुशंसा के बाद यह कार्रवाई की गई है। शासन की ओर से डीएम को इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, प्रदेश सरकार के सतर्कता विभाग की ओर से इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। उपजिलाधिकारी, फिरोजाबाद विवेक राजपूत द्वारा सिरसागंज तहसील में तैनाती के दौरान जून 2024 में ग्राम रुधैनी की जमीन से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेश को खारिज कर संदिग्ध रूप से आदेश पारित किया गया। आदेश के महज 5 दिन के अंदर अनियमित तरीके से पद का दुरुपयोग करते हुए भूमि अपने गृह जनपद के निवासियों एवं अन्य सगे संबंधियों को दिला दी गई। इस मामले में प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने विवेक राजपूत को तत्कालीन प्रभाव से निलंबित कर दिया तथा विभागीय कार्रवाई की संस्तुति कर दी है।

इसी प्रकार, प्रभारी तहसीलदार/नायब तहसीलदार नवीन कुमार पर भी पद का दुरुपयोग कर राजस्व अधिकारियों की मिली भगत से जमीन हड़पने एवं सरकारी सेवक आचरण नियमावली के उल्लंघन पर कार्यालय राजस्व परिषद ने कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया। लेखपाल अभिलाष सिंह को भी जमीन हड़पने व फसल बर्बादी के संबंध में की गई शिकायत की जांच में दोषी पाए जाने पर उपजिलाधिकारी द्वारा निलंबित किया गया और विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर के भी निर्देश दिए गए हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के दस पीपीएस अधिकारियों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** ने बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के दस पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में प्रवीन सिंह चौहान को चौथी वाहिनी पीएसी, प्रयागराज से कुम्भ मेला प्रयागराज, अनिल कुमार को मेरठ से चौथी वाहिनी पीएसी, प्रयागराज, अवनीश कुमार को दूसरी वाहिनी पीएसी, एसएसएफ, गोरखपुर से अपराध, मेरठ, असीम चौधरी को जालौन से कुम्भ मेला, प्रयागराज, प्रदीप कुमार वर्मा को पहली वाहिनी एसएसएफ लखनऊ से जालौन, वीरेंद्र कुमार प्रथम को गाजियाबाद से पहली वाहिनी एसएसएफ, लखनऊ, पीयूष कुमार सिंह को पीटीएस सुल्तानपुर से गाजियाबाद, देवेश कुमार शर्मा को यातायात मथुरा से यूपीपीसीएल मुख्यालय लखनऊ, मनोज कुमार यादव को पुलिस अकादमी मुरादाबाद से यातायात मथुरा और कृष्णकांत सरोज को कमिश्नरेट वाराणसी से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद बदायूं के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। सरोज 31 जुलाई को मौजूदा अपर पुलिस अधीक्षक राममोहन सिंह के सेवानिवृत्त होने के पश्चात पदभार ग्रहण करेंगे।

## प्रदेश में और बढ़ा कालानमक धान का क्रेज, 20 फीसदी बढ़ी बीज की बिक्री

● छत्तीसगढ़, बिहार, एमपी, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और हरियाणा से भी आई मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की पहल पर जबसे कालानमक धान को सिद्धार्थनगर का ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) घोषित किया गया है तबसे इसका क्रेज बढ़ता जा रहा है। पिछले साल की तुलना में बीज की बिक्री में करीब 20 फीसदी की वृद्धि इसका सबूत है। यही नहीं स्वाद, सुगंध और पौष्टिकता में बेमिसाल होने के नाते अन्य राज्यों में भी इसका विस्तार हो रहा है। इस साल छत्तीसगढ़, बिहार, एमपी, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और हरियाणा से भी बीज की ठीकठाक मांग आई है।

कालानमक धान पर दो दशक से काम कर रहे पद्मश्री से सम्मानित कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरसी चौधरी के अनुसार उनके पास जितने बीज की मांग जीआई वाले पूर्वांचल के 11 जिलों से आई है लगभग उतनी ही मांग छत्तीसगढ़ से भी निकलने का अनुमान है। बीज की बढ़ी मांग की तस्दीक गोरखपुर के बड़े बीज बिक्रेता उत्तम बीज भंडार के श्रद्धानंद तिवारी भी करते हैं। उनके मुताबिक पिछले साल के मुकाबले कालानमक धान के बीज की मांग अधिक है। इसी नाते आपूर्तिकर्ता कंपनियों की संख्या भी खासी बढ़ी है। प्रतियोगिता के नाते दाम भी वाजिब है। दोनों लोंगों का कहना है कि आज कालानमक धान का जो भी क्रेज है उसकी एकमात्र वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निजी प्रयास है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो जीआई वाले जिलों के अलावा बलिया, आजमगढ़, जौनपुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, उन्नाव, प्रतापगढ़ आदि वे जिले हैं जहां से कालानमक धान के बीज की अच्छी मांग निकली है।थोड़ी-बहुत डिमांड तो कई प्रदेशों एवं जिलों से है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरसी चौधरी के मुताबिक पिछले साल कालानमक धान का रकबा सिर्फ जीआई वाले जिलों में करीब 80 हजार हेक्टेयर था। 2024 में बीज बिक्री के अबतक के आंकड़ों के अनुसार यह एक लाख हेक्टेयर तक पहुंच जाएगा। अन्य जिलों और प्रदेशों को शामिल कर लें तो यह रकबा अपेक्षा से बहुत अधिक होगा। मात्र सात साल में इसके रकबे में करीब चार गुना वृद्धि हुई। 2016 में इसका रकबा सिर्फ 2200 हेक्टेयर था, जो 2022 में बढ़कर 70 हजार हेक्टेयर से अधिक हो गया। 2024 में इसके एक लाख हेक्टेयर से अधिक होने की उम्मीद है।

कालानमक धान की इस लोकप्रियता के पीछे योगी सरकार की बड़ी भूमिका है। सिद्धार्थनगर का ओडीओपी घोषित करने के बाद से सरकार ने इसे लोकप्रिय बनाने के लिए कई प्रयास किए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन के उच्चाधिकारियों ने किसानों के साथ सिद्धार्थनगर जाकर बैठकों के साथ फील्ड विजिट किया। किसानों से उनकी समस्याएं जानीं। सरकार की ओर से कपिलवस्तु में कालानमक महोत्सव का शुभारंभ खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। कुशीनगर में आयोजित अंतराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव में आये बौद्ध देश के अतिथियों को गिफ्ट हैंपर के रूप में कालानमक चावल दिया गया। खास अवसर पर खास अतिथियों को दिए जाने गिफ्ट हैंपर में कालानमक अनिवार्यत: होता ही है। दो साल पहले मुख्यमंत्री ने सिद्धार्थनगर में कालानमक के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) का लोकार्पण भी किया था। इसमें कालानमक के ग्रेडिंग, पैकिंग से लेकर हर चीज की अत्याधुनिक सुविधा एक ही छत के नीचे मिल जाती है। योगी सरकार के इन सारे प्रयासों का नतीजा सबके सामने है। यही नहीं, दो साल पहले प्रधानमंत्री ननरेंद्र मोदी ने कालानमक को लोकप्रिय बनाने के लिए वहां के तत्कालीन जिलाधिकारी दीपक मीणा को सम्मानित भी किया था। किसानों में इसका क्रेज देखते हुए कालानमक धान के अनुसंधान पर भी जोर है। वाराणसी स्थित इरी (इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट) इस पर शोध कर रहा। वह कई प्रजातियों पर ट्रायल कर रहा है। ट्रायल में जो प्रजाति बेहतर निकलेगी उसे किसानों में लोकप्रिय किया जाएगा। उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों के बीच काम करने वाली संस्था सस्टेनेबल ह्यूमन डेवलपमेंट को इरी ने पिछले साल कालानमक की 15 प्रजातियों को एक जगह छोटे-छोटे रकबे में डिमांस्ट्रेशन के लिए उपलब्ध कराया है। कटाई पर इसमें से जो भी सर्वश्रेष्ठ होगा उसे किसानों में लोकप्रिय बनाया जाएगा। एनबीआरआई भी कालानमक पर एक शोध प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है।

## आरक्षण न देने की मंशा से भर्तियों में घपले और घोटाले करती है भाजपा: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने नौकरियों में घोटाला किया है। हाईकोर्ट में खुलासा हुआ कि कापियां तक बदल दी गयी। ये अपने लोगों को नौकरियों में एडजेस्ट करने के लिए घोटाला करते हैं। सैफई मेडिकल कालेज में एक ही कोचिंग के बच्चों को बड़े पैमाने पर नौकरी कैसे मिल गयी? सैफई के साथ लखनऊ के अन्य मेडिकल संस्थानों में भी यही हुआ है।

बुधवार को सैफई में सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों में आरक्षण नहीं देना चाहती है। इसलिए भर्तियों में घपले और घोटाले करती है। ये पिछड़े, दलितों और पीडीए परिवार को साजिश के तहत नौकरियों से दूर रखने की कोशिश कर रही हैं। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हैं। चीन और देश की सीमाओं को लेकर सरकार को सावधान रहना चाहिए था और जितने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करना चाहिए था, नहीं किया। फोर्स को पर्याप्त टेक्नोलॉजी और जानकारी मिलनी चाहिए थी। उसमें इंटेलिजेंस फेलियर है, इसके कारण हमारी आंतरिक और बार्डर की सुरक्षा खतरे में हैं। चीन के सवाल पर सरकार झूठ बोलती है। सुनने में आ रहा है कि काफी जमीन कब्जा हो गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से हर मुद्दे पर झूठ बोला है। स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ। नगरों का बुरा हाल है। सड़कों में गड्ढे हैं। जलभराव है। गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। गाड़ियां नहीं चल पा रही हैं। लोगों की जान जा रही है। स्वास्थ्य सेवाएं बेकार हो गयी हैं। बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहा है। उसे नौकरी की तलाश है। भाजपा सरकार पूरी तरह झूठ पर चल रही है। सरकार के लोग जमीनी हकीकत से दूर हैं। महंगाई के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। इनके लोग खूब मुनाफा कमा रहे हैं और किसान को उसकी फसल की कीमत नहीं मिल रही है।

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही सरकार: अजय राय

● 6 वर्ष बाद भी परीक्षाओं का परिणाम घोषित नहीं किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा हैकि 2018 में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा 1388 पदों के लिए जेई परीक्षा सम्पन्न कराई गई थी, जिसका आज 6 वर्ष बाद भी परिणाम घोषित नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार सिर्फ परीक्षा लीक कराकर युवाओं से भविष्य से खिलवाड़ नहीं कर रही बल्कि सम्पन्न हुई परीक्षाओं के परिणाम घोषित न करके भी कर रही है। राय ने कहा कि में युवाओं के प्रति इतनी संवेदनहीन सरकार पहले कभी नहीं रही। न तो परिणाम घोषित किया जाता है और हक मांगने पर उन्हें लाठियों से पीटा जाता है। पिछले 6 वर्षों से सरकार के चक्कर के लगाते-लगाते भी जब परिणाम नहीं आया तो आज नाराज अभ्यर्थियों ने पिकअप भवन के समक्ष धरना दिया। मगर इस निरंकुश सरकार की मंशा बड़ी साफ है, न हक देंगे और मांगोंगे तो पुलिस से पिटवायेंगे। राय ने कहा कि युवा हमारे भविष्य और उनके साथ यह दुर्व्हार नहीं चलेगा। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि परिणाम जल्द-जल्द से घोषित किया जाएगा अन्यथा की दशा में कांग्रेस पार्टी अभ्यर्थियों के हित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## विधायक वेदीराम व विपुल दूबे समेत 18 अभियुक्तों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

विधि संवाददाता। लखनऊ

**गैंगेस्टर** के एक मामले में हाजिर नहीं होने पर विशेष अदालत ने विधायक वेदीराम व विपुल दूबे समेत अन्य अभियुक्तों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। 18 वर्ष पुराना यह मामला थाना कृष्णानगर से संबधित है। इस मामले में हाजिर नहीं होने के चलते अभियुक्तों पर आरोप तय नहीं हो सका है। विशेष जज पुष्कर उपाध्याय ने थाना प्रभारी कृष्णानगर को आदेशित किया है कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। उन्होंने अभियुक्तों के जमानतदारों को भी नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी।

अभियोजन के मुताबिक गैंगेस्टर का यह मामला रेलवे भर्ती बोर्ड ग्रुप डी की परीक्षाा से संबधित प्रश्न पत्र के लीक होने का है। गैंगेस्टर के इस मामले में कुल 19 अभियुक्त हैं। 26 फरवरी 2006 को एसटीएफ ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। बुधवार को अदालत में सिर्फ एक अभियुक्त सुनील यादव हाजिर था। जबकि दोनों विधायक समेत 18 अभियुक्त हाजिर नहीं थे। इस मामले में अभियुक्तों पर आरोप तय होना है। लिहाजा विशेष अदालत ने विधायक वेदीराम व विपुल दूबे के अलावा अभियुक्त संजय श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार, अवधेश, शिवबहादुर सिंह, दीनदयाल, मनोज कुमार मौर्य, शैलेश कुमार सिंह, रामकृपाल सिंह, भद्रमणि त्रिपाठी, आनंद कुमार सिंह, कृष्णकांत, धमेंद्र कुमार, रमेश पटेल, मो. असलम, सुनील कुमार व अख्तर हुसैन के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है।

## यूपी में साल दर साल बढ़ रहा राज्य पक्षी सारस का कुनबा

## वर्ष में दो बार होती है राज्यव्यापी गणना, इस वर्ष ग्रीष्मकालीन गणना में मिले 19918 सारस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में साल दर साल राज्य पक्षी सारस का कुनबा बढ़ता जा रहा है। राज्य में प्रतिवर्ष दो बार गणना की जाती है। प्रदेश में ग्रीष्मकालीन गणना (20-21 जून2024) में कुल 19918 सारस पाए गए हैं। यह पिछले वर्ष की तुलना में 396 अधिक है। वहीं राज्यव्यापी गणना में इटावा वन प्रभाग में सर्वाधिक 3289 सारस मिले। 10 वन प्रभागों में यह संख्या 500 से अधिक रही। मऊ वन प्रभाग में 10 वर्ष में पहली बार छह सारस पक्षी दिखाई दिए। प्रदेश में ग्रीष्मकालीन गणना (20-21 जून2024) में इस बार 10 हजार नागरिकों द्वारा भी भाग लिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पशु-पक्षी व पर्यावरण प्रेम जगजाहिर है। 2017 में सत्ता संभालने के बाद से उन्होंने विभागों को भी इनके संरक्षण पर विशेष जोर दिया। इस क्रम में जब 2021 में सारस की गणना हुई तो यह संख्या 17329 पाई गई। 2022 में यह कुनबा 19188 हुआ। 2023 में यूपी में 19522 सारस मिले, 2024 में बढ़कर यह संख्या 19918 हो गई। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 396 सारस यूपी में बढ़ गए। 2021 से 2024 के बीच प्रदेश में 2589 सारस बढ़े। वर्ष 2024 में सारस की ग्रीष्मकालीन गणना में 10 प्रभागों में इनकी संख्या 500 से ऊपर रही। इटावा वन प्रभाग में सर्वाधिक 3289, मैनपुरी में 2945, शाहजहांपुर में 1212, औरैया में 1202, कन्नौज में 786, हरदोई में 735, संतकबीरनगर में 717, कानपुर देहात में 709, गोरखपुर में 675 और सिद्धार्थनगर में 673 सारस पाए गए। 27 वन प्रभागों में सारस की संख्या 100 से 500 के बीच रही। इनमें रायबरेली में 428, सीतापुर में 427, उन्नाव में 426, बरेली में 348, सोहगीबरवा में 339, लुप्तप्राय 306, बांदा में 261, बाराबंकी में 257, फिरोजाबाद में 239, दक्षिण खीरी में 209, अलीगढ़ व अमेठी में 194-194, बस्ती में 186, गौतमबुद्ध नगर में 171, मथुरा में 166, बिजनौर सामाजिक वानिकी में 143, गोंडा में 142, एटा में 138, सुल्तानपुर में 137, बहराइच में 135, फर्रुखाबाद में 134, कानपुर नगर में 133, राष्ट्रीय चंबल सेंच्युरी में 119, बदायूं में 116, फतेहपुर में 103, चित्रकूट और अवध वन प्रभाग में 102-102 सारस पाए गए।

31 वन प्रभाग ऐसे रहे, जहां 100 से कम सारस मिले। पिछले 10 वर्ष में मऊ में पहली बार दिखे छह सारस दिखे। श्रावस्ती में 99, कासगंज में 95, पीलीभीत सामाजिक वानिकी में 94, हमीरपुर में 86, सोहेलवा में 81, अंबेडकरनगर में 80, अयोध्या में 78, हाथरस में 75, आगरा में 55, कौशांबी व उत्तर खीरी में 54, प्रतापगढ़ में 53, मेरठ में 51, कुशीनगर में 50, बुलंदशहर में 44, मुरादाबाद में 42, कतर्नियाघाट में 36, देवरिया में 34, ललितपुर में 31, मुजफ्फरनगर में 20, महोबा, प्रयागराज व नजीबाबाद में 18-18, संभल में 12, आजमगढ़ व जौनपुर में 11-11, मऊ व रामपुर में छह-छह, उरई में चार, हापुड़ व पलिया-खीरी में दो-दो सारस मिले।

## हाईकोर्ट ने शादी को शून्य घोषित किया

● कहा-हिंदू रीति के बगैर हुआ विवाह तो मैरिज सर्टिफिकेट का भी कोई महत्व नहीं

विधि संवाददाता। लखनऊ



**एक** कथित धर्मगुरु द्वारा धोखाधड़ी कर 18 वर्षीय युवती से किए गए विवाह को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने शून्य घोषित कर दिया है। पीठ ने इसके साथ ही यह स्पष्ट भी किया है कि यदि विवाह हिंदू रीति के बिना हुआ है तो मैरिज रजिस्ट्रार द्वारा जारी मैरिज सर्टिफिकेट अथवा आर्य समाज मंदिर द्वारा जारी प्रमाण पत्र का कोई महत्व नहीं रह जाता। जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश युवती की ओर से दाखिल प्रथम अपील पर दिया है। इस अपील में 29 अगस्त 2023 को परिवार न्यायालय, लखनऊ द्वारा पारित एक निर्णय को चुनौती दी गई थी। पांच जुलाई 2009 को युवती ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 12 के तहत वाद दाखिल करते हुए हुए कथित विवाह को शून्य घोषित करने की मांग परिवार न्यायालय में की थी। वहीं प्रतिवादी ने भी धारा 9 के तहत वैवाहिक अधिकारों के पुर्नस्थापना के लिए वाद दाखिल किया था। परिवार न्यायालय ने दोनों वादों पर एक साथ सुनवाई करते हुए युवती के वाद को निरस्त कर दिया जबकि प्रतिवादी के वाद को मंजूर कर लिया।

# पांच वर्ष में चार लाख भर्तियों, युवाओं के लिए नीति बनाने का प्रस्ताव

**राजस्थान बजट**

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के सालाना बजट में अगले पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियां देने, 25 लाख घरों में नल से जल पहुंचाने, नौ नए (ग्रीनफील्ड) एक्सप्रेसवे बनाने तथा किसानों को 23,000 करोड़ रुपए के ब्याजमुक्त अल्पकालीन फसल ऋण देने की घोषणा की गई है। राज्य की उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सर्वजन हिताय आधारित समावेशी विकास के लक्ष्य वाला बजट बुधवार को विधानसभा में पेश किया। उन्होंने वित्त वर्ष के बजट अनुमानों में दो लाख 64 हजार 461 करोड़ 29 लाख रुपए की राजस्व प्राप्तियों का अनुमान लगाया गया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह बजट इस दृष्टिकोण के साथ पेश किया गया है कि 2047 का राजस्थान कैसा हो। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की अपेक्षाओं को पूरा करेगी। बजट पेश किए जाने के बाद शर्मा ने मीडिया से कहा, हमारे बजट में हमने जो कहा है एक-एक बात को हम पूरा करेंगे क्योंकि हमारी डबल इंजन की सरकार है। मौजूदा भाजपा सरकार का पहला पूर्ण बज पेश करते हुए वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि हमने इस परिवर्तित बजट में अमृत कालखंड-विकसित राजस्थान I 2047 के अन्तर्गत पांच साल की कार्ययोजना बनाकर सर्वजन हिताय आधारित समावेशी विकास का लक्ष्य रखा है। इस कार्ययोजना के अन्तर्गत भविष्य के लिए हमारे 10 संकल्प हैं। इन संकल्पों में राज्य को 350 अरब की अर्थव्यवस्था बनाना, पानी व बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास तथा सम्मान सहित किसान परिवारों का आर्थिक सशक्तीकरण शामिल है।

सरकार के अबतक के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए दिया कुमारी ने कहा कि हमारी सरकार ने कार्यभार संभालते ही नीतिगत दस्तावेज-संकल्प पत्र के माध्यम से जनता से किए गए वादों को धरातल पर लाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं कि इस वित्त वर्ष के प्रारंभ से ही लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लागू होने के बाद भी हमारे द्वारा अल्प अवधि में ही 53 प्रतिशत से अधिक बजट घोषणाओं तथा संकल्प पत्र के 45 बिंदुओं पर कार्यवाही पूरी की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि दिया कुमारी ने लोकसभा चुनाव से पहले आठ फरवरी को लेखानुदान (अंतरिम बजट) पेश किया था। आज पेश बजट में मंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 27,660 करोड़ रुपए रखने का प्रस्ताव किया है। उन्होंने औद्योगिक नीति, युवा नीति, पर्यटन नीति, डेटा सेंटर नीति व खेल नीति सहित कई नई नीतियों की भी घोषणा की।

भर्तियों की घोषणा करते हुए दिया कुमारी ने कहा, हमारी सरकार युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए संवेदनशील है। हमने लेखानुदान प्रस्तुत करते समय लगभग 70 हजार पदों पर भर्तियां किए जाने की घोषणा की थी। हमारे इस कार्यकाल में लगभग 20 हजार युवाओं को नियुक्ति प्रदान की गई। उन्होंने कहा, हमने पांच वर्षों में चार लाख भर्तियां करने का संकल्प लिया है और इस वर्ष के लक्ष्य को भी बढ़ाकर एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा, हम हर वर्ष समयबद्ध रूप से भर्ती परीक्षाएं कराकर युवाओं को रोजगार देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा, मैं सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में, कौशल उन्नयन के साथ ही 10 लाख से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाने की घोषणा करती हूं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत इस वर्ष 15 हजार करोड़ रुपए व्यय कर 25 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। राज्य में पहली बार 2,750 किलोमीटर से अधिक की लंबाई के नौ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण चरणबद्ध रूप से किए जाने को इस वर्ष 30 करोड़ रुपए की लागत से रिपोर्ट डीपीआर बनाई जानी प्रस्तावित है। उन्होंने 500 करोड़ रुपए का प्रावधान कर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना शुरू करने की घोषणा की। वित्तमंत्री ने बाबा साहेब आम्बेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना के तहत 10 हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में वंचित वर्ग की आबादी की आधारभूत संरचनाओं के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान करने, लखपति दीदी योजना के तहत इस वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को पांच लाख से बढ़ाकर कर 15 लाख करने, सरकारी कर्मचारियों के लिए ग्रैच्युटी की वर्तमान अधिकतम सीमा को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने, खाटूश्यामजी को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपए से काम करवाए जाने, इस वर्ष लगभग एक लाख 45 हजार कृषि बिजली कनेक्शन जारी, 23 हजार करोड़ रुपए के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण देने की घोषणा की। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों में दो लाख 64 हजार 461 करोड़ 29 लाख रुपए की राजस्व प्राप्तियां, दो लाख 90 हजार 219 करोड़ 40 लाख रुपए का राजस्व व्यय, 25 हजार 758 करोड़ 11 लाख रुपए का राजस्व घाटा तथा 70 हजार नौ करोड़ 47 लाख रुपए (जीएसडीपी का 3.93 प्रतिशत) रहने का अनुमान है।

# सिक्किम में एसडीएफ के एकमात्र विधायक सत्तारूढ़ एसकेएम में शामिल

**भाषा।** गंगटोक

**सिक्किम** डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के एकमात्र विधायक तेनजिंग नोरबू लाम्था बुधवार को सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) में शामिल हो गए। लाम्था ने दावा किया कि मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग नीत एसकेएम के पक्ष में भारी जनसमर्थन है। लाम्था के एसकेएम में शामिल होने के बाद सिक्किम विधानसभा में विपक्ष खत्म हो गया क्योंकि राज्य की सभी 32 सीट पर एसकेएम का कब्जा हो गया।

लाम्था ने संवाददाताओं से कहा, मैंने अपने क्षेत्रवासियों से सलाह ली और उन्होंने मुझे एसकेएम में शामिल होने का सुझाव दिया क्योंकि माहौल और जनसमर्थन सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष में है। लाम्था ने तमांग के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, एसकेएम सरकार ने पिछले पांच वर्षों में राज्य के विकास और लोगों के कल्याण के लिए जबरदस्त काम किया है। इसलिए जनता ने सत्तारूढ़ पार्टी के प्रदर्शन को सराहते हुए भारी बहुमत दिया है।

श्यारी विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए सिंह ने दावा किया कि लोगों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सिक्किम विधानसभा में और बाहर एसकेएम का विरोध करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इससे पहले सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने फेसबुक पर पोस्ट कर कहा, मुझे आज अपने सरकारी आवास पर 23-स्यारी विधानसभा सीट के विधायक तेनजिंग नोरबू लाम्था से मिलकर बेहद खुशी हुई। वे आधिकारिक तौर पर हमारे एसकेएम परिवार में शामिल हो गए हैं।

तमांग ने माना कि लाम्था ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के हितों से जुड़ी चिंताएं जाहिर की थीं। उन्होंने कहा कि एक व्यापक विकास योजना के हिस्से के रूप में अब इस निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को हल किया जाएगा। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में लाम्था एसडीएफ के एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने जीत हासिल की। उन्होंने एसकेएम के वरिष्ठ नेता एवं शिक्षा मंत्री कुंगा नीमा लेप्चा को I,314 मतों के अंतर से हराया था। दो जून को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से ही उनके एसकेएम में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। जब उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा गया तो लाम्था ने कहा था, मैं जनता से सलाह करने के बाद आगे कदम उठाऊंगा। एसकेएम ने 32 सदस्ईय विधानसभा में 31 सीट पर जीत हासिल की थी जबकि विपक्षी एसडीएफ को सिर्फ एक सीट मिली थी।

# पीएम का मणिपुर की यात्रा करना या नही करना कोई मुद्दा ही नहीं : सीएम

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य का दौरा किया जाना या नहीं किया जाना, कोई मुद्दा ही नहीं है क्योंकि उनकी सरकार चौबीसों घंटे उनके संपर्क में है। सिंह का यह बयान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मणिपुर दौरे के दो दिन बाद आया है। गांधी ने सोमवार को मणिपुर का दौरा किया था और प्रधानमंत्री मोदी से जातीय संघर्ष से प्रभावित राज्य में आकर लोगों को सांत्वना देने का अनुरोध किया था।



मुख्यमंत्री ने भाजपा की राज्य इकाई की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक से इतर संवाददाताओं से कहा, यह कोई सवाल ही नहीं है कि प्रधानमंत्री राज्य का दौरा करते हैं या नहीं। प्रधानमंत्री का आना स्थिति पर निर्भर करता है। सिंह ने यह स्पष्ट नहीं किया कि स्थिति से उनका क्या अभिप्राय है। हम चौबीसों घंटे उनके संपर्क में हैं और उनके मार्गदर्शन में काम कर रहे हैं। सभी राहत कार्य, सुरक्षा उपाय, खाद्य और चिकित्सा प्रावधान प्रधानमंत्री की सलाह और सहमति के बाद ही किए जा रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा में पिछले वर्ष मई से अब तक 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। सिंह ने कहा, दोनों समुदायों के बीच सुलह के प्रयास जारी हैं। हमें मुद्दों को सुलझाना होगा। भाजपा की बैठक में, राज्य में हाल में आई बाढ़ पर भी चर्चा हुई।

# न्यायालय ने अदाणी समूह की कम्पनी को दी गई जमीन वापस लेने के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी जिसमें राज्य सरकार से मुंद्रा बंदरगाह के पास 2005 में अदाणी समूह की कंपनी को दी गई लगभग 108 हेक्टेयर चारागाह भूमि को वापस लेने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड की अपील पर गौर किया कि न्याय के हित में इस आदेश पर रोक लगाना जरूरी है। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाए। उक्त आदेश पर रोक लगाई जाए।

राज्य सरकार ने पांच जुलाई को उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि वह लगभग 108 हेक्टेयर गौचर भूमि वापस लेगी जो अदाणी समूह की कंपनी को 2005 में दी गई थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था, गुजरात राज्य के राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के हलफनामे पर गौर करते हुए हम संबंधित प्राधिकारीा अधिकारियों से कानून के अनुरूप प्रक्रिया पूरी करने की अपेक्षा करते हैं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 26 जुलाई निर्धारित की थी।

कच्छ जिले के नवीनल गांव के निवासियों ने अदाणी की कंपनी को 231 एकड़ गौचर भूमि आवंटित करने के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी। हालांकि राज्य राजस्व विभाग ने 2005 में आवंटन किया था लेकिन ग्रामीणों को इसके बारे में 2010 में तब पता चला जब एपीएसईजेड ने उसे मिली गौचर भूमि पर बाड़ लगानी शुरू की। स्थानीय निवासियों ने बताया कि एपीएसईजेड को 276 एकड़ में से 231 एकड़ भूमि आवंटित किए जाने के बाद गांव में केवल 45 एकड़ चारागाह भूमि बची। स्थानीय निवासियों ने कहा कि यह कदम अवैध है क्योंकि गांव में पहले से ही चारागाह भूमि की कमी है। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि यह भूमि सामुदायिक संसाधन है।

उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में जनहित याचिका का निपटारा कर दिया था जब राज्य सरकार ने अपने हलफनामे में कहा था कि उपायुक्त ने चारागाह के लिए 387 हेक्टेयर अतिरिक्त सरकारी भूमि देने का आदेश पारित किया है। हालांकि जब ऐसा नहीं हुआ तो उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की गई। राज्य सरकार ने 2015 में उच्च न्यायालय में एक पुनर्विचार याचिका दायर की जिसमें तर्क दिया गया कि पंचायत के आवंटन के लिए उपलब्ध भूमि केवल 17 हेक्टेयर है। इसके बाद राज्य सरकार ने शेष भूमि लगभग सात किलोमीटर दूर आवंटित करने का प्रस्ताव रखा लेकिन ग्रामीणों ने उसे स्वीकार नहीं किया। उनका कहना था कि मवेशियों के लिए इतनी दूर जाना संभव नहीं है।

एक खंडपीठ ने अप्रैल 2024 में राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को समाधान निकालने का निर्देश दिया था। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने पांच जुलाई को एक हलफनामा दाखिल करके पीठ को सूचित किया कि राज्य सरकार ने एपीएसईजेड को पूर्व में आवंटित लगभग 108 हेक्टेयर या 266 एकड़ गौचर भूमि वापस लेने का फैसला किया है। राजस्व विभाग ने अदालत को सूचित किया कि राज्य सरकार गौचर के रूप में 129 हेक्टेयर भूमि की पुनः पूर्ति करेगी और उसे गांव वालों को देगी और इसके लिए वह कुछ अपनी भूमि का इस्तेमाल करेगी तथा 108 हेक्टेयर अदाणी समूह की कंपनी से वापस ली जा रही है।

# नीतीश ने निजी कंपनी के अधिकारी को पैर छूने की पेशकश कर शर्मिंदा किया

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को यहां रोडवेज परियोजना का जिम्मा संभाल रही एक निजी कंपनी के एक प्रतिनिधि को पैर छूने की पेशकश कर शर्मिंदा करने की कोशिश की। पटना में जेपी गंगा पथ के दूसरे चरण का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री जैसे ही वहां से चलने के लिए उठे तो सामने खड़े निर्माण एजेंसी के इंजीनियर से कहा कि तेजी से काम को पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल्दी से जल्दी काम पूरा होना चाहिए.. कहिए तो आपके पैर भी छू लेंगे। कुमार इंजीनियर का पैर छूने के लिए जैसे ही आगे बढ़े, वहां मौजूद पथ निर्माण विभाग के सचिव प्रत्यय अमृत ने हाथ जोड़कर उनका रास्ता रोक लिया और ऐसा नहीं करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा स्थानीय सांसद रवि शंकर प्रसाद भी मौजूद थे। एक सप्ताह पहले भी मुख्यमंत्री ने आईएएस अधिकारी के पैर छूने की पेशकश करते हुए व्यापक सर्वेक्षण करके भूमि विवादों को जल्दी से जल्दी निपटाने का आग्रह किया था। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो फुटेज साझा करते हुए लिखा, पूरे विश्व में इतना असहाय, अशक्त, अमान्य, अक्षम, विवश, बेबस, लाचार और मजबूर कोई ही मुख्यमंत्री होगा जो बीडीओ, एसडीओ, थानेदार से लेकर वरीय अधिकारियों और यहाँ तक कि संवेदक के निजी कर्मचारी के सामने बात-बात पर हाथ जोड़ने और पैर पड़ने की बात करता हो? उन्होंने लिखा, बिहार में बढ़ते अपराध, बेलगाम भ्रष्टाचार, पलायन एवं प्रशासनिक अराजकता का मुख्य कारण यह है कि एक कर्मचारी तक (अधिकारी तो छोड़िए) मुख्यमंत्री की नहीं सुनता? क्यों नहीं सुनता और क्यों नहीं आदेशों का पालन करता, यह विचारनीय विषय है? हालाँकि इसमें कर्मचारी व अधिकारियों का अधिक दोष भी नहीं है। यादव ने कहा, एक कमजोर बेबस मुख्यमंत्री के कारण बिहार में होना वही है जो चंद सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों ने ठाना है क्योंकि अधिकारी भी जानते है कि ए 43 सीट वाली तीसरे नंबर की पार्टी के मुख्यमंत्री है। राजद नेता ने कहा, जब शासन में इक़बाल खत्म हो जाए हो और शासक में आत्मविश्वास ना रहे तब उसे सिद्धांत,जमीर और विचार किनारे रख ऊपर से लेकर नीचे तक बात-बात पर ऐसे ही पैर पड़ना पड़ता है। बहरहाल हमें कुर्सी की नहीं बल्कि बिहार और 14 करोड़ बिहारवासियों के वर्तमान और भविष्य की चिंता है।

# गौशाला में बाजरा खाने से छह गायों की मौत, दो अधिकारी निलंबित

**संभल (उप्र)।** संभल जिले में बुधवार को एक सरकारी गौशाला में कथित रूप से दूषित बाजरा खाने से छह गायों की मौत हो गई, जिसके बाद प्रशासन ने लापरवाही बरतने के आरोप में पशुधन अधिकारी समेत दो अफसरों को निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पेसियां ने बताया कि संभल थाना क्षेत्र में स्थित शरीफपुर गांव में एक सरकारी गौशाला में बाजरा खाने के बाद कई गायों की तबीयत अचानक खराब हो गई और देखते ही देखते उनमें से छह गायों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि छह अन्य बीमार गायों का इलाज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी सौरभ सिंह और पशु धन विभाग के अधिकारी शिवम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा खंड विकास अधिकारी समेत चार अफसरों से स्पष्टीकरण मांगा गया है, दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्वाई की जाएगी।

# मदरसे के दो छात्रों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

**बलिया (उप्र)।** बलिया जिले के खेजुरी क्षेत्र में स्थित एक मदरसे में बुधवार को दो छात्रों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई है। खेजुरी थाना क्षेत्र के जनुआन गांव में स्थित एक मदरसे में सुबह मोहम्मद शमशाद (10) और मोहम्मद अमान (10) नामक छात्रों की अचानक तबीयत खराब हो गई, दोनों को तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया , जहां उनकी मौत हो गई। दोनों छात्र बिहार के कटिहार के निवासी थे। मदरसे में कुल 74 छात्र पढ़ते हैं, सभी छात्र नियमित रूप से अलग-अलग घरों में भोजन करते हैं, शमशाद और अमान ने मंगलवार की रात अलग-अलग घरों में भोजन किया था, दोनों छात्र रात में सोए और बुधवार तड़के नमाज भी अदा की। दोनों छात्रों ने आज सुबह पेट में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें एक निजी क्लीनिक में ले जाया गया। दोनों के निजी क्लीनिक से जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां उनकी मौत हो गई। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## चार सरकारी बैंकों ने सरकार को 6,481 करोड़ रुपए का लाभांश

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक और इंडियन बैंक समेत सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल 6,481 करोड़ रुपए के लाभांश चेक सौंपे। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ देबदत्त चंद से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2,514.22 करोड़ रुपए का लाभांश चेक प्राप्त हुआ। इसी तरह, केनरा बैंक के एमडी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के सत्यनारायण राजू ने I,838.15 करोड़ रुपए का लाभांश चेक सौंपा। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक ने भी पिछले वित्त वर्ष के लिए सरकार को 1,193.45 करोड़ रुपए का लाभांश चेक दिया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने भी वित्त मंत्री को 935.44 करोड़ रुपए का लाभांश दिया।

# बाल विवाह में शामिल लोगों को अभियोजित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि बाल विवाह में संलिप्त लोगों को अभियोजित करने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा क्योंकि इसके सामाजिक आयाम हैं। साथ ही, शीर्ष अदालत ने देश में बाल विवाह के मामलों में वृद्धि का आरोप लगाते हुए दायर की गई जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। केंद्र ने दलील दी कि राज्यों में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसपर, शीर्ष अदालत ने कहा, ए कार्यक्रम, व्याख्यान जमीनी स्तर पर वास्तव में चीजें नहीं बदलते हैं।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन ने 2017 में शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को बखूबी लागू नहीं किया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील और केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की दलीलें सुनीं और इसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

पीठ ने कहा, यह केवल अभियोजन का मामला नहीं है। बाल विवाह में शामिल लोगों पर मुकदमा चलाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, क्योंकि इसके सामाजिक आयाम हैं। अदालत ने इसी के साथ दोनों पक्षों के वकीलों से इस मुद्दे से निपटने के लिए आगे के उपाय सुझाने को कहा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम यहां किसी की आलोचना करने के लिए नहीं हैं। यह एक सामाजिक मुद्दा है। उन्होंने अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल से पूछा कि सरकार इस पर क्या कर रही है।

सुनवाई की शुरुआत में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने पीठ को वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी और कहा कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और असम जैसे राज्यों में बाल विवाह के अधिक मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि असम को छोड़कर पूर्वोत्तर के किसी राज्य से बाल विवाह का शायद ही कोई मामला आाया हो।

भाटी ने कहा कि दादरा नगर हवेली, मिजोरम और नगालैंड सहित पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बाल विवाह का कोई मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि गत तीन साल में स्थिति में सुधार आया है। भाटी ने बताया कि 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 29 ने बाल विवाह से संबंधित आंकड़े मुहैया कराए हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह में दोषसिद्धि के आंकड़े उपलब्ध नहीं है। अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ने कहा, इस संबंध में डेटा यहां नहीं है। हम इसे प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन कृपया देखें, बहुत सुधार हुआ है। 2005-06 की तुलना में बाल विवाह के मामलों में 50 प्रतिशत की कमी आई है।

# मुकेश अंबानी ने बेटे की शादी का पहला निमंत्रण बांके बिहारी को भेजा

**मथुरा (उप्र)।** देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने पुत्र अनंत की शादी का पहला निमंत्रण मंगलवार को वृन्दावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी को भेजा और उनसे पुत्र एवं पुत्रवधू को आशीर्वाद देने की प्रार्थना की। उद्योगपति के प्रतिनिधियों ने मंदिर के सेवायत पुजारी आचार्य गोपी गोस्वामी एवं श्रीनाथ गोस्वामी से भेंट कर ठाकुरजी को निमंत्रण पत्र दिया। गोस्वामी ने बताया कि प्रतिनिधियों ने पूर्ण वैदिक परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चार के बीच मुकेश अंबानी द्वारा भेजा गया निमंत्रण ठाकुरजी के चरणों में रखा और उनसे अंबानी परिवार पर कृपा बनाए रखने तथा पुत्र एवं पुत्रवधू को आशीर्वाद देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा उद्योगपति ने बेटे की शादी का निमंत्रण बांके बिहारी के साथ-साथ स्वामी हरिदासीय संप्रदाय से जुड़े टटिया स्थान आश्रम को भी भेजा है। गोस्वामी ने बताया कि वह ठाकुरजी की ओर से अंबानी के पुत्र की शादी में शामिल होने अपने अनुज श्रीनाथ गोस्वामी के साथ मुंबई जाएंगे और विवाह के अवसर पर अंबानी परिवार को ठाकुर जी के आशीर्वाद स्वरूप प्रसादी व अंगवस्त्र भेंट करेंगे। मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी 12 जुलाई को मुंबई में राधिका मर्चेंट के साथ होगी।

# पेज 1 का शेष

## बिजली बिलों...

1200 यूनिट से अधिक खपत के लिए 11.03 रुपये प्रति यूनिट है। 38.75 प्रतिशत पीपीएसी के साथ एनडीएमसी उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। 0-200 यूनिट के लिए नई दर 4.16 रुपये प्रति यूनिट है. उच्च उपयोग श्रेणियों के लिए, दरें अब 201-400 इकाइयों के लिए 6.24 रुपये और 1200 इकाइयों से अधिक खपत के लिए 11.10 रुपये प्रति यूनिट हैं। बिजली दरों में यह बढ़ोतरी पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट (पीपीएसी) के तहत की गई है। यह समायोजन उन लागतों को कवर करने के लिए किया गया है जो बिजली वितरण कंपनियां बिजली उत्पादन कंपनियों से बिजली खरीदते समय उठाती हैं। फिर ऊंची लागत उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिलों के माध्यम से दी जाती है। सूत्रों ने कहा कि पीपीएसी डिस्कॉम द्वारा की गई बिजली खरीद लागत में भिन्नता को पूरा करने के लिए विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रदान किया गया एक अधिभार है। सूत्रों ने कहा, बिजली खरीद लागत कोयले/ईंधन की कीमतों पर निर्भर है। हाल ही में, उच्च आयात और परिवहन लागत के कारण कोयले की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पीपीएसी की वसूली उपभोक्ता तक लागत का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए की जाती है, क्योंकि किसी भी देरी से उन पर ब्याज लागत का बोझ बढ़ जाएगा, जो उनके हितों के लिए हानिकारक है। पीपीएसी एक वैधानिक आदेश है और यह प्रक्रिया नियामक द्वारा अत्यधिक पारदर्शी और मान्य है। पीपीएसी के बिना, डिस्कॉम को तरलता तनाव का सामना करना पड़ेगा और जनरेटर को भुगतान करने के लिए आवश्यक धन की कमी होगी। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पीपीएसी बिजली खरीद के लिए जनरेटर को पहले से भुगतान किए गए पैसे की वसूली का प्रतिनिधित्व करता है। सूत्रों के अनुसार, देश भर में 25 से अधिक राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने एपीटीईएल के दिनांक 11.11.2011 के निर्देशों के अनुरूप ईंधन अधिभार समायोजन फॉर्मूला/तंत्र लागू किया है, जो 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। सूरत और अहमदाबाद समेत गुजरात में 50 फीसदी तक पीपीएसी सरचार्ज है। सूत्रों ने कहा, यदि किसी तिमाही के लिए पीपीएसी 5फीसदी से अधिक नहीं है, तो वितरण लाइसेंसधारी नियामक कार्यवाही से गुजरे बिना आयोग को पूर्व सूचना देकर गणना की गई पीपीएसी का 90 फीसदी पीपीएसी लगा सकता है। यदि पीपीएसी 5 फीसदी से अधिक है, लेकिन किसी भी तिमाही के लिए 10 फीसदी से अधिक नहीं है तो वितरण लाइसेंसधारी 5 फीसदी का पीपीएसी और शेष पीपीएसी का 75 फीसदी (वास्तविक पीपीएसी-5 फीसदी) लगा सकता है, बिना नियामक के आयोग को पूर्व सूचना दिए।

## मुस्लिम महिला....

मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों को लागू करना होगा। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के वकील वसीम कादरी की दलीलें सुनने के बाद 19 फरवरी को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में न्यायालय की सहायता के लिए उसने वकील गौरव अग्रवाल को न्याय मित्र नियुक्त किया था। कादरी ने दलील दी थी कि सीआरपीसी की धारा-125 के मुकाबले 1986 का कानून मुस्लिम महिलाओं के लिए ज्यादा फायदेमंद है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 13 दिसंबर 2023 को समद की पत्नी को अंतरिम गुजारे भत्ते के भुगतान के संबंध में परिवार अदालत के फैसले पर रोक नहीं लगाई थी। हालांकि, उसने गुजारा भत्ता की राशि प्रति माह 20 हजार रुपए से घटाकर 10 हजार कर दी थी, जिसका भुगतान याचिका दाखिल करने की तिथि से किया जाना था। समद ने उच्च न्यायालय में दलील दी थी कि दंपति ने 2017 में पर्सनल लॉ के अनुसार तलाक ले लिया था और उसके पास तलाक प्रमाणपत्र भी है, लेकिन परिवार अदालत ने इस पर विचार नहीं किया और उसे पत्नी को अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया। उच्च न्यायालय से कोई राहत न मिलने पर समद ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था।

## आगरा-लखनऊ

एक बच्चा शामिल है। उन्होंने बताया कि हादसे में 19 लोग घायल हो गए हैं। परिवहन विभाग के मुताबिक दुर्घटनाग्रस्त डबल डेकर बस यातायात के लिए फिट नहीं थी और इस मामले में बस मालिक व चालक समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बांगरमऊ के क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि मरने वाले 18 लोगों में से 10 की पहचान हो चुकी है। मरने वालों में मेरठ के एक ही परिवार के छह सदस्य अशफाक (45), रूबी (40), गुलनाज (12), सुहैल (4), सोनू (32) तथा सोनी (28) शामिल हैं। उन्होंने बताया इस घटना में मारे गए बस चालक की पहचान बिहार के निवासी अखलाक (49) तथा दूध कैंटर के चालक की शिनाख्त रायबरेली के सुनील कुमार (35) के रूप में हुई है। क्षेत्राधिकारी कुमार ने बताया कि दो अन्य की पहचान बिहार के दीपक कुमार (27) व बिहार के ही शिवदयाल (28) के रूप में हुई है।

## बिहार में पुलों...

जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के एक पैनल द्वारा की गई जांच ने राज्य में बार-बार होने वाली बुनियादी ढांचे की विफलताओं को संबोधित करने के उद्देश्य से इन उपायों को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले सप्ताह अधिकारियों को राज्य के सभी पुराने पुलों का सर्वेक्षण करने और उन पुलों की पहचान करने का निर्देश दिया था जिनकी तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। पिछले 20 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए। डब्ल्यूआरडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने राज्य में संवाददाताओं को बताया कि रिपोर्ट में पाया गया कि इंजीनियर लापरवाह थे और निगरानी अप्रभावी थी, जो राज्य में छोटे पुलों और पुलों के ढहने का मुख्य कारण है। निलंबित किये गये लोगों में चार कार्यपालक अभियंता भी शामिल हैं। ग्रामीण कार्य विभाग ने अररिया जिले में पुल के निर्माण में शामिल ठेकेदार को काली सूची में डालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। आरडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा, विभाग ने जांच पूरी होने तक ठेकेदार/फर्म का उसके पिछले काम का भुगतान भी रोक दिया है।

## बेटे की चाह...

इसके मामले की जांच अपराध शाखा को सौंपी गई। जांच टीम को छानबीन में पता चला कि नीरज सोलंकी अपनी प्रॉपर्टी से मिलने वाले किराए से जीवनयापन करता था। पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की कॉल डिटेल का विश्लेषण किया और पाया कि नीरज पुलिस को चकमा देने के लिए बार-बार अपना मोबाइल फोन, सिम और ठिकाने बदल रहा है। दिल्ली और हरियाणा में कई जगहों पर छापेमारी के बाद नीरज सोलंकी को रोहतक के सांपला से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने हत्या करने की बात कबूल कर ली।

## वोनस राशि...

विश्व कप विजेता के रूप में किया और इस तरह की चर्चा है कि वह मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में आईपीएल फ्रेंचाइजी से जुड़ सकते हैं। वहीं राहुल द्रविड़ के इस कदम पर क्रिकेटर से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, 'खुशबू उनके चरित्र से आती है, इत्र से नहीं।' भारतीय क्रिकेट कमेंटेटर और पत्रकार हर्ष भोगले ने एक्स पर कहा, 'ऐसी दुनिया में जहां 'आओ-मुझे देखो' एक बीमारी है और पेड पीआर जीवन का एक स्वीकार्य तरीका है, उसमें राहुल द्रविड़ विनम्रता की मिसाल पेश करते हैं। एक्स यूजर स्वाति बेलन ने राहुल की सराहना करते हुए उन्हें ईमानदार व्यक्ति कहा। एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि इन जैसे कारणों से द्रविड़ उनके क्रिकेटिंग हीरो हैं। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व क्रिकेटर सच्चे जीवित किंवदंती हैं। इस बीच बीसीसीआई ने मंगलवार को भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को अगले तीन साल के लिए भारतीय टीम का नया कोच नियुक्त किया। गंभीर की कोचिंग में कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस साल अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीता।

## किसानों को...

के साथ 23 नामचीन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इनमें ओलिंपिक मे़डलिस्ट, द्रोणाचार्य अवार्डी, ध्यानचंद अवार्डी, अर्जुन अवार्डी, भारत केसरी, हिंद केसरी, एशियन खेलों के पदक विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों के साथ करीब तीन दर्जन ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि और प्रमुख प्रगतिशील किसान भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# रूस ने प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा को ऐतिहासिक, परिवर्तनकारी बताया

**भाषा।** नई दिल्ली



**रूस के** दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को की दो दिवसीय यात्रा और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी शिखर वार्ता अशांत भूराजनीतिक माहौल को देखते हुए ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी रही। उन्होंने मोदी और पुतिन की शिखर वार्ता के एक दिन बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर थी जिससे यह स्पष्ट है कि यह यात्रा कितनी महत्वपूर्ण थी। रूसी राजनयिक ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत में भारत-रूस व्यापार और आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।शिखर वार्ता की प्रमुख बातों पर प्रकाश डालते हुए बाबुश्किन ने कहा कि भारत और रूस ने राष्ट्रीय मुद्राओं का इस्तेमाल करने वाली द्विपक्षीय भुगतान प्रणाली को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। यूक्रेन पर रूस के हमले की शुरुआत के बाद अपनी पहली यात्रा में मोदी ने आठ और नौ जुलाई को मॉस्को की दो दिवसीय यात्रा की और इस दौरान उन्होंने पुतिन के साथ शिखर वार्ता की। बाबुश्किन ने प्रेस वार्ता में कहा, नेताओं ने सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने का फैसला किया है। यह हमारे आसपास के अशांत माहौल को देखते हुए एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने मोदी की मॉस्को यात्रा से पहले अमेरिका द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों की भी आलोचना की तथा इन टिप्पणियों को दोनों देशों के संबंधों में हस्तक्षेप बताया। बाबुश्किन ने कहा, यह दो स्वतंत्र वैश्विक शक्तियों की आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित बैठक थी। जब रूस-भारत संबंधों की बात आती है तो बाहरी कारक ज्यादा भूमिका नहीं निभाते हैं। वरिष्ठ राजनयिक ने कहा कि दोनों पक्षों ने जीवाश्म ईंधन, परमाणु ऊर्जा और व्यापार सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

शिखर वार्ता के प्रमुख नतीजों पर प्रकाश डालते हुए बाबुश्किन ने कहा कि भारत और रूस ने राष्ट्रीय मुद्राओं का इस्तेमाल करते हुए द्विपक्षीय भुगतान प्रणाली को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, यदि आपने गौर किया होगा, तो संयुक्त वक्तव्य का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह था कि हमने राष्ट्रीय मुद्रा निपटान के ढांचे के अंतर्गत भुगतान प्रणाली बनाने के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। रूसी सेना में काम कर रहे भारतीयों की वापसी की भारत की मांग पर उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे पर भारत से सहमत हैं।

यह पूछे जाने पर कि भारतीय स्वदेश कब लौटेंगे, बाबुश्किन ने कहा, हमें उम्मीद है कि इसे जल्द ही हल कर लिया जाएगा।

# डेंगू की रोकथाम के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन शुरू की जाए: नड्डा

**नई दिल्ली** (भाषा)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अधिकारियों को डेंगू रोकथाम और जागरूकता के लिए 24 घंटे संचालित रहने वाली हेल्पलाइन शुरू करने का निर्देश देते हुए बुधवार को कहा कि जिन राज्यों और क्षेत्रों में इस मच्छर जनित रोग के मामले बार-बार सामने आते हैं, वहां अधिक ध्यान देने की जरूरत है। नड्डा ने मानसून की शुरुआत और डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर डेंगू की स्थिति और उसकी रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारी की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। स्वास्थ्य मंत्री ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों को विशिष्ट डेंगू वार्ड बनाने का निर्देश दिया, जो पूरी तरह से प्रशिक्षित कर्मियों, दवाओं और इससे संबंधित अन्य संचालन व्यवस्था से सुसज्जित हों। उन्हें अपनी नैदानिक सुविधाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए एक रेफरल प्रणाली बनाने का भी निर्देश दिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, नड्डा को देश भर में डेंगू की स्थिति और मंत्रालय की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें यह बताया गया कि केंद्रित, समयबद्ध और सहयोगात्मक



गतिविधियों के परिणामस्वरूप डेंगू से होने वाली मृत्यु दर 3.3 प्रतिशत (1996) से घटकर 2024 में 0.1 प्रतिशत हो गई है। विज्ञप्ति में कहा गया कि मानसून की शुरुआत से उत्पन्न चुनौती और बरसात के मौसम के दौरान डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या के खतरे को रेखांकित करते हुए नड्डा ने डेंगू के खिलाफ तैयार रहने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को डेंगू के खिलाफ रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन संबंधी कदमों को मजबूत करने और इससे लड़ने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। नड्डा ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे मुख्य रूप से उन राज्यों और क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित करें, जहां से अकसर डेंगू के प्रकोप की खबर आती हैं। उन्होंने अधिकारियों से डेंगू की रोकथाम पर ठोस परिणाम लाने के लिए राज्यों के साथ सक्रिय रूप से काम करने का आग्रह किया।

उन्होंने डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर संवेदनशीलता के लिए, विशेष रूप से, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, नगर निगमों और स्थानीय स्वशासन निकायों को शामिल करते हुए अंतर-मंत्रालई बैठक पर जोर दिया। नड्डा ने कहा कि केंद्र डेंगू गतिविधियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए समय पर कार्वाई करने के लिए राज्यों के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर रहा है। मंत्री ने कहा कि डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण पर हितधारकों तथा मंत्रालयों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न सेक्टरों के बीच बैठकें आयोजित की गई हैं। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार लंबे समय से तकनीकी और बजटीय समर्थन प्रदान कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप आने वाले वर्षों में ए गतिविधियां और मजबूत होंगी। नड्डा ने संचार और जागरूकता बढ़ाने की गतिविधियों के महत्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि एडीस मच्छर जो आमतौर पर दिन में काटता है, के बारे में स्कूल जाने वाले बच्चों और अन्य लोगों के बीच ऐसे कपड़े पहनने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए, जो शरीर को पूरी तरह से ढककर रखें। इसके तहत पानी के पात्रों आदि को ठहरे हुए पानी से मुक्त रखने का काम बड़े पैमाने पर किया जाएगा। देशभर में टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया आदि मंचों के माध्यम से जागरूकता के लिए एक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान भी चलाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को डेंगू की रोकथाम और जागरूकता के लिए 24 घंटे संचालित होने वाली केंद्रीय हेल्पलाइन शुरू करने और लक्षणों, उपचार प्रोटोकॉल तथा आपातकालीन स्थिति के दौरान सहायता देने के निर्देश दिए। राज्यों को भी इसी तरह के हेल्पलाइन नंबर शुरू करने की सलाह दी गई।स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. अतुल गोयल ने डेंगू के प्रकोप को रोकने के लिए राज्यों में नगर निकायों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## वित्त मंत्रालय ने ऐतिहासिक फैसले में महिला आईआरएस अधिकारी के नाम व लैंगिक पहचान बदलने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की एक वरिष्ठ महिला अधिकारी के सभी आधिकारिक अभिलेखों में उनका नाम और लैंगिक पहचान (जेंडर) बदलने के अनुरोध को मंजूरी दे दी है। यह अनुरोध 2013 बैच की आईआरएस (सीमा शुल्क व अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी सुश्री एम. अनुसूया ने किया था। वह वर्तमान में हैदराबाद में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क व सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के मुख्य आयुक्त के कार्यालय में संयुक्त आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं। अनुसूया ने अपना नाम बदलकर एम. अनुकाथिर सूर्या और लैंगिक पहचान महिला से पुरुष करने का अनुरोध किया था। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने नौ जुलाई 2024 को जारी कार्यालय आदेश में कहा कि प्राधिकारी ने उनके अनुरोध पर विचार किया गया और अब से अधिकारी को सभी आधिकारिक अभिलेखों में श्री अनुकाथिर सूर्या के रूप में मान्यता दी जाएगी। यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है। सूर्या ने दिसंबर 2013 में चेन्नई में सहायक आयुक्त के रूप में अपना करियर शुरू किया था। 2018 में उन्हें उप आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया गया। पेशेवर मंच लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, पिछले साल वह हैदराबाद में तैनात की गईं। सूर्या ने 2010 में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार में स्नातक की डिग्री हासिल की। 2023 में भोपाल में नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी से साइबर लॉ एंड साइबर फोरेंसिक में पीजी डिप्लोमा किया।

## उड़द की थोक कीमतों में नरमी आनी शुरू: सरकार

**नई दिल्ली।** उड़द की कीमतों में तेजी के बीच सरकार ने बुधवार को कहा कि आपूर्ति बढ़ाने के प्रयासों और चालू खरीफ सत्र में बुवाई का रकबा बढ़ने से दिल्ली और इंदौर के थोक बाजारों में इसके दाम में नरमी आनी शुरू हो गई है। चालू खरीफ सत्र में पांच जुलाई तक उड़द की बुवाई का रकबा बढ़कर 5.37 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 3.67 लाख हेक्टेयर था। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उपभोक्ता मामलों के विभाग के लगातार प्रयासों का नतीजा उड़द की कीमतों में नरमी के रूप में निकला है। सरकार के सक्रिय कदम उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को स्थिर करने और किसानों के लिए अनुकूल मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिहाज से अहम रहे हैं। अच्छी बारिश की उम्मीद से किसानों का मनोबल बढ़ने की उम्मीद है। इससे मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख उड़द उत्पादक राज्यों में उड़द की अच्छी फसल होने की संभावना है। खरीफ बुवाई सत्र से पहले नैफेड और एनसीसीएफ जैसी सरकारी एजेंसियों के माध्यम से किसानों के पूर्व-पंजीकरण में उल्लेखनीय तेजी आई है। ए एजेंसियां किसानों से उड़द की खरीद करेंगी। अकेले मध्य प्रदेश में 8,487 उड़द उत्पादक किसान पहले ही एनसीसीएफ और नैफेड के माध्यम से अपना पंजीकरण करा चुके हैं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी क्रमश: 2,037, I,611 और I,663 किसानों ने अपना पंजीकरण कराया है। मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत नैफेड और एनसीसीएफ की तरफ से ग्रीष्मकालीन उड़द की खरीद की जा रही है।

## खिलौना उद्योग कारीगरों की मदद करें रचनात्मकता को बढ़ावा दें: जितिन प्रसाद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने घरेलू खिलौना उद्योग से कारीगरों की मदद करने और सृजन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए कहा है। प्रसाद ने यहां आठ जुलाई को खिलौना कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उद्योग को क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहयोग बढ़ाना चाहिए। इस बैठक ने भारतीय और वैश्विक खिलौना उद्योगों के बीच सहयोग के लिए मंच प्रदान किया है। इसमें वॉलमार्ट, अमेजन, स्पिन मास्टर और आईएमसी टॉयज सहित प्रमुख वैश्विक कंपनियों के साथ सनलॉर्ड अपैरल्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी, प्लेग्रो टॉयज तथा लिटिल जीनियस टॉयज जैसी घरेलू कंपनियों ने भाग लिया। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि उद्योग के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद मिली है। डीपीआईआईटी में संयुक्त सचिव संजीव ने उद्योग को किसी भी चुनौती को लेकर विभाग के साथ जुड़े रहने को कहा। इन्वेस्ट इंडिया की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निवृत्ति राय ने कहा कि खिलौनों की बढ़ती मांग को देखते हुए देश में निवेश के लिए एक बड़ी बाजार क्षमता है। ।

## केदारनाथ की विधायक शैला रानी रावत का निधन

**देहरादून।** केदारनाथ से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक शैला रानी रावत का मंगलवार देर रात यहां के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया। वह 68 वर्ष की थीं। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।रावत पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में वेंटिलेटर पर थीं। रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रावत ने 2012 में कांग्रेस के टिकट पर केदारनाथ सीट से चुनाव जीतकर पहली बार उत्तराखंड विधानसभा में जगह बनाई थी। हालांकि, 2017 में रावत चुनाव हार गई थीं, लेकिन 2022 में वह भाजपा के टिकट पर एक बार फिर केदारनाथ से विधायक निर्वाचित हुईं।

# मतदान के दौरान उत्तराखंड व पश्चिम बंगाल में छिटपुट हिंसा

**विधानसभा उपचुनाव**

**नई दिल्ली( भाषा )** उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच, सात राज्यों में 13 सीट पर विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को मतदान हुआ। मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक था। लोकसभा चुनाव के बाद, पहली बार हो रही चुनावी प्रक्रिया में कई दिग्गज अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर शामिल हैं।मौजूदा सदस्यों की मृत्यु हो जाने या उनके इस्तीफे के कारण रिक्तियों के चलते ए उपचुनाव हो रहे हैं।उत्तरांखड और पश्चिम बंगाल को छोड़कर, बाकी राज्यों में मतदान शांतिपूर्ण रहा।उत्तराखंड की मंगलौर विधानसभा सीट के एक मतदान केंद्र पर प्रतिद्वंद्वी दलों के समर्थकों के बीच झड़प में चार लोग घायल हो गए।

रुड़की सिविल लाइन कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने



पीटीआई-भाषा को बताया कि मंगलौर के लिब्बरहेड़ी में बूथ संख्या 53-54 पर दो पक्षों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की सूचना मिली थी।कुछ खबरों में दावा किया गया कि मतदान केंद्र पर गोलीबारी भी हुई। हालांकि, पुलिस ने इनका खंडन किया है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाते देखे जा सकते हैं, जिसके कपड़े खून से सने हुए हैं।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर नफरत के बीज बो कर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया। एक अन्य वीडियो में, काजी को अस्पताल में पार्टी के एक घायल कार्यकर्ता को गले लगाते देखा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि मतदान केंद्र पर हिंसा उस समय भड़की, जब कुछ लोग बूथ में घुस गए और लोगों को वोट डालने से रोकने लगे। बूथ में घुसे लोगों ने अपना आधा चेहरा कपड़ों से ढक रखा था।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता यशपाल आर्य और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद सहित कई कांग्रेस नेताओं ने हिंसा की निंदा करते हुए कहा कि उत्तराखंड में ऐसी घटना पहले कभी नहीं हुई।शाम पांच बजे तक मंगलौर में 67.28 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जबकि बद्रीनाथ में 47.68 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। मंगलौर से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक सरवत करीम अंसारी का पिछले साल अक्टूबर में निधन हो जाने के कारण उपचुनाव जरूरी हो गया था। वहीं, बद्रीनाथ में कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के इस साल मार्च में इस्तीफा देने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। पश्चिम बंगाल के बगदाह तथा रानाघाट दक्षिण में हिंसा की छिटपुट घटनाएं होने की सूचना है। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर उसके बूथ एजेंट पर हमला करने तथा उसके उम्मीदवारों को कुछ मतदान केंद्रों पर जाने से रोकने का आरोप लगाया है।रानाघाट दक्षिण तथा बगदाह से भाजपा उम्मीदवार क्रमशः मनोज कुमार बिस्वास और बिनय कुमार बिस्वास ने दावा किया कि उन्हें कुछ बूथ पर नहीं जाने दिया गया। मनोज कुमार बिस्वास ने दावा किया कि कुछ इलाकों में तृणमूल सदस्यों ने भाजपा के कार्यालयों में तोडफोड़ की।मानिकतला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कल्याण चौबे जब एक मतदान केंद्र पर पहुंचे तो तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें देखकर वापस जाओ के नारे लगाए।

## राहुल पर टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक भरत शेट्टी पर मामला दर्ज

**मंगलुरु ( कर्नाटक )** (भाषा) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक भरत शेट्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।मंगलुरु शहर पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि मंगलुरु नगर निगम के कांग्रेस पार्षद के. अनिल द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कवूर थाने में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। कांग्रेस पार्षद ने शिकायत में आरोप लगाया कि विधायक भरत शेट्टी ने राहुल गांधी का नाम लेते हुए एक भड़काऊ बयान दिया था। अग्रवाल ने कहा कि मामले की जांच जारी है। इस बीच, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने राहुल गांधी पर टिप्पणी करने को लेकर भाजपा विधायक शेट्टी पर निशाना साधना जारी रखा। भाजपा विधायक ने रविवार को सुरथकल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कथित तौर पर कहा था कि नेता विपक्ष राहुल गांधी को संसद के अंदर गिरफ्तार कर थप्पड़ मारे जाने चाहिए। विधायक का यह बयान सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो गया और कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बयान को लेकर मीडिया व सोशल मीडिया मंचों पर अपनी नाराजगी व्यक्त की।कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष मंजूनाथ भंडारी ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक पर कटाक्ष किया और पूछा, वे संसद में कैसे प्रवेश करेंगे? क्या वह नेता विपक्ष पर हमला करने के लिए हथियार लेकर जाएंगे? क्या शेट्टी आतंकवादी हैं? उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि भरत शेट्टी कांग्रेस पार्टी के एक आम कार्यकर्ता से सीधे बात भी नहीं कर सकते और राहुल गांधी से भिड़ना तो दूर की बात है।

## भ्रष्टाचार के मामलो में नीरी के पूर्व निदेशक व अन्य वैज्ञानिको के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली ( भाषा )।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विशाल एयर-प्यूरीफायर वायु सहित विभिन्न परियोजनाओं को आवंटित करने और कथित भ्रष्टाचार में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के आरोप में दर्ज तीन प्राथमिकियों के आधार पर सीएसआईआर-नीरी के पूर्व निदेशक राकेश कुमार और संस्थान के चार वैज्ञानिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने बुधवार को महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार और दिल्ली में 17 ठिकानों पर छापे मारे जिनमें अभियोजन योग्य दस्तावेज, संपत्तियों से संबंधित कागज और आभूषण जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि एजेंसी की कार्वाई राष्ट्रीय पर्यावरण आभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) के वैज्ञानिकों - पूर्व निदेशक राकेश कुमार, मुख्य वैज्ञानिक अत्या कपले तथा संजीव कुमार गोयल, प्रधान वैज्ञानिक रितेश विजय तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक सुनील गुलिया के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र तथा भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद की गई।

## हमारे लोको पायलट का मनोबल गिराने के लिए विपक्ष कर रहा है दुष्प्रचार:अश्विनी

**नई दिल्ली** (भाषा)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि लोको पायलट रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं लेकिन विपक्ष उनका मनोबल गिराने के लिए काफी दुष्प्रचार एवं नाटक कर रहा है। वैष्णव ने एक्स पर ट्रेन चालकों की कार्यदशा सुधारने के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, लोको पायलट की ड्यूटी के घंटे पर सावधानीपूर्वक नजर रखी जाती है। यात्राओं (फेरों) के बाद ध्यानपूर्वक उन्हें आराम प्रदान किया जाता है। ड्यूटी के औसत घंटे निर्धारित घंटों (समय सीमा) के अंदर बनाकर रखे जाते हैं। उन्होंने कहा, इस साल जून माह में (ड्यूटी की) औसत अवधि आठ घंटे से कम रही। आकस्मिक परिस्थितियों में यात्रा अवधि निर्धारित घंटों से अधिक हो जाती है। पिछले सप्ताह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोको



पायलट के एक समूह के साथ बैठक की थी। इन लोको पायलट ने कम कर्मियों की वजह से पर्याप्त आराम नहीं मिलने की शिकायत की थी। गांधी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वह संसद में उनके मुद्दे उठाएंगे। वैष्णव के अनुसार ए पायलट लोको कैब से अपना इंजन (लोकोमोटिव) चलाते हैं तथा 2014 से पहले ए कैब बहुत बुरी दशा में थे। उन्होंने कहा, 2014 के बाद आरामदायक सीट के साथ इन कैब में सुधार किया गया। अभी 7000 से अधिक लोको कैब वातानुकूलित हैं। नए इंजन एसी कैब के साथ बनाए जाते हैं। ड्यूटी के बाद सुविधा (केंद्रों) की चर्चा करते हुए रेल मंत्री ने कहा, जब पायलट एक फेरा पूरा कर लेते हैं तब वे मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में आराम करने के लिए रनिंग रूम (एक प्रकार का आराम कक्ष) आते हैं। 2014 से पहले रनिंग रूम बहुत बुरी दशा में थे। अब करीब-करीब सभी (558) रनिंग रूम वातानुकूलित हैं। उन्होंने कहा, कुछ रनिंग रूम में फुट मसाजर (पैरों की मालिश सबंधी) की सुविधा भी प्रदान की जाती है। संयोग से, कांग्रेस ने लोको पायलट की कार्यदशा को समझे बिना ही इसकी आलोचना कर डाली।

## रसोई गैस के फर्जी ग्राहकों की पहचान के लिए ई-केवाईसी सत्यापन: पुरी

**नई दिल्ली। ( भाषा )** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां फर्जी उपभोक्ताओं को हटाने के लिए रसोई गैस ग्राहकों का आधार के जरिए ई-केवाईसी सत्यापन कर रही हैं। आधार की मदद से ई-केवाईसी (ऑनलाइन ग्राहक सत्यापन) की प्रक्रिया उन फर्जी ग्राहकों को अलग करने के लिए की जाती है जिनके नाम पर बुक कराई गई रसोई गैस का इस्तेमाल वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में किया जाता है। परिवारों को 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर 803 रुपए (लगभग 56.5 रुपए प्रति किलोग्राम) की दर से खरीदना पड़ता है जबकि होटल एवं रेस्तरां जैसे



वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक सिलेंडर।,646 रुपए (86.3 रुपए प्रति किलोग्राम) में मिलता है। पुरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, पेट्रोलियम विपणन कंपनियां एलपीजी ग्राहकों के लिए आधार के माध्यम से ईकेवाईसी सत्यापन कर रही हैं, ताकि उन फर्जी ग्राहकों को हटाया जा सके, जिनके नाम पर कुछ गैस वितरक अक्सर वाणिज्यिक सिलेंडर बुक करते हैं। यह प्रक्रिया आठ महीने से अधिक समय से लागू है। उनका यह पोस्ट केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन के जवाब में आया है, जिन्होंने इस निर्णय के चलते आम आदमी को अप्रत्याशित मुश्किल पेश आने की बात कही थी। सतीशन ने पुरी को लिखे एक पत्र में यह मामला उठाया था। उन्होंने पत्र में लिखा था, पता चला है कि केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की वैधता सुनिश्चित करने के लिए गैस कनेक्शन का सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। हालांकि, वैध ग्राहकों की पहचान के लिए सत्यापन अनिवार्य है, लेकिन संबंधित गैस एजेंसियों पर इस प्रक्रिया को पूरा करने के निर्णय से आम एलपीजी धारकों को असुविधा हुई है। इसके जवाब में पुरी ने कहा कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति करने वाला कर्मचारी ग्राहक की पहचान से संबंधित विवरण को सत्यापित करते हैं।

# भारत ने जिंबाब्वे को हरा 2-1 की बढ़त बनाई

## गिल-सुंदर चमके



**भाषा।** हरारे

**कप्तान** शुभमन गिल के अर्धशतक के बाद वाशिंगटन सुंदर के फिरकी के जादू से भारत ने जिंबाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां 23 रन की जीत के साथ पांच मैच की श्रृंखला में 2-। की बढ़त बनाई।भारत के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम ऑफ स्पिनर सुंदर (15 रन पर तीन विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। आवेश खान ने 39 रन देकर दो जबकि खलील अहमद ने 15 रन देकर एक विकेट चटकाया।डियोन मायर्स (49 गेंद में नाबाद 65 रन, सात चौके, एक छक्का) ने करियर का पहला अर्धशतक जड़ा लेकिन जिंबाब्वे को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने जिंबाब्वे की बेहद खराब शुरुआत के बाद क्लाइव मेडांडे (37) के साथ छठे विकेट के लिए 77 और वेलिंगटन मसाकाद्जा (नाबाद 18) के साथ सातवें विकेट के लिए 21 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी भी की। सलामी बल्लेबाज गिल ने इससे पहले 49 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा यशस्वी जायसवाल (36) के साथ पहले विकेट के लिए 67 और रुतुराज गायकवाड़ (49) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने चार विकेट पर 182 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जिंबाब्वे की ओर से कप्तान सिकंदर रजा ने 24 जबकि ब्लेसिंग मुजरबानी ने 25 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही और टीम ने पावर प्ले में तीन विकेट गंवाकर 37 रन बनाए। ताडिवनाशे मरुमानी (13) ने खलील अहमद पर दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन वेस्ली माधेवेरे (01) आवेश की पहली ही गेंद को शॉर्ट कवर पर अभिषेक शर्मा के हाथों में खेल गए। मरुमानी भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील के अगले ओवर में मिड ऑन पर शिवम दुबे को कैच थमा बैठे। आवेश ने ब्रायन बेनेट (04) को रवि बिश्नोई के हाथों कैच कराके जिंबाब्वे का स्कोर चौथे ओवर में तीन विकेट पर 19 रन किया।रजा (15) ने आते ही आवेश पर लगातार दो चौके मारे और फिर बिश्नोई की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। वह हालांकि सुंदर की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप स्क्वायर लेग पर रिंकू सिंह के हाथों लपके गए। सुंदर ने तीन गेंद बाद जॉनाथन कैंपबेल को स्थानापन्न खिलाड़ी रियान पराग के हाथों कैच कराके जिंबाब्वे का स्कोर 39 रन पर पांच विकेट किया। मायर्स ने अभिषेक की गेंद पर दो रन के साथ 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया।मायर्स ने अभिषेक पर तीन चौकों के साथ रन गति में इजाफा किया। मेडांडे ने भी अभिषेक और शिवम दुबे पर चौके जड़े। उन्होंने दुबे पर लगातार दो छक्के भी मारे।जिंबाब्वे को जीत के लिए अंतिम पांच ओवर में 73 रन की दरकार थी। सुंदर ने मेडांडे को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा और साथ ही जिंबाब्वे की उम्मीदों को भी झटका दिया। मेडांडे ने 26 गेंद का सामना करते हुए दो छक्के और इतने ही चौके मारे। मायर्स ने 19वें ओवर में बिश्नोई पर चौके और छक्के के साथ 45 गेंद में करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया लेकिन तब तक भारत की जीत लगभग सुनिश्चित हो चुकी थी।

## संन्यास ले लिया है लेकिन भारत को मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा : छेत्री



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय फुटबॉल के महान खिलाड़ी सुनील छेत्री ने भले ही अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया हो लेकिन वह टीम के साथ जुड़े रहेंगे और उनका कहना है कि वह देश को मुकाम पर पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ट्रॉफी दौरे को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में मौजूद छेत्री ने कहा कि भारत एक दिन ऐसे मुकाम पर पहुंचेगा जिसका देश के लोगों ने सपना देखा है। कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले छेत्री ने कहा, मैंने अपने करियर मे कई उतार चढ़ाव देखे है लेकिन एक चीज बरकरार रहेगी कि एक दिन दिन हम उस स्तर पर पहुंचेंगे जिसका हम सभी ने सपना देखा है। छेत्री इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में खेलना जारी रखेंगे क्योंकि बेंगलुरु एफसी के साथ उनका अनुबंध अगले साल तक है। उन्होंने हालांकि अभी तक फैसला नही किया है कि वह कब तक घरेलू फुटबॉल मे खेलते रहेंगे। छेत्री अगले महीने 40 साल के हो जाएंगे। 2022 में बेंगलुरु एफसी की अगुआई करते हुए डूरंड कप खिताब दिलाने वाले छेत्री ने कहा, मै अब ज्यादा कुछ नही कर सकता हूं क्योंकि मै संन्यास ले चुका हूं लेकिन मै भारत को उस मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। हमे इसके लिए काफी काम करना होगा, लेकिन हम उस मुकाम तक जरूर पहुंचेंगे जहां हम पहुंचना चाहते है। छेत्री के 19 साल लंबे करियर के दौरान भारत एशिया मे शीर्ष 20 मे रहा है लेकिन शीर्ष 10 मे नही पहुंच सका। इस समय भारत एशिया मे 22वे और दुनिया मे 124वे स्थान पर है।

## मेसी ने दागा 109वां गोल, अर्जेंटीना कोपा अमेरिका के फाइनल में पहुंचा



**ईस्ट रदरफोर्ड** (न्यू जर्सी), (एपी) लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल मे प्रवेश किया।अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट मे पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट मे एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल मे भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नही चली।मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचो मे 28 गोल किए है। वह कोपा अमेरिका मे अब तक 14 गोल कर चुके है जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम है। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मे मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज है जिन्होने अभी तक 130 गोल किए है। ईरान के अल देई के नाम 1993 से 2006 तक 108 या 109 गोल दर्ज है। इक्वाडोर के खिलाफ 2000 मे किए गए उनके गोल को लेकर विवाद है क्योंकि इस मैच के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को लेकर मतभेद है।अर्जेंटीना ने यह जीत अपने स्वतंत्रता दिवस पर हासिल की जिससे उसका अजेय अभियान 10 मैच तक पहुंच गया है। अर्जेंटीना रविवार को होने वाले फाइनल में उरुग्वे या कोलंबिया का सामना करके रिकॉर्ड 16वां कोपा खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

## स्पेन यूरो 2024 के फाइनल में, यामल ने बनाया रिकॉर्ड



**म्यूनिख।** (एपी) लैमिन यामल यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए जिसकी मदद से स्पेन ने फ्रांस को 2-। से हराकर यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश किया।फ्रांस ने रैंडल कोलो मुआनी के आठवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के क्रॉस पर हेडर से किए गए गोल के दम पर शुरुआती बढ़त हासिल की लेकिन वह इसका फायदा नही उठा पाया। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके चार मिनट बाद डैनी ओल्मो ने निर्णायक गोल किया।यामल ने मैच के बाद कहा, शुरू में गोल खाने के बाद हम मुश्किल स्थिति मे थे। मैने सिर्फ गेंद पर कब्जा किया और उसे सही तरह से गोल मे डाला। मै बहुत खुश हूं। मै बहुत अधिक नही सोचता हूं। बस अपने खेल का आनंद लेता हूं और टीम की मदद करने की कोशिश करता हूं। मै गोल करके और टीम की जीत से बहुत खुश हूं। स्पेन की निगाह रिकॉर्ड चौथे खिताब पर टिकी है। वह यामल के 17वे जन्मदिन के एक दिन बाद रविवार को बर्लिन मे होने वाले फाइनल मे इंग्लैंड या नीदरलैंड का सामना करेगा।फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा, हम जानते थे कि उनकी टीम बेहतरीन है और उन्होंने इसे साबित भी कर दिया। हमने शुरू मे गोल कर दिया था लेकिन इसके बाद स्पेन ने हमारे लिए चीजो को मुश्किल बना दिया था। स्पेन यूरो 2024 मे सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है। यह एकमात्र टीम है जिसने अपने सभी मैच जीते हैं और 13 गोल किए हैं, जो यूरोपीय चैम्पियनशिप में सबसे अधिक गोल करने के स्पेनिश रिकॉर्ड के बराबर और फ्रांस के 1984 मे बनाए गए रिकॉर्ड से एक गोल कम है। स्पेन के कोच डे ला फुएंते ने इंग्लैड और नीदरलैंड को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि फाइनल पूरी तरह से अलग होगा। यह ऐसे प्रतिद्वंदी के खिलाफ होगा जो हमे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। भले ही यह सुनने मे अच्छा नही लगता हो लेकिन अभी सुधार की गुंजाइश है।

## स्वितोलिना को हराकर रिबाकिना विंबलडन सेमीफाइनल में

**लंदन (एपी)** पूर्व चैंपियन एलेना रिबाकिना ने बुधवार को यहां एलिना स्वितोलिना को सीधे सेट में हराकर विबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2022 की चैंपियन रिबाकिना ने 21वी वरीय स्वितोलिना को क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-2 से हराया। चौथी वरीय रिबाकिना महिला एकल मे बची शीर्ष वरीय खिलाड़ी है। पच्चीस साल की इस खिलाड़ी की ऑल इंग्लैड पर 21 मैच मे यह 19वी जीत है। रिबाकिना सेमीफाइनल में 31वी वरीय बारबरा क्रेसिकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने दो पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन के बीच हुए मुकाबले मे 13वी वरीय एलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग

## सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर बरकरार



**दुबई (भाषा)।** स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जिंबाब्वे में चल रही श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद रुतुराज गायकवाड़ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। सूर्यकुमार 821 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 844 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 797 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (755), मोहम्मद रिजवान (746) और जोस बटलर (716) का नंबर उनके बाद आता है। जिंबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 100 रन की आसान जीत के दौरान 47 गेंद में नाबाद 77 रन की पारी खेलने वाले गायकवाड़ 13 स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 विजेता टीम के अधिकांश सदस्यों को जिंबाब्वे दौरे से आराम दिए जाने के बाद पांच मैच की श्रृंखला में भारत के बैकअप खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और रोहित शर्मा, विराट कोहली तथा रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गजों के इस प्रारूप से संन्यास के बाद टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका मिला है। गायकवाड़ के अलावा रिंकू सिंह और अभिषेक शर्मा की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। टी20 विश्व कप के लिए भारत के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल रिंकू चार स्थान के फायदे से 39वें स्थान पर हैं। उन्होंने दूसरे टी20 में 22 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए। पहले मैच में खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद ऑलराउंडर अभिषेक ने दूसरे मैच में सिर्फ 47 गेंद में 100 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत उन्होंने 75वें स्थान के साथ पहली बार रैंकिंग में जगह बनाई।जिंबाब्वे के ब्रायन बेनेट 25 स्थान के फायदे से 96वें पायदान पर हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ दो मैच में 15 गेंद में 22 और नौ गेंद में 26 रन की पारी खेली।टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की सूची में बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। उनके 644 अंक हैं। भारत के बाएं हाथ के एक अन्य स्पिनर कुलदीप यादव भी तीन स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर खिसक गए। टी20 विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह भी दो स्थान के नुकसान से 14वें पायदान पर हैं।शीर्ष 10 में शामिल गेंदबाजों में एडम जंपा (सातवें), फजलहक फारूकी (आठवें), और महीश तीक्षणा (10वें) की रैंकिंग में सुधार हुआ है।जिंबाब्वे के खिलाफ शुरुआती दो मैच में छह विकेट चटकाने वाले भारत के रवि बिश्नोई आठ स्थान के फायदे से 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जिंबाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी भी आठ स्थान आगे बढ़कर 55वें पायदान पर हैं। भारत के उप कप्तान हार्दिक पंड्या को टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह दूसरे स्थान पर हैं।श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा शीर्ष पर हैं। पहले मैच में 27 रन की पारी खेलने के अलावा दो मैच में तीन विकेट चटकाने वाले भारत के वाशिंगटन सुंदर शीर्ष 50 में शामिल हो गए हैं।ऑलराउंडर की सूची में अक्षर 12वें स्थान पर हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने हितधारकों से भारतीय फुटबॉल के उत्थान के लिए मिलकर काम करने को कहा



**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय फुटबॉल के हितधारकों से देश में खेल के उत्थान के लिए मिलकर काम करने को कहा। उन्होंने सौ साल पुराने डूरंड कप टूर्नामेंट की ट्रॉफी के दौरे को हरी झंडी दिखाई।

एशिया के सबसे पुराने और दुनिया के पांचवें सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट का 133वां सत्र 27 जुलाई से शुरू होगा और यह चार शहरों – कोलकाता, असम में कोकराझार, मेघालय में शिलांग और झारखंड में जमशेदपुर में खेला जाएगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में समारोह के दौरान अपने संबोधन में कहा, फुटबॉल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है। पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी लोगों का मनोरंजन करते हैं। वर्तमान में यूरो 2024 चल रहा है और इसे दुनिया भर में देखा जा रहा है, यह हर जगह खबरों में है। उन्होंने कहा, देश के सभी हितधारकों को भारत में खेल के उत्थान के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों को देश की फुटबॉल परंपरा में डूरंड कप के योगदान की याद दिलाई जिसका नाम इसके संस्थापक सर हेनरी मोर्टिमर डूरंड के नाम पर रखा गया था। सर हेनरी 1884 से 1894 तक भारत के विदेश सचिव रहे। राष्ट्रपति ने 1888 में शिमला में पहली बार आयोजित इस टूर्नामेंट के बारे में कहा, यह भारत का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है और यह 135 साल से भी अधिक पुराना है। उन्होंने कहा, भारत के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने 1950 में डूरंड कप विजेताओं को प्रेसिडेंट्स कप प्रदान किया था। राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा ट्रॉफियों का अनावरण किए जाने के समय प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और नौसेनाध्यक्ष एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।डूरंड कप का आयोजन भारतीय सेना द्वारा तीनों सेनाओं की ओर से और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वावधान में किया जाता है। शिमला में पहले सत्र के आयोजन के बाद टूर्नामेंट 1940 से 2016 तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया। यह टूर्नामेंट 2019 में देश के पूर्वी हिस्से में चला गया जहां कोलकाता इसका मेजबान बना।आगामी टूर्नामेंट का आयोजन 27 जुलाई से 31 अगस्त तक होगा जिसमें 24 टीमें हिस्सा लेंगी जिन्हें छह ग्रुप में बांटा जाएगा। आठ टीमें – ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम और दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट में बांग्लादेश और भूटान की सेना की टीमें भी हिस्सा ले रही हैं। फाइनल कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में होगा। इंडियन सुपर लीग की टीम मोहन बागान सुपर जाइंट टूर्नामेंट की मौजूदा चैंपियन है जिसने टूर्नामेंट के 2023 सत्र के फाइनल में कोलकाता के प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को।-0 से हराया था।

## टी20 विश्व कप में पूजा वस्त्राकर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी:मंधाना

**चेन्नई। (भाषा)** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में किए गए प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला।-। से बराबर की। मंधाना ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, पहले दो मैच में विकेट सपाट था और ऐसे में इस तरह का प्रदर्शन शानदार है। हमें उम्मीद है कि वह (वस्त्राकर) अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगी और विश्व कप में हमारे लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, उसने शानदार गेंदबाजी की। यह लंबी अवधि की श्रृंखला थी और एक गेंदबाज होने के नाते उसने जैसा प्रदर्शन किया उससे मैं हैरान हूं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के अलावा तीन वनडे और एक टेस्ट मैच भी खेला।

## बैडमिंटन टीम के मेंटोर के तौर पर पेरिस ओलंपिक जाएंगे प्रकाश पादुकोण

**नई दिल्ली (भाषा)** ।महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए 15 सदस्ईय भारतीय बैडमिंटन टीम के साथ मेंटोर के तौर पर यात्रा करेंगे। आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय पादुकोण ने 1991 में संन्यास ले लिया था। वहीं बैडमिंटन को ओलंपिक में 1992 बार्सिलोना खेलों में शामिल किया गया था। अपने तीसरे ओलंपिक की तैयारियों में जुटी पीवी सिंधू ने पादुकोण को पेरिस ओलंपिक से पहले अपना मेंटोर बनाने की घोषणा की थी। लक्ष्य सेन भी प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) से ही आए हैं। इसकी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, बैडमिंटन दल में सात खिलाड़ी और आठ सहयोगी स्टाफ शामिल हैं जिसमें कोच और फिजियो शामिल हैं। उन्होंने कहा, पुलेला गोपीचंद, आरएमवी गुरुसाईदत्त, ऑगस सांटोसा, विमल कुमार और माथियास बो पेरिस जाने वाले कोच हैं जबकि प्रकाश पादुकोण मेंटोर हैं। जिनिया समर और किरण चलागुंडला टीम में दो फिजियो होंगे।

### गंभीर के वेतन के करार पर अभी हस्ताक्षर नहीं

## पहली बड़ी परीक्षा होगी आस्ट्रेलिया में

**नई दिल्ली( भाषा )।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर गौतम गंभीर की नियुक्ति की वित्तीय औपचारिकताएं अभी पूरी की जानी बाकी हैं लेकिन इस समय उनके लिए सबसे अहम चीज तीन साल के कार्यकाल के दौरान आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने के मद्देनजर पसंदीदा सहयोगी स्टाफ रखना है। मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने आधिकारिक रूप से गंभीर की नियुक्ति की घोषणा की जिसका लंबे समय से पूर्वानुमान लगाया जा रहा था। हालांकि पता चला है कि उनका वेतन अभी तय किया जाना बाकी है, हालांकि यह उनके पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ और रवि शास्त्री के समान होने की उम्मीद है।बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, गौतम के लिए जिम्मेदारी संभालना ज्यादा महत्वपूर्ण था, वेतन और अन्य चीजों पर काम किया जा सकता है। यह 2014 में रवि शास्त्री जैसा मामला ही है जिसमें उन्हें पहली बार मुख्य कोच डंकन फ्लेचर की जगह क्रिकेट निदेशक बनाया गया था। उन्होंने कहा, जिस दिन रवि जुड़े थे, उनका तो अनुबंध भी नहीं था और चीजें बाद में पूरी की गईं। गौतम के मामले में भी, कुछ बारिकियों पर काम जारी है। उनका वेतन राहुल द्रविड़ के समान ही होगा। पता चला है कि गंभीर को काम करने के लिए अपनी टीम मिलेगी जो एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) के कोचों के साथ मिलकर काम करेंगे।

## ईएफआई ने पेरिस ओलंपिक के लिए अनुष की प्रविष्टि भेजी, 21 जून को एजीएम की तैयारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने पेरिस ओलंपिक मे हिस्सा लेने के लिए आधिकारिक तौर पर राइडर अनुष अग्रवाला की प्रविष्टि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को भेजी है। पेरिस ओलंपिक मे जगह बनाने की एक अन्य दावेदार श्रुति वोरा ने चयन पात्रता को अदालत मे चुनौती दी थी लेकिन अदालत ने इसे सही ठहराया जिसके बाद अनुष का नाम आईओए को भेजा गया। महासंघ अपनी पहली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की भी तैयारी कर रहा है। अदालत द्वारा बहाल की गई कार्यकारी परिषद के कुछ सदस्यो ने हालांकि 21 जुलाई हो होने वाली बैठक को लेकर आशंका जताई है। कार्यकारी परिषद के सदस्यो की बैठक शुक्रवार को होनी है। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के लिए परिषद को बहाल करने के आदेश के बाद यह पहली बैठक होगी। कार्यकारी परिषद के एक सदस्य ने कहा, ईएफआई ने अदालत द्वारा अनुष के पक्ष मे फैसला सुनाए जाने के बाद उनके नाम की प्रविष्टि भेजी है।

### पैरा निशानेबाज रुबिना, स्वरूप ने वाइल्डकार्ड नियम से ओलंपिक कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली**(भाषा) भारतीय पैरा निशानेबाज रुबिना फ्रांसिस और स्वरूप उन्हाल्कर ने बुधवार को वाइल्डकार्ड (बाईपारटाइट नियम) के अंतर्गत पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल किया जिससे इन खेलो मे पैरा निशानेबाजो की संख्या 10 हो गई। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने रुबिना (महिलाओ की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और स्वरूप (पुरुषो की 10 मीटर एयर राइफल एचएच1) के लिए वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह किया था। पिछले साल हांग्झोउ एशियाड खेलो की कांस्य पदक विजेता और विश्व रैंकिंग मे दूसरे नंबर पर काबिज रुबिना और स्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओ मे निरंतर प्रदर्शन करते रहे है जिससे पीसीआई ने वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह करने का फैसला किया।

## भारतीय क्रिकेट को सुनहरे दिन देने वाले गावस्कर हुए 75 वर्ष के



**नई दिल्ली** (भाषा)। अपने जमाने में दुनिया के कुछ सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों का सामना करने वाले दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर बुधवार को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। आज के युवा क्रिकेट प्रेमियों के लिए गावस्कर जैसे दिग्गज की महानता को सही मायने में समझना बहुत मुश्किल है क्योंकि वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसी ताबड़तोड़ लीग को देखते हुए बड़े हुए हैं। पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने महान खिलाड़ी गावस्कर की छवि उनके दिमाग में इतनी विशाल नहीं है। दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से कुछ का सामना करने वाले गावस्कर के लिए समकालीन खिलाड़ियों की नजरों में उनकी महानता जस की तस है जो दाएं हाथ के इस महान खिलाड़ी की महानता को बयां करते थकते नहीं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज चंदू बोर्डे ने कहा, गावस्कर ने मेरे संन्यास के दो साल बाद अपना पदार्पण किया था। लेकिन (दिवंगत) अजीत वाडेकर ने मुंबई के इस प्रतिभाशाली लड़के के बारे में बताया था जो भारत के लिए काफी रन बना सकता था। क्या उन्होंने काफी रन नहीं बनाए? तो गावस्कर ने 1971 में अपनी पहली ही श्रृंखला में वेस्टइंडज के उन खतरनाक गेंदबाजों का सामना किस तरह किया? इस पर बोर्डे ने कहा, यह उनकी एकाग्रता और मजबूत तकनीक थी। मैंने उससे बेहतर स्टांस नहीं देखा और वह गेंद को इतनी बारीकी से देखता था। निश्चित रूप से वह ज्यादातर शॉट्स खेल सकता था लेकिन उसने इनका समझदारी से इस्तेमाल किया। वह बहुत ही व्यावहारिक बल्लेबाज था, वह जानता था कि कब क्या करना है। गावस्कर ने उस श्रृंखला में 774 रन बनाए थे जिससे भारत वेस्टइंडीज पर।-0 से फतह हासिल कर सका। गावस्कर की एंडी रॉबर्ट्स, माइकल होल्डिंग, मैलकम मार्शल और इमरान खान जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ महारत सभी को याद है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी के एक चर्चित पहलू पर काफी कम चर्चा होती है, वो उनका स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करना है। गावस्कर ने एक बार कहा था कि उन्हें सबसे ज्यादा इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड का सामना करने में मुश्किल हुई थी। उन्होंने अपनी पीढ़ी के चतुर स्पिनरों पाकिस्तान के अब्दुर कादिर और तौसीफ अहमद तथा इंग्लैंड के जॉन एम्बुरे का डटकर सामना किया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा (उ.प्र.)-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।